सूर्योदय : 5:23
सूर्यास्त : 6:42
अधिकतम तापमान : 32.7
न्यूनतम : 22.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-316 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 08 मई 2026
20 ज़िक़ादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# बिहार की सियासत में बदला 'पावर गेम'

## डिप्टी सीएम की कुर्सी के बाद अब विजय सिन्हा के पोर्टफोलियो में कटौती

■ मंत्रिमंडल विस्तार से कई अटकलों पर लगा विराम

**पटना।** बिहार की राजनीति में पावर गेम और विभागों के फेरबदल ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता विजय कुमार सिन्हा को लेकर हो रहे हालिया बदलावों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कभी नीतीश सरकार में उपमुख्यमंत्री के तौर पर दबदबा रखने वाले विजय कुमार सिन्हा के पोर्टफोलियो में कटौती को सत्ता के भीतर बदलसे समीकरणों के तौर पर देखा जा रहा है।

विजय कुमार सिन्हा का सफर पिछले कुछ समय में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एनडीए सरकार के पिछले स्वरूप में वे न केवल उपमुख्यमंत्री थे, बल्कि उनके पास भूमि एवं राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी भी थी। लेकिन नई व्यवस्था और मंत्रिमंडल के पुनर्गठन के बाद उनसे उपमुख्यमंत्री का पद छिन गया। राजनीति के जानकारों का मानना था कि शायद उन्हें किसी बेहद प्रभावशाली विभाग के जरिए कॉम्पन्सेट किया जाएगा, लेकिन ताजा घटनाक्रम ने इन अटकलों पर विराम लगा दिया है।

कैबिनेट विस्तार और विभागों के बंटवारे में विजय कुमार सिन्हा से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग भी वापस ले लिया गया है। बिहार जैसे राज्य में यह विभाग सीधा जनता से जुड़ा और बेहद रसूख वाला माना जाता है। इस विभाक का उनके हाथ के निकलना उनके राजनीतिक कद के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। अब उनके पास तुलनात्मक रूप से कम ग्लैमरस विभाग रह गया है।

इस बदलाव के पीछे कई रणनीतिक कारण हो सकते हैं। पार्टी की नई रणनीति के तहत बीजेपी शायद नए चेहरों को आगे बढ़ाने या जातीय समीकरणों को नए सिरे से साधने की कोशिश कर रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अक्सर गठबंधन सरकारों में विभागों का फेरबदल आपसी तालमेल बिठाने के लिए किया जाता है। फिलहाल विजय कुमार सिन्हा के समर्थकों के बीच इस बात को लेकर मायूसी है, लेकिन बिहार की राजनीति में इसे सम्राट युग के बढ़ते प्रभाव और पुराने दिग्गजों के धीरे-धीरे नेपथ्य में जाने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### भाजपा कोटे से 15 मंत्री बनाए गए

बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा में 89 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और अब उसके मंत्रियों की संख्या 15 हो गई है। मंत्रिमंडल में शामिल अधिकांश नेता वे हैं जो पिछले वर्ष नवंबर में राजग की सत्ता में वापसी के बाद बनी नीतीश कुमार सरकार में मंत्री रह चुके थे।

### निशांत की एंट्री, मंगल पांडेय के 'ड्रॉप' ने बदली तस्वीर

**पटना।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाली पहली सरकार का बड़ा मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार और 31 अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। मंत्रिपरिषद के गठन के साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के जनमानस को चौंका डाला। बिहार की सियासी राजनीति में निशांत कुमार की मंत्रिपरिषद में एंट्री एक चौंकाने वाली घटना है। जिस निशांत कुमार ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पद का त्याग कर बिहार की जनता की जरूरतों को समझना जरूरी समझा। जिस निशांत कुमार ने अपने पिता नीतीश की समझ से बिहार की समस्याओं को समझना जरूरी समझा वह अचानक से मंत्री पद स्वीकार करता है। और इस खेल में राजनीति के चाणक्य नीतीश कुमार शामिल हो तो यह गेम सिर्फ मंत्री वाला तो नहीं है। निशांत कुमार का मंत्रिमंडल में शामिल होना उतना चौंकाने वाला नहीं था जितना कि मंगल पांडेय का ड्रॉप होना। और उस मंगल पांडेय को जो पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीत के नायक रहे। चर्चा तो है कि यह ड्रॉप आउट नहीं बल्कि मंगल पांडेय को कुछ बड़ा होने के आधार हैं।

## राहुल गांधी पर आय से अधिक संपत्ति का मामला, 12 को सुनवाई



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति मामले में दायर याचिका की पत्रावली( फाइल) को सील करने और उसे सुरक्षित अभिरक्षा में रखने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की दलीलों को विस्तार से सुनने के बाद, हमें यह उचित लगता है कि इस पेपर-बुक को इस न्यायालय के वरिष्ठ रजिस्ट्रार की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाए और इसे विधिवत सील कर दिया जाए। कहा कि अगली सुनवाई की तारीख को इस न्यायालय के बेंच सचिव द्वारा सील खोली जाएगी। इस फाइल को चैंबर में ही सील कर दिया जाएगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 मई को दोपहर 2.15 बजे चैंबर में करने का आदेश दिया।

# ममता बनर्जी नहीं रहीं मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल विधानसभा भंग

■ विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के बाद राज्यपाल ने कैबिनेट को भंग किया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल खत्म होते ही राज्यपाल ने पूरी कैबिनेट को भंग कर दिया और इसके साथ ही ममता बनर्जी अब मुख्यमंत्री नहीं रहीं। गुरुवार को राज्यपाल आर.एन. रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। कोलकाता गजट में प्रकाशित इस नोटिफिकेशन के बाद ममता बनर्जी की सरकार संवैधानिक रूप से खत्म हो गई।

राज्यपाल ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(बी) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह फैसला लिया। नोटिफिकेशन पर मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला के हस्ताक्षर हैं। विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के साथ ही 15 साल पुराना तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासन भी खत्म हो गया। इससे पहले ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था, जिसके चलते सियासी खींचतान जारी थी। इसके बावजूद राज्यपाल ने संवैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए कैबिनेट और विधानसभा को भंग कर दिया।

### तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकीं हैं ममता

ममता बनर्जी 2011 से लगातार सत्ता में थीं और तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। उनका कार्यकाल विवादों, हिंसा और विकास योजनाओं के मिश्रण के लिए जाना जाता है। अब सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य में नई सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

# भारत की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता

■ ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। पीएम मोदी ने कहा, 'एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है।'

प्रधानमंत्री ने कहा. 'ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया। इसने हमारे सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता, तैयारी और समन्वित शक्ति को भी उजागर किया। साथ ही, इसने हमारे बलों के बीच बढ़ती संयुक्तता को प्रदर्शित किया और यह रेखांकित किया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी मजबूती प्रदान की है।' उन्होंने कहा कि आज एक वर्ष बाद भी भारत आतंकवाद को पराजित करने और उसके समर्थक तंत्र को नष्ट करने के अपने संकल्प पर पहले की तरह अडिग हैं।

### आतंकवादियों का कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : सेना

**जयपुर।** सेना ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में ध्वस्त किए गए आतंकी ठिकानों को अब पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में ले जाया जा रहा है, लेकिन उन्हें अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि वे बेशक कहीं भी छिप जाएं वहां सुरक्षित नहीं हैं। वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद ने सैन्य इतिहास के सफल और सबसे अधिक बहुचर्चित अभियान की पहली वर्षगांठ पर पिछले एक वर्ष के परिदृश्य पर गुरुवार को यहां सेनाओं का दृष्टिकोण रखा।

# जनता ने चुना विकास, सुरक्षा और सुशासन

■ पांच राज्यों के चुनाव नतीजों ने राष्ट्रवाद की राजनीति को दी मजबूती : सीएम योगी

**सहारनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के चुनाव नतीजों ने राष्ट्रवाद की राजनीति को मजबूती दी है। देवबंद में आयोजित एक भव्य समारोह में योगी ने 2131 करोड़ रुपये की लागत वाली 325 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।



मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की नई पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होने जनता से अपील की कि प्रदेश में बने विकास, सुरक्षा और सुशासन के माहौल को बनाए रखने के लिए आगामी चुनावों में भाजपा के जनप्रतिनिधियों को समर्थन दें।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बिना भेदभाव के सुशासन प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा से इतर कई राजनीतिक दल जातिवाद और परिवारवाद को बढ़ावा देते हैं तथा राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति की अनदेखी करते हैं। उन्होंने हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के नतीजों ने राष्ट्रवाद की राजनीति को मजबूती दी है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पूर्व स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2013-14 और 2015-16 के दौरान क्षेत्र दंगे, कर्फ्यू और पलायन जैसी समस्याओं से जूझ रहा था, जबकि आज यहां शांति, विकास, निवेश, व्यापारिक सुरक्षा और शिक्षा-स्वास्थ्य का वातावरण बना है।

### विकास की नई पहचान बन रहा सहारनपुर

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के वुड कार्विंग उद्योग की सराहना करते हुए कहा कि इस उद्योग ने अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर में दिल्ली-देहरादून छह लेन एक्सप्रेस-वे, मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सरसावा एयरपोर्ट, बेहट स्पोर्ट्स कॉलेज तथा शाकुंभरी देवी मंदिर कॉरिडोर जैसी कई बड़ी परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। देवबंद का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय यह क्षेत्र फतवों के लिए चर्चा में रहता था, लेकिन अब विकास की नई पहचान बन रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पिछड़ों और वंचितों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है तथा प्रदेश 'तुष्टिकरण' नहीं बल्कि 'संतुष्टिकरण' के मार्ग पर चल रहा है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों और तबादलों में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है तथा भ्रष्टाचार और भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब माफिया, गुंडागर्दी और कर्फ्यू से मुक्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों का शोषण और व्यापारियों का अपहरण अब अतीत की बात हो चुकी है। उन्होंने राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए।

## यूपी-बंगाल के बीच रफ्तार : वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेसवे को मिली हरी झंडी

■ पर्यावरण मंत्रालय की समिति ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने वाराणसी और कोलकाता को जोड़ने के लिए 235 किलोमीटर लंबे 'ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे' बनाने की पर्यावरण मंजूरी देने की सिफारिश की है। इस योजना के पश्चिम बंगाल में 103 हेक्टेयर से अधिक आरक्षित और संरक्षित वन क्षेत्र के भू उपयोग में बदलाव करने की जरूरत होगी। एनएचएआई की परियोजना का एक हिस्सा बाघों के प्राकृतिक आवास से होकर गुजरेगा।

इसमें चार से छह लेन के एक्सप्रेसवे का निर्माण शामिल है और जिसकी लागत 9,250 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के विवरण पर विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) की 444वीं बैठक में चर्चा की गई, जो 23 अप्रैल और 24 अप्रैल के बीच हुई थी। बैठक विवरण के मुताबिक यह परियोजना पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा जिलों से होकर गुजरेगी और इसके लिए गैर-वन क्षेत्रों में 40,000 पेड़ों और वन क्षेत्रों में 10,000 पेड़ों की कटाई की आवश्यकता होगी। प्रस्तावित परियोजना से 7.75 किलोमीटर की दूरी पर जंगल महल हाथी गलियारा भी स्थित है।

# ममता बनर्जी से मिलने कोलकाता पहुंचे अखिलेश यादव

■ कहा- दीदी, आप हारी नहीं

**कोलकाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार को पश्चिम बंगाल पहुंचे और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। इस भेंट के दौरान अखिलेश ने ममता को 'दीदी' कहकर संबोधित करते हुए कहा कि वे हारी नहीं हैं। मुलाकात के समय तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी भी मौजूद रहे। अभिषेक ने अखिलेश यादव का गले मिलकर स्वागत किया।

एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में जो कुछ हुआ है, वह लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है। बीजेपी ने लोकतंत्र को जितना नुकसान पहुंचाया है, उतना शायद ही किसी ने पहले किया हो। अखिलेश ने आगे कहा कि बीजेपी की आंखों में दीदी इसलिए खटकती हैं क्योंकि वे आधी आबादी की आवाज हैं। भाजपा सामंती और पुरुषप्रधान सोच वाली पार्टी है, जो महिलाओं को आगे बढ़ते नहीं देख सकती।



उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग समेत सभी संस्थाओं ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। अखिलेश ने उत्तर प्रदेश के उपचुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भी जबरन वोट रोके गए, और बंगाल में भी मतदान दबाव में हुआ।

इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने भारी जीत दर्ज की है। पार्टी ने 207 सीटों पर कब्जा जमाया, जबकि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों तक सीमित रह गई। नतीजों के बाद ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया। चुनाव नतीजों के बाद बंगाल में हिंसा की घटनाएं भी सामने आई हैं। अखिलेश यादव की इस यात्रा को विपक्षी एकजुटता का संदेश माना जा रहा है।

## बुनियादी बदलाव : स्कूली शिक्षा में बड़े सुधार की तैयारी में नीति आयोग

■ गुणवत्ता के लिए राज्यों को दीं 13 अहम सिफारिशें

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने देश में स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कार्यबल गठित करने की वकालत की है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणालीः समयगत विश्लेषण एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नीति ढांचा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए 13 सिफारिशें दी हैं।

पांच शैक्षणिक सिफारिशों में शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन एवं सीखने में बुनियादी बदलाव, समग्र शिक्षा एवं छात्र कल्याण पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल एकीकरण की पुनर्कल्पना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूत करना और शैक्षणिक नवाचार में एआई का एकीकरण शामिल हैं। आठ प्रणालीगत सिफारिशों में समग्र विद्यालयों एवं युक्तिकरण के माध्यम से विद्यालय संरचना में सुधार करना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, शासन सुधार एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण करना, विद्यालय की गुणवत्ता पर राज्य व जिला स्तर पर कार्यबलों के जरिये 'समाज के समग्र दृष्टिकोण' को संस्थागत रूप देना तथा स्कूल प्रबंधन समितियों को सशक्त करना शामिल है।

उम्मीद

## ट्रंप ने युद्ध 'जल्द' खत्म होने का जताया अनुमान

# अमरीकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है ईरान

**वॉशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युद्ध समाप्त करने संबंधी अमरीकी प्रस्ताव अभी 'समीक्षाधीन' है और ईरान अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई है।

ट्रंप ने जॉर्जिया में रिपब्लिकन समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, 'पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना है। मुझे लगता है कि हम जीत गए।' उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उनके प्रयासों के कारण यदि अमेरिकियों को ईंधन कीमतों जैसी अल्पकालिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो वह अस्थायी होगा। अमरीकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ईरान के साथ 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के करीब पहुंच सकता है, जो आगे परमाणु वार्ता के लिए रूपरेखा का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे युद्धविराम लागू हो सके और 30 दिनों के भीतर परमाणु मुद्दे, ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता जैसे विवादित मुद्दों पर समाधान निकाला जा सके। ट्रंप ने पीबीएस न्यूज से कहा कि किसी भी समझौते के तहत ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका भेजना होगा और भूमिगत परमाणु सुविधाएं बंद करनी होंगी।



दूसरी ओर, ईरान में इस प्रस्ताव को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। ईरानी संसद के एक वरिष्ठ सदस्य ने प्रस्ताव को 'अमरीका की इच्छाओं की सूची' बताया, जबकि एक अन्य अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका आवश्यक रियायतें नहीं देता है तो ईरान 'कठोर जवाब' देगा जिससे अमेरिका को पछतावा होगा। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा, 'अमेरिका युद्ध में वह हासिल नहीं कर पाएगा जो वह प्रत्यक्ष वार्ता में नहीं पा सका।' उन्होंने कहा कि ईरान 'पूरी तरह तैयार' है।

दूसरी ओर ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर चेतावनी दी कि यदि ईरान समझौता अस्वीकार करता है तो 'बमबारी फिर शुरू होगी और पहले से कहीं अधिक तीव्र होगी।' इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर बातचीत की प्रगति की जानकारी ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह ईरान और अमरीका के बीच संभावित समझौते के संकेतों का स्वागत करता है।

### ट्रंप बोले, ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है

**वॉशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि युद्ध समाप्त करने को लेकर ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है। ट्रंप ने बुधवार देर रात को कहा कि पिछले 24 घंटों में अमरीका की ईरान के साथ उस युद्ध को खत्म करने को लेकर बहुत अच्छी बातचीत हुई है, जो दो महीने से ज़्यादा समय से चल रहा है। उन्होंने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ईरान किसी भी कीमत पर समझौता करना चाहता है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, 'वे समझौता करना चाहते हैं। पिछले 24 घंटों में हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई है और यह पूरी तरह मुमकिन है कि हम कोई समझौता कर लें।' ट्रंप ने कहा कि अगर अमेरिका अभी ईरान को छोड़ देता है, तो देश को फिर से खड़ा होने में 20 साल लग जाएँगे।

# माकपा, भाकपा, कांग्रेस ने टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने का किया आह्वान

■ जनता ने टीवीके को 108 विधायकों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में चुना



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के बाद राजनीतिक दांव पेंच शुरू हो गया है और अभिनेता विजय सी. जोसेफ की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के पास सबसे अधिक सीटें होने के बावजूद सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किए जाने पर विभिन्न पार्टियों ने आक्रोश जताते हुए टीवीके को तत्काल सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने का आह्वान किया है। माकपा की तमिलनाडु प्रदेश समिति ने राज्यपाल से टीवीके के प्रमुख विजय को बिना किसी देरी के सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने की मांग की है।

माकपा के प्रदेश सचिव पी. षणमुगम की ओर से गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में किसी भी दल या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। जनता ने हालांकि टीवीके को 108 विधायकों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में चुना है। सबसे बड़े दल के आधार पर केवल टीवीके नेता विजय ने ही सरकार बनाने का दावा पेश किया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राज्यपाल के माध्यम से संवैधानिक मानदंडों के विरुद्ध कार्य कर रही है। सबसे बड़ी पार्टी के नेता को शपथ के लिए आमंत्रित न करना और इसमें देरी करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। माकपा ने कहा कि चूंकि कोई अन्य दल सरकार बनाने का दावा पेश नहीं कर रहा है, इसलिए राज्यपाल को संवैधानिक परंपराओं का पालन करते हुए सबसे बड़े दल के नेता को तत्काल शपथ ग्रहण के लिए बुलाना चाहिए।



# खीरी में 'स्व-गणना' का शंखनादः डीएम-सीडीओ से लेकर विधायकों तक ने मोबाइल से भरा ऑनलाइन प्रपत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** देश की पहली डिजिटल जनगणना की दिशा में लखीमपुर खीरी जिले ने जोरदार शुरुआत कर दी है। सात मई से शुरू हुए 'स्व-गणना' अभियान में जनप्रतिनिधियों, अफसरों और कर्मचारियों ने खुद आगे आकर ऑनलाइन प्रपत्र भरते हुए आमजन को भी इस राष्ट्रीय महाभियान से जुड़ने का संदेश दिया कलेक्ट्रेट से लेकर गांव की चौपाल तक 'अपनी जनगणना, खुद करें' का संदेश गूंजता रहा। डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम (न्यायिक) समेत विधायक योगेश वर्मा, लोकेंद्र प्रताप सिंह और सौरभ सिंह सोनू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मोबाइल के जरिए अपना स्व-गणना प्रपत्र भरकर अभियान का शुभारंभ किया जिलेभर में जागरूकता का माहौल नजर आया। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में रैलियां निकाली गईं। बच्चों ने स्लोगन, पोस्टर और प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को डिजिटल जनगणना के प्रति जागरूक किया। प्रशासन ने इसे ÷जनभागीदारी से जनगणना÷ का स्वरूप देने की रणनीति बनाई है।डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सात मई से शुरू हुआ स्व-गणना चरण नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इंटरनेट के माध्यम से पोर्टल पर जाकर सही और प्रमाणिक आंकड़े भरें। डीएम ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की बुनियाद है। सही डेटा से ही सरकार की नीतियां और योजनाएं धरातल पर प्रभावी बनती हैं।सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्व-गणना पोर्टल पर अपनी गणना दर्ज की और जनपदवासियों से समय से अपनी जानकारी भरने की अपील की। कहा कि सटीक आंकड़ों से ही विकास योजनाएं अधिक प्रभावी बन सकेंगी, इसलिए सभी लोग अभियान में सक्रिय भागीदारी करें।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में नागरिकों को मकान गणना एवं सूचीकरण करना होगा। पोर्टल पर मकान और सुविधाओं से जुड़े 34 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनका उत्तर देकर कोई भी व्यक्ति अपनी स्व-गणना पूरी कर सकता है। फाइनल सबमिट के बाद एक यूनिक आईडी जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। 22 मई से 22 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर विवरण का सत्यापन करेंगे। नागरिक अपनी जनरेटेड आईडी दिखाकर डाटा की पुष्टि करा सकेंगे। एडीएम ने जनपदवासियों से 15 दिवसीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की।

## ट्रक और ऑटो के बीच हुई भीषण टक्कर, ऑटो सवार तीन लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** खमरिया क्षेत्र में शारदा नदी पर बने ऐरा पुल पर बृहस्पतिवार शाम ट्रक और ऑटो के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी हादसा शाम करीब सवा चार बजे हुआ। मृतकों में सीतापुर के लहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खनियापुर की निवासी रामदेवी 42 वर्ष पत्नी सुशील कुमार, खीरी के धौरहरा थाना क्षेत्र के ग्राम महाराजनगर की निवासी जाहिरा 32 वर्ष पत्नी मैनुद्दीन और एक अज्ञात व्यक्ति 55 वर्ष शामिल हैं। घायलों में ऐश्वर्य अवस्थी, शर्मा देवी, अख्तर अली, छोटू और खलीकुन शामिल हैं। इन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल नकहा भेजा गया है पुलिस ने दुर्घटना के तुरंत बाद कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक छुटकन्ने को हिरासत में ले लिया है। वह सीतापुर के लहरपुर थाना क्षेत्र के मरसन्डा गांव का निवासी है।

## एक ही भूमि को कई बैंकों में बंधक रखकर लाखों रुपये का ऋण लेने का मामला आया सामने

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ तहसील क्षेत्र में एक ही भूमि को कई बैंकों में बंधक रखकर लाखों रुपये का ऋण लेने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण को लेकर शिकायतकर्ता राज कुमार अवस्थी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता मिल कालोनी निवासी राज कुमार अवस्थी ने बताया कि ग्राम भदेड़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत की है। आरोप लगाया है कि एक ही गाटा संख्या की 3.345 हेक्टेयर भूमि को अलग-अलग समय पर विभिन्न बैंकों में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया। आरोप है कि 7 मार्च 2018 को एक्सिस बैंक शाखा गोला से 8.50 लाख रुपये, 9 अगस्त 2019 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोला से 4.08 लाख रुपये और 27 जून 2020 को साधन सहकारी समिति भदेड विकास खंड बिजुआ से 4.85 लाख रुपये का ऋण लिया गया शिकायतकर्ता का कहना है कि एक ही भूमि को बार बार बंधक बनाकर ऋण लेना नियमों के विरुद्ध है और इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त भूमि में विक्रय भी शिकायतकर्ता राज कुमार अवस्थी के नाम किया जा चुका है जिससे मामला और जटिल हो गया है।

## 4 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 04 वारण्टियों 1 माया राम पुत्र दुजई निवासी ग्राम इच्छारामपुरवा मजरा गौरा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी 2.सेवकराम पुत्र बाबू उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम नरहर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी 3.रोजअली उर्फ करहा पुत्र दीना उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम नरहर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी 4.बालगोविन्द पुत्र बदलू निवासी ग्राम सैदापुर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में भी माननीय न्यायालय द्वारा सम्मन जारी होने पर अभियुक्तों द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित न होने के पश्चात वारण्टी जारी किया गया था। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## गली से बाइक निकालने को लेकर हुए विवाद ने लिया खूनी रूप, मारपीट में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के मोहल्ला सलामत नगर भट्ठा में गली से बाइक निकालने को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मारपीट में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से एक दिन पहले दूसरे पक्ष ने मृतक के पुत्रों समेत चार लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुजुर्ग की मौत होने की सूचना पर गोला के क्षेत्राधिकारी सीओ रमेश चंद तिवारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया गांव सलामत नगर भट्ठा निवासी नौशाद ने बताया कि छह मई को दोपहर बाद करीब तीन बजे उनके पिता मौलाना चांद, छाजू राम कॉलेज के पास टहल रहे थे। तभी गली में बाइक निकालने को लेकर उनके छोटे भाई शादाब अली से बाबू, शाहरुख, रेहान, गामा और अफसाना पत्नी बाबू की कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद सभी ने मिलकर मौलाना चांद को लाठी-डंडों व लात-घूंसों से पीट दिया। गंभीर अंदरूनी चोटें लगने पर परिजन उन्हें आयुष्मान हॉस्पिटल ले गए, जहां बृहस्पतिवार सुबह करीब तीन बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई छह मई को दूसरे पक्ष के बाबू की तहरीर पर मृतक के पुत्रों साजिद, लूका, नौशाद व नूर खां के खिलाफ भीरा थाने में मारपीट का मामला दर्ज किया गया था।

## स्व-गणना कर जनगणना में निभाएं अपनी सक्रिय सहभागिताः जिलाधिकारी



**कानपुर।** प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती रश्मि सिंह ने आज सिविल लाइन स्थित जिलाधिकारी आवास पर स्व-गणना कर जनपदवासियों से जनगणना में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक पहले से स्व-गणना कर लेंगे तो प्रगणकों को गणना कार्य में काफी सुविधा होगी तथा प्रक्रिया अधिक सरल और त्वरित हो जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में स्व-गणना का चरण 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसके उपरांत 22 मई से 20 जून 2026 के बीच प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन एवं गणना का कार्य किया जाएगा। नागरिक स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से जनगणना पोर्टल पर जाकर स्व-गणना कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि स्व-गणना के लिए नागरिकों को जनगणना पोर्टल

https://se.census.gov.in

पर जाकर अपने राज्य का चयन कर पंजीकरण करना होगा।

परिवार के मुखिया का नाम एवं 10 अंकों का मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। एक मोबाइल नंबर से केवल एक परिवार का ही पंजीकरण किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति देश में कहीं से भी अपने अथवा अपने परिवार की स्व-गणना कर सकता है। पंजीकरण के बाद नागरिकों को अपनी लोकेशन चयनित करनी होगी तथा मकान एवं परिवार से संबंधित सामान्य जानकारी देनी होगी। इसमें मकान का प्रकार, फर्श एवं छत की स्थिति, शौचालय एवं स्नानघर की सुविधा, गैस कनेक्शन, मोबाइल, इंटरनेट, वाहन, दुपहिया वाहन, रेडियो, केबल एवं इंटरनेट कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। सभी जानकारी सही रूप से भरने के बाद आवेदन सबमिट हो जाएगा तथा नागरिकों को 11 अंकों की सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी, जो "H" अक्षर से प्रारंभ होगी।

## कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने मरियमपुर जॉन 6 में की बैठक



**कानपुर।** बृहस्पतिवार को निजीकरण को लेकर जोनल ऑफिस जोन–6 मारियामपुर में निजीकरण को लेकर बैठक किया गया । जिसमें मार्ग प्रकाश, सफाई कर्मचारी एवं अभियंत्रण एवं उद्यान के कर्मचारी भारी संख्या में शामिल होकर निजीकरण के खिलाफ नारेबाजी कर टेंडर को निरस्त करने की मांग किया और 14 मई 2026 को मोतीझील मुख्यालय में बिशाल आमसभा में पहुंचने का आवाहन किया। कर्मचारी नेताओं ने पंपलेट भी बांटा जिसमें 11 मई से 13 मई तक काला फीता बांध कर विरोध कर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करना है ताकि आम सभा में ज्यादा कर्मचारी पहुंचे। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि संघर्ष समिति के माध्यम से कानपुर के सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर प्रकरण में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया और पत्र में कहा कि निजीकरण टेंडर सरकार शासन के मंशा के अनुरूप नहीं है क्यों कि मुख्यमंत्री जी आउटसोर्स सेवा निगम बोर्ड का गठन कर कर्मचारियों को वेतन बढ़ाने की घोषणा कर शासन आदेश जारी कर दिया इधर नगर निगम प्रशासन प्रदेश में एकलौता नगर है जी सेवा प्रोवाइडर कंपनी को यह व्यवस्था दिया जा रहा है यदि टेंडर निरस्त नहीं हुआ तो आगामी विधान सभा चुनाव पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से यपाल सिंह, रमाकांत मिश्र, हरिओम वाल्मीकि, विनोद रावत, अजीत बाघमार, मुन्ना हजारिया, कमरुद्दीन, उस्मान अली, मनी लाल भारती, धीरज गुप्ता, मुकेश वाल्मीकि, देवीदिन भाऊ, किशोर कुमार, हरिशंकर शुक्ला, युसूफ अली, नीलू निगम आदि लोग सैकड़ों कर्मचारियों के साथ उपस्थित थे।

# विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया लाभान्वित, वितरित किए प्रतीकात्मक चेक, आवासों की चाबी, टूलकिट

### माँ शाकम्भरी मंदिर तक जाने के लिए एलिवेटिड हाईवे के निर्माण के साथ ही बनाया जा रहा है कोरीडोर

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद की सातों विधानसभाओं में 500 करोड़ की 184 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1631 करोड़ की 141 परियोजनाओं का शिलान्यास कुल 2131 करोड़ रूपये की 325 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवबन्द स्थित ग्राम जड़ौदा जट्ट में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए माँ शाकम्भरी देवी एवं माँ त्रिपुर बाला सुन्दरी देवी के आशीर्वाद से शिलान्यास एवं लोकार्पित हुए जनपदवासियों का अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच में सक्रिय रहे, सरकार जनभावनाओं का सम्मान करे, सुशासन के लक्ष्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करे और बिना भेद भाव के शासन की योजनाओं को जनता तक पंहुचाने का कार्य करें।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहारनपुर के कारीगरों द्वारा बनाए गये वर्ल्ड क्लास वुड कार्विंग के कार्य से सहारनपुर को नई पहचान मिल रही है। सहारनपुर में 06 लेन के एक्सप्रेस वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जा चुका है। सहारनपुर से दिल्ली की दूरी अब मात्र 2.5 घण्टे में तय हो जाती है। इस इकॉनोमिक कोरीडोर में पहला इण्डस्ट्रीयल लॉजिस्टिक का हब सहारनपुर में बनाया जाएगा इसके लिए कार्य प्रारम्भ हो गया है। उन्होने कहा कि देश के सबसे बड़ा एयरपोर्ट नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट, देश की पहली रेपिड रेल दिल्ली-मेरठ, देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेस वे मेरठ से प्रयागराज लगभग 600 किमी0 लम्बा 06 लेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर में माँ शाकम्भरी के नाम पर विश्वविद्यालय है। सहारनपुर एयरपोर्ट के माध्यम से देश और दुनिया से जुड़ेगा। बेहट में स्पोर्ट्स कॉलेज, स्मार्ट सिटी, आईसीसीसी, सीएम ग्रिड के अन्तर्गत अच्छी सड़के, अनेक डिग्री कॉलेज, नगर के अंदर बस स्टेशन, नगर के अंदर जल निकासी की समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में आरसीसी ड्रेन की कार्यवाही, विकास की अनेक योजनाओं के साथ-साथ बेहतर कनेक्टिविटी, माँ शाकम्भरी मंदिर जाने के लिए एलिवेटिड हाईवे के निर्माण से किसी भी मौसम में जाकर पूजा अर्चना कर सकते है। नवरात्रि के दिनों में विभिन्न राज्यों एवं जनपदों से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को कोई समस्या नहीं होगी। पुलिस भर्ती में सहारनपुर के लगभग 500 नौजवान ने नौकरी पाई है।

# पूर्व मंत्री ने दरगाह पर पहुंचकर चढ़ाई चादर,मांगी आपसी भाईचारे की दुआ



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** सपा सरकार में मंत्री रहे आबिद रज़ा द्वारा कस्बा सखानू में स्थित हज़रत काजी शेख़ शहाबुद्दीन सोहरवर्दी रहमतुल्ला अलैह की दरगाह पर पहुंचकर चादर पेश करते हए,दुआएं की गई।

बृहस्पतिवार को श्री रज़ा दरगाह में हाजिरी लगाने हेतु पहुंचे थे। उन्होंने यहां पहुंचकर दरगाह पर चादरपोशी एवं गुलपोशी करते हुए दुआएं मांगी।दरगाह पहुँचने पर दरगाह कमेटी द्वारा पूर्वमंत्री आबिद रज़ा का फूल माला डालकर स्वागत किया गया।स्वागत के बाद श्री रज़ा द्वारा मजार शरीफ पर चादर पेश की गई। चादर पेश करने के बाद उन्होंने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं की।उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि देश में आपसी प्रेम और सौहार्द बना रहे तथा सभी लोगों की जिंदगी खुशहाल हो।पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि उर्स जैसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। यहां हर धर्म और समुदाय के लोग एक साथ आकर दुआ करते हैं, जो हमारे देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इलियास अहमद, उरूज़, मुर्तजा, यासीन, इमरान, जब्बार अंसारी, खलील अंसारी, दानिश अशर्फी, नदीम अशर्फी, नदीम अंसारी सभासद, कमर अंसारी, रकीब, जाने आलम, उमर, अरवाज, मौलाना अमानत, दानिश, मुशिफुल पप्पू अंसारी आदि मौजूद रहें।

## अपनी जानकारी सबमिट कर महापौर ने किया स्व-गणना का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर के प्रथम नागरिक/महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज अपने निवास पर अपने मोबाइल से अपने परिवार के सम्बंध में जानकारी सबमिट कर डिजीटल स्वगणना-2027 का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों से उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना के अंतर्गत दी गयी जानकारी के आधार पर ही सरकार सही व ठोस योजनाएं बनाती और क्रियान्वित करती है। नगर निगम के अपर नगरायुक्त/नगर जनगणना अधिकारी मृत्युंजय ने बताया कि स्व-गणना का कार्य आज 7 मई से शुरु होकर 21 मई 2026 तक चलेगा। आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने अपने परिवार के सम्बंध में ऑनलाइन सूचनाएं भरकर स्व-गणना का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि स्व-गणना करना बहुत आसान है। केवल आठ स्टेप अपने मोबाइल में स्व-गणना करने वाले व्यक्ति को लेने है। सबसे पहले वेबसाइट पर जाएं। उसके बाद परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर डाले तथा ओटीपी से वेरिफाई करें। उसके बाद अपनी भाषा चुनें और फिर पता भरते हुए अपना राज्य, जिला, गांव/शहर, मकान नंबर व मैप पर अपने घर को मार्क करें।

# रवींद्रनाथ टैगोर की जयती मनाई गई



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** बी. एन. एस. डी. शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में विश्वविख्यात साहित्यकार, दार्शनिक एवं नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महान विभूति रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्पण एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा गुरुदेव टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कक्षा VII-C की छात्रा कु0 अर्पिता ने अंग्रेजी भाषा में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत करते हुए रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन, साहित्यिक योगदान तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कक्षा VIII के छात्र भे. अस्तित्व द्वारा गुरुदेव टैगोर के प्रसिद्ध गीत एकला चलो रे की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात कक्षा VII-A के छात्र भे0 आकर्ष ने हिंदी भाषा में प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत करते हुए गुरुदेव टैगोर के राष्ट्रप्रेम, मानवता एवं सांस्कृतिक चेतना संबंधी विचारों को साझा किया। समारोह का समापन राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को रवीन्द्रनाथ टैगोर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा साहित्य, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकगणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रदान कीं। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय द्वारा नामजद को मामले का दोषी पाते हुए,उसे 20 साल के साधारण कारावास की सज़ा सुनाई गई है।कोर्ट द्वारा सजा के साथ-साथ दोषी को भारी अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। विदित हो कि वर्ष 2024 में थाना जरीफनगर पर दहगवां निवासी विवेक पुत्र रविशंकर के विरुद्ध वादी द्वारा दुष्कर्म सहित पोक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना थाने पर तैनात विवेचक रविकरन सिंह द्वारा की गई थी। विवेचना पूर्ण कर विवेचक द्वारा आरोपी के विरुद्ध न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। तभी से मामले की न्यायालय में सुनवाई चल रही थी।बृहस्पतिवार को न्यायालय द्वारा मुकदमे में नामजद विवेक को मामले का दोषी पाते हुए उसे 20 वर्ष के साधारण कारावास तथा 62000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। इस मामले को प्रदेश पुलिस के मुखिया के निर्देशन में चलाए जा रहे ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ अभियान के तहत चिन्हित किया गया था जिस कारण पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त रूप से पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही को संपन्न कराई गई।

## राष्ट्रपति ने डा.ममता सिंह को कोर्ट सदस्य मनोनीत किया

सहारनपुर। स्नेहिल संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.ममता सिंह को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कोर्ट सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है, उनके साथ प्रोफेसर एम आर गंगाधर वाइस चांसलर चामाराजांगरा विश्वविद्यालय कर्नाटक, प्रोफेसर पी श्रीकुमार केन्द्रीय विश्वविद्यालय केरल हैं। डा.ममता सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनायी हैं। उनके द्वारा लिखी 22 पुस्तकें भारतीय संस्कृति तथा कला इतिहास पर प्रकाशित हो चुकी हैं। स्नेहिल संस्था के द्वारा महिला सशक्तिकरण तथा प्रकृति संरक्षण के लिए कला के माध्यम से विशेष जनजागरण अभियान उल्लेखनीय है।

# कानपुर को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए सिटी हेल्थ एक्शन प्लान का आगाज़; बहु-विभागीय समन्वय से तैयार होगा अनूठा मॉडल

*अवधनामा संवाददाता*




**कानपुर।** कानपुर नगर को एक स्वस्थ और रोग-मुक्त शहर बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला प्रशासन और JSI (जॉन स्नो इंडिया) के सहयोग से एक भव्य को-क्रिएशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर एक समावेशी सिटी हेल्थ एक्शन प्लान तैयार करना है।

बहु-हितधारक भागीदारी और अनूठा मॉडल यह मॉडल अपनी तरह का एक अनूठा प्रयास है जिसे JSI के तकनीकी सहयोग से तैयार किया जा रहा है। इसमें विभिन्न विभागों के ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं, मध्यम स्तर के अधिकारियों और उच्च अधिकारियों ने एक साथ बैठकर कार्य कलाप को सह-डिज़ाइन किया है। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के तत्वधान में नगर निगम, स्थानीय निकायों, बेसिक शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी तथा समाज कल्याण विभाग के उच्च अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी का संबोधनः जवाबदेही और प्रदर्शन पर ज़ोर कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सिटी हेल्थ प्लान की अवधारणा को अन्य सभी हितधारकों, विशेष रूप से नगर निगम के 6 -जोनल अधिकारियों के सक्रिय सहयोग से धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के तहत तय किए गए संकेतकों की नियमित रूप से निगरानी की जाएगी।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों और ज़ोन को सम्मानित किया जाएगा, जबकि खराब प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों के खिलाफ जवाबदेही तय करते हुए दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

प्रत्येक विभाग से नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगे जो समय सीमा के भीतर गतिविधियों की डिलीवरी सुनिश्चित करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी का मार्गदर्शन CDO अभिनव जे. जैन ने विभिन्न समूहों के साथ चर्चा में भाग लिया और उन्हें मापने योग्य संकेतकों तथा अन्य विभागों के सहयोग से की जाने वाली गतिविधियों व उप-गतिविधियों को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेषज्ञों के विचार और भावी रणनीति कार्यशाला की शुरुआत में JSI की प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. आयुषी और स्टेट टीम लीड डॉ. आशीष मौर्य ने इस अवधारणा का परिचय दिया और बताया कि कैसे 13 विभागों को 4 मुख्य घटकों टीबी उन्मूलन, टीकाकरण, वेक्टर जनित रोग और गैर-संचारी रोग के लिए एकीकृत किया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि दत्त नेमी ने चर्चा का नेतृत्व करते हुए बहु-हितधारक जुड़ाव की आवश्यकता पर बल दिया।

# खाटू श्याम पालकी यात्रा को विधिवत् रूप से दिया विश्राम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव उपलक्ष में निकाली जा रही खाटू श्याम पालकी यात्रा को आज विश्राम दिया गया।

राधा विहार स्थित मंदिर में 11 दिवसीय विशेष खाटू श्याम भक्ति जागृति के लिए पालकी यात्रा को विश्राम दिया गया। खाटू श्याम पाल की का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा करते हुए सभी भक्तों ने चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर में पालकी को विश्राम दिया और खाटू श्याम की भव्य आरती उतारी। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आज रात्रि में भव्य कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुंबई से गिन्नी कौर, ग्वालियर से मनोज शर्मा एवं लखनऊ से अंशु पागल बाबा हरिद्वार में अनूप रसीला श्याम बाबा का गुणगान करने के लिए पधार रहे हैं। खाटू श्याम विश्राम अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि खाटू श्याम पालकी का उद्देश्य जन-जन में खाटू श्याम के प्रति जागृति एवं भक्ति का संदेश जागृत करना है। खाटू श्याम शीश का दान देकर महान बने भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें अपनी समस्त शक्तियां प्रदान की और उन्हें अपना श्याम नाम प्रदान किया अर्थात जो व्यक्ति धर्म की विधि पर अपने आप को बलिदान कर देता है वह भगवान का अति प्रिय हो जाता है। इस अवसर पर रमेश शर्मा, राजेंद्र धीमान, अश्विनी काम्बोज, सनी काम्बोज, प्रदीप कांबोज, संजय राणा, जगदीश कश्यप, अगम शर्मा, प्रदीप पांचाल, अनिल कश्यप, सुनील कश्यप, गीता, तन्नू, शालू, बबीता, राखी, पूनम, कविता, लोकेश, राजबाला व किरण आदि मौजूद रहे।

# महिला आयोग की सदस्या ने जिला कारागार में महिला बैरक में रह रही कैदियों से उनके कुशलक्षेम पूछा

- महिलाओं से संबंधित प्रकरण का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराई जाने का दिया निर्देश

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जिला कारागार, चौकाघाट का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य गीता विश्वकर्मा द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान जिला कारागार की महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों एवं उनके साथ आवासित बच्चों को मिष्ठान, फल तथा बच्चों हेतु खिलौनों का वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय सदस्य द्वारा महिला बंदियों के कौशल विकास एवं पुनर्वास के दृष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो महिलाएं किसी भी प्रकार की आय अर्जित कर रही हैं, वे अपनी आय स्वयं सुरक्षित रखें तथा आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने की दिशा में आगे बढ़ें।

जिला कारागार निरीक्षण उपरांत सर्किट हाउस स्थित सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। बताया गया कि, गुरुवार को जनसुनवाई में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 05 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। प्राप्त प्रकरणों में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की संख्या अधिक रही। इसके अतिरिक्त महिला उत्पीड़न, नौकरी के नाम पर धनराशि लिए जाने, मकान पर अवैध कब्जा तथा उपचार संबंधी प्रकरण भी प्राप्त हुए। माननीय सदस्य, राज्य महिला आयोग द्वारा समस्त प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रसारित किया गया। साथ ही सभीअधिकारियों से उनके विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से उपस्थित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। आज शुक्रवार को कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में पुलिस विभाग द्वारा साइबर अपराध से बचाव एवं जनजागरूकता हेतु पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। बैठक में शिवानी सिंह, एसीएम प्रथम, नम्रता श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध, डी.के. सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, राजन सिंह, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, महिला कल्याण विभाग से निरूपमा सिंह संरक्षण अधिकारी, ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पी.एल.वी., दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा पिछड़ा कल्याण विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आम के बाग की रखवाली कर रहे किसान पर गिरी बिजली, मौत

**महोबा।** खेत में लगे आम की रखवाली कर रहे किसान की अचानक अकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई, जिससे मोहल्ले में गमगीन माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आकाशीय बिजली से झुलसा किसान आधा घंटे तक तेज बारिश के बीच पड़ा रहा। बारिश बंद होने के बाद आसपास के किसानों ने उसे देखा और अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कस्बे के मोहल्ला राजीव नगर निवासी जगमोहन कुशवाहा पुत्र स्व. रामलाल कुशवाहा के खेत में आम के पेड़ लगे हुए थे, जिसकी रखवाली करने के लिए गुरूवार की सुबह जगमोहन गया था। अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, बारिश के साथ गड़गड़ाहट के बीच पेड में आकाशीय बिजली गिरने से बारिश से बचाव के लिए नीचे बैठा किसान झुलस गया, लेकिन बारिश के चलते कोई उसे देख नहीं सका।

# जनगणना 2027 के लिए 'स्वगणना' अभियान शुरू, पोर्टल पर 21 मई तक दर्ज करें विवरण

- स्वगणना पोर्टल 7 मई से 21 मई तक आम जनता के लिए खुला रहेगा

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जनगणना 2027 के संबन्ध में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में 7 मई से 21 मई तक चलने वाले स्वगणना अभियान की जिलाधिकारी स्वयं पोर्टल पर अपना विवरण भरकर इस ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरुआत की साथ ही नागरिकों से इस डिजिटल पहल में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी की।

बैठक में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी गजल भारद्वाज ने बताया कि स्वगणना पोर्टल 7 मई से 21 मई तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। नागरिक अपने मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह प्रक्रिया न केवल सरल है, बल्कि पूरी तरह सुरक्षित भी है। स्वगणना के इस फॉर्म में नागरिकों को कुल 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी साझा करनी होगी। इसमें परिवार के सदस्यों के विवरण के साथ-साथ मकान की स्थिति, फर्श का प्रकार, रसोई और शौचालयों की संख्या, उपलब्ध वाहन, टेलीफोन और खाना पकाने के ईंधन जैसे बुनियादी प्रश्न शामिल हैं। बताया कि 15 मिनट की प्रक्रिया में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण के इस महाभियान में अपना सहयोग दें। प्रशासन का मानना है कि स्वगणना से प्रगणकों का कार्य सुगम होगा और त्रुटियों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी।

जनगणना कार्य की डिजिटल पहल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे डेटा अधिक सटीक होगा। फॉर्म भरने के बाद नागरिक के मोबाइल पर एक विशिष्ट कोड प्राप्त होगा। जब जनगणना कर्मी भविष्य में घर घर सत्यापन के लिए आएंगे, तो केवल यह कोड दिखाने पर सारा डेटा स्वतः पोर्टल पर आ जाएगा। उस समय भी यदि कोई सुधार आवश्यक हो, तो नागरिक कर्मी के माध्यम से उसे अपडेट करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने जनपद वासियों से इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।

# देश की पहली डिजिटल जनगणना का कार्य शुरू



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** लगभग 15 साल के लंबे इंतजार के बाद आज से देश में जनगणना फिर शुरू हुई है। लेकिन इस बार यह जनगणना पहले से बिल्कुल अलग है। यह देश की पहली शत-प्रतिशत डिजिटल जनगणना है जिसमें नागरिक खुद अपने मोबाइल से घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शहरवासियों से इस 'स्व-गणना' अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। इसके लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर और नाम से पंजीकरण कर सकते हैं। OTP सत्यापन के बाद 33 सवालों की एक प्रश्नावली भरनी होगी। जमा होने पर 11 अंकों की 'एसई आईडी' मिलेगी जिसे सुरक्षित रखना है। यह स्व-गणना खिड़की 21 मई तक खुली रहेगी।

नगर आयुक्त ने बताया कि जो परिवार स्व-गणना कर लेंगे उन्हें 22 मई से शुरू होने वाले घर-घर सर्वे में काफी सुविधा होगी। जब प्रगणक घर पहुंचें तो केवल एसई आईडी दिखानी होगी और डेटा मिलान होते ही तुरंत स्वीकार कर लिया जाएगा। जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान गड़ना और मकान नम्बरिंग का कार्य आज गुरुवार से शुरू हुआ।

नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत कोतवाली जोन में आज इस कार्य का शुभारंभ शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी ,राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के एक्जीक्यूटिव मेम्बर व सिविल डिफेंस के पूर्व डिप्टी चीफ वार्डेन डॉक्टर शिव सुन्दर गांगुली के घर के.65/48 के घर से सहायक चार्ज अधिकारी सुश्री दिलशाद हिदायत एवं नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार की उपस्थिति में न्यूमरेटर केशव कृष्ण कश्यप के द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ. गांगुली ने बताया कि,लंबे समय इंतजार के बाद आज से यह जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान गड़ना और मकान नम्बरिंग का कार्य आज गुरुवार से शुरू हुआ। समस्त नागरिकों से अपील करना चाहेंगे कि वह इसमें सहयोग करें।

## कुदरत का कहर : आंधी-बारिश के साथ गिरे ओले, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** गुरूवार को सुबह आठ बजे के बाद से तेज बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त व्यवस्त होकर रह गया है। जगह जगह जलभराव के चलते लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। कच्चे रास्ते की कीचड़युक्त हो जाने से लोगों को घरों तक आने जाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। शहर की नई बस्ती में पक्की सड़क और नाले नालियां न बनने से लोगों के दरवाजो पर पानी भर गया।

गुरूवार को हुई बेमौसम तेज बारिश और आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिर गए और बिजली के तार टूट गए, जिसके चलते बत्ती भी गुल हो गई, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ा। शहर के अलावा अन्य स्थानों पर भी बत्ती गुल हो जाने से इलेक्ट्रानिक कारोबार प्रभावित रहा। झमाझम बारिश ने बरसात के मौसम का एहसास करा दिया। आंधी के चपेट में आने से कई टप्पर उड़ गए, पन्नी डालकर गुजर बसर कर रहे लोगों की पन्नी फटकर उड़ गई, कई टपरे भी आंधी की भेंट चढ़ गए। आधा घंटे अधिक समय तक हुई तेज बारिश से छतों और आंगन में आधा आधा फिट पानी भर गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोड कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही योगी सरकार

- गोरखपुर के दक्षिणांचल में उरूवा, धुरियापार, शाहपुर, बेलघाट मार्ग का चौड़ीकरण कार्य अंतिम दौर में
- 18 किमी लंबी सड़क के निर्माण पर आ रही 57.68 करोड़ रुपये की लागत

**जून माह के अंत तक दक्षिणांचल की इन मार्गों का भी हो जाएगा सुदृढ़ीकरण**

- 13 किमी लंबा गोरखपुर, खजनी, सिकरीगंज मुख्य मार्ग। लागत 60.58 करोड़ रुपये, भौतिक प्रगति 94 प्रतिशत।
- 15 किमी लंबा महदेवा, दुधरा, सोपरा मार्ग। लागत 35.56 करोड़ रुपये, भौतिक प्रगति 81 प्रतिशत।

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** योगी सरकार शहर ही नहीं, ग्रामीण इलाकों में भी रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ कर रही है। गोरखपुर में मुख्य मार्गों को फोरलेन कनेक्टिविटी देने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा फायदा, बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के विकास से दशकों तक पिछड़े रहे दक्षिणांचल को हो रहा है। दक्षिणांचल में उरूवा, धुरियापार, शाहपुर, बेलघाट मार्ग का चौड़ीकरण कार्य जहां अंतिम दौर में है तो वहीं सिकरीगंज, बेलघाट, लोहरैया मार्ग के भी सुदृढ़ीकरण का कार्य दो तिहाई से अधिक पूरा हो चुका है। इन मार्गों के कायाकल्प से लाखों की आबादी को लाभ मिलेगा।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) प्रांतीय खंड द्वारा करीब 18 किमी की लंबाई में उरूवा, धुरियापार, शाहपुर, बेलघाट मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जा रहा है। 57.68 करोड़ रुपये की लागत वाली इस सड़क परियोजना की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत है और जून माह के अंत तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस मार्ग को दक्षिणांचल की कनेक्टिविटी के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड द्वारा ही 8 किमी लंबे सिकरीगंज, बेलघाट, लोहरैया मार्ग का भी 22.32 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस परियोजना में 80 प्रतिशत से अधिक निर्माण हो चुका है। विभाग का लक्ष्य जून माह तक काम पूरा करा लेने का है। इस मार्ग के चौड़े और मजबूत होने से भारी वाहनों का आवागमन सुगम होगा। बेलघाट क्षेत्र के लोगों को लोहरैया और सिकरीगंज की ओर जाने में सुगमता होगी।

# बाढ़ से निपटने की तैयारी : डीएम ने कलेक्ट्रेट में की बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलों के उपजिलाधिकारी को बाढ़ चैकी की स्थिति देखने और ठीक करने और उन पर कर्मचारियों के ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए साथ ही सभी चैकियों पर कर्मचारियों के नाम व मोबाइल नंबर, संबंधित एसएचओ के नंबर एवं गोताखोरों की लिस्ट लगाए जाने एवं नाव की उपलब्धता एवं उसके मालिक के नाम व नंबर लिस्ट तैयार किए जाने पर जोर दिया।

बैठक में डीएम ने सिंचाई विभाग को जनपद की उर्मिल, चंद्रावल, मझगांव, कबरई लहचुरा बांधों के जल स्तर की लगातार निगरानी रखने और जलस्तर बढ़ने पर बांधों का पानी छोड़ने के पूर्व सूचना से जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को अवगत कराया के निर्देश दिए। बांधों के आसपास के जिन जिन गांव में बांधों का जलस्तर बढ़ने पर पानी छोड़ने पर प्रभावित होने की संभावना रहती है उन बांधों के समीप के राजस्व, पुलिस की टीम का गठन किया जाए साथ ही संबंधित टीम उस गांवों के लोगों को सिंचाई विभाग से प्राप्त सूचना के माध्यम से ग्राम वासियों को सूचित किया जायेगा। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल किट तैयार किए जाने के निर्देश दिए गयें हैं, जिससे बाढ़ अतिवृष्टि के समय बाढ़ पीड़ित परिवारों को मेडिकल सुविधा तत्काल प्रदान की जा सके। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भूसा की पर्याप्त मात्रा रखे जाने एवं पशुओं के टीकाकरण के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने वैकल्पिक स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने के लिए समस्त नगरीय निकाय को निर्देश दिए साथ ही सिंचाई विभाग ऐसे बांधों, तालाबों का विश्लेषण कर लें जहां डूबने की घटनाएं हुई हैं, वहां पर सुरक्षात्मक उपाय करें, जिससे डूबने की कोई घटना न हो।

## पीएनजी से आंगनवाड़ी पोषण योजना को मिलेगा समर्थन : सुशील कुमार

**वाराणसी।** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना के अंतर्गत शिवदासपुर,चांदपुर क्षेत्र में स्थित 'अतिथि कैटरिंग सर्विसेज' को सफलतापूर्वक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क से जोड़ा गया है। आपूर्ति का शुभारंभ सुशील कुमार, महाप्रबंधक गेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर गौरी शंकर मिश्रा (महाप्रबंधक) प्रवीण गौतम (मुख्य प्रबंधक मार्केटिंग) देवाशीष साहू उपस्थित रहे। गेल के महाप्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि, पीएनजी नेटवर्क से आंगनवाड़ी पोषण योजना को मिलेगा सशक्त समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि, 'अतिथि कैटरिंग सर्विसेज' वर्तमान में 100 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों पर लगभग 2000 बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन तैयार कर रही है।

**कार्यालय-ग्राम पंचायत मंडवा, विकास खंड ऐरायां, फतेहपुर**

पत्रांक मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक-07.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत मंडवा में मनरेगा, पंचम राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन/एस.एल.डब्लू.एम. योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्य के लिए कार्य स्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.05.2026 से 15.05.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय/सचिवालय मंडवा में 2:00 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा किया जायेगा, जो दिनांक 15.05.2026 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के सामने अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेगी। सामग्री विवरण निम्नलिखित है-

| क्र.सं. | सामग्री | लम्बाई/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 3 | मोटी एवं महीन बालू तथा लोकल बालू | प्रति घनमीटर | |
| 4 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम.एम. से 35 एम.एम तक | प्रति घनमीटर | |
| 5 | ईट, गिट्टी 20 एम.एम से 40 एम.एम. तक | प्रति घनमीटर | |
| 6 | सरिया/लोहे की अन्य सामग्री | प्रति कुंतल | |
| 7 | ह्यूम पाइप विभिन्न साइज एवं मोटाई/पी.वी.सी पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 8 | सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट | प्रति नग | |
| 9 | सीमेंट इंटरलाकिंग ब्रिक | प्रति नग | |
| 10 | पेंटिंग से संबंधित सामग्री, पेंट, प्राइमर, ब्रस, सरेस पेपर आदि | प्रति नग | |
| 11 | हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री/सेनेटरी फिटिंग एवं प्लम्बिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 12 | सफाई कर्मी हेतु ट्राली एवं सफाई किट सामग्री | प्रति नग | |
| 13 | कूड़ा गाड़ी क्रय/ई-रिक्शा | प्रति नग | |
| 14 | खेल मैदान हेतु सभी इक्यूमेंट | प्रति नग | |
| 15 | स्टेशनरी एवं अन्य लेखन सामग्री प्रशासनिक कार्य नारा लेखन स्वच्छता का प्रचार प्रसार | प्रति नग | |
| 16 | कायाकल्प योजनांतर्गत समस्त निर्माण सामग्री, टाइल्स, पेंट, वासबेसिंग, प्लम्बरिंग के आइटम आदि | प्रति नग | |
| 17 | गौशाला के इक्यूमेंट तथा मरम्मत एवं रखरखाव पर लगने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | समस्त इलेक्ट्रिकल सामग्री/पंचायत भवन इक्यूवमेंट एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | आर.आर.सी. सेंटर के मरम्मत एवं निर्माण तथा रखरखाव पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | खेल मैदान में प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 21 | पोषण पोटली | प्रति नग | |
| 22 | टेंडर/नोटिस/विज्ञप्ति/प्रकाशन/प्रचार प्रसार | प्रति नग | |

नियम शर्ते-1-सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा वैध Sale Tax, GST, Registration Certificate प्रमाण पत्र, दिखाने एवं प्रमाणित प्रति संलग्न कर ही निविदा डाली जायेगी। 2- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी की स्वीकृत दर से अधिक न हो। 3-निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 4-निविदा संबंधी समस्त जनकारी निविदादाता ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। 5-सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कार्य स्थल पर किया जाना अनिवार्य होगी। 6-कार्य की लागत प्राक्कलन/स्वीकृत के अनुसार घट-बढ़ सकती है। 7-सामग्री की गुणवत्ता/मानक में कमी पाये जाने पर धनराशि की नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

बिपिन कुमार तिवारी
(ग्राम पंचायत अधिकारी)

सियापति
(ग्राम प्रधान)

**कार्यालय-ग्राम पंचायत बघौली, विकास खंड ऐरायां, फतेहपुर**

पत्रांक मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक-07.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत बघौली में मनरेगा, पंचम राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन/एस.एल.डब्लू.एम. योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्य के लिए कार्य स्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.05.2026 से 15.05.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय/सचिवालय बघौली में 2:00 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा किया जायेगा, जो दिनांक 15.05.2026 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के सामने अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेगी। सामग्री विवरण निम्नलिखित है-

| क्र.सं. | सामग्री | लम्बाई/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 3 | मोटी एवं महीन बालू तथा लोकल बालू | प्रति घनमीटर | |
| 4 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम.एम. से 35 एम.एम तक | प्रति घनमीटर | |
| 5 | ईट, गिट्टी 20 एम.एम से 40 एम.एम. तक | प्रति घनमीटर | |
| 6 | सरिया/लोहे की अन्य सामग्री | प्रति कुंतल | |
| 7 | ह्यूम पाइप विभिन्न साइज एवं मोटाई/पी.वी.सी पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 8 | सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट | प्रति नग | |
| 9 | सीमेंट इंटरलाकिंग ब्रिक | प्रति नग | |
| 10 | पेंटिंग से संबंधित सामग्री, पेंट, प्राइमर, ब्रस, सरेस पेपर आदि | प्रति नग | |
| 11 | हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री/सेनेटरी फिटिंग एवं प्लम्बिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 12 | सफाई कर्मी हेतु ट्राली एवं सफाई किट सामग्री | प्रति नग | |
| 13 | कूड़ा गाड़ी क्रय/ई-रिक्शा | प्रति नग | |
| 14 | खेल मैदान हेतु सभी इक्यूमेंट | प्रति नग | |
| 15 | स्टेशनरी एवं अन्य लेखन सामग्री प्रशासनिक कार्य नारा लेखन स्वच्छता का प्रचार प्रसार | प्रति नग | |
| 16 | कायाकल्प योजनांतर्गत समस्त निर्माण सामग्री, टाइल्स, पेंट, वासबेसिंग, प्लम्बरिंग के आइटम आदि | प्रति नग | |
| 17 | गौशाला के इक्यूमेंट तथा मरम्मत एवं रखरखाव पर लगने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | समस्त इलेक्ट्रिकल सामग्री/पंचायत भवन इक्यूवमेंट एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | आर.आर.सी. सेंटर के मरम्मत एवं निर्माण तथा रखरखाव पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | खेल मैदान में प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 21 | पोषण पोटली | प्रति नग | |
| 22 | टेंडर/नोटिस/विज्ञप्ति/प्रकाशन/प्रचार प्रसार | प्रति नग | |

नियम शर्ते-1-सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा वैध Sale Tax, GST, Registration Certificate प्रमाण पत्र, दिखाने एवं प्रमाणित प्रति संलग्न कर ही निविदा डाली जायेगी। 2- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी की स्वीकृत दर से अधिक न हो। 3-निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 4-निविदा संबंधी समस्त जनकारी निविदादाता ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। 5-सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कार्य स्थल पर किया जाना अनिवार्य होगी। 6-कार्य की लागत प्राक्कलन/स्वीकृत के अनुसार घट-बढ़ सकती है। 7-सामग्री की गुणवत्ता/मानक में कमी पाये जाने पर धनराशि की नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

बिपिन कुमार तिवारी
(ग्राम पंचायत अधिकारी)

राजेश कुमार
(ग्राम प्रधान)

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकलेगी शौर्य स्वाभिमान यात्रा




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की ओर से शहर के एक होटल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान परिषद पदाधिकारियों ने 9 मई को राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की जयंती भव्य रूप से मनाए जाने की जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराणा प्रताप जयंती उत्साह और गरिमा के साथ मनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 मई 2022 को गुप्तार घाट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कर उसका अनावरण किया था। उसी क्रम में इस बार भी युवाओं के नेतृत्व में करणी सेवा, शौर्य स्वाभिमान यात्रा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिले के महापौर, सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख समेत विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित लोगों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। परिषद का उद्देश्य समाज में एकता और स्वाभिमान की भावना को मजबूत करना है।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि 9 मई को दोपहर 3 बजे शौर्य स्वाभिमान यात्रा जीआईसी मैदान से निकलेगी। यात्रा रिकाबगंज और नियावां होते हुए गुप्तार घाट पहुंचेगी। इसमें सर्व समाज के लोग शामिल होंगे।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को एकजुट करना और राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है।प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष करणी सेना सनी सिंह, जनसत्ता दल के जिला उपाध्यक्ष जेडी सिंह, शांतनु कृष्ण सिंह, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, महामंत्री रविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष समर बहादुर सिंह, महानगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, डॉ. राजेश सिंह, अमरदीप सिंह, रिंकू और राकेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक साल से लापता बेटी की तलाश में दर-दर भटक रही मां पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**अयोध्या।** करीब एक वर्ष से लापता किशोरी की बरामदगी न होने से पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटी की तलाश में मां लगातार अधिकारियों और थाने के चक्कर काट रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने राज्य महिला आयोग सदस्य से मुलाकात की तथा जिलाधिकारी से बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है।कोतवाली क्षेत्र के आयाराम अखाड़ा तुलसी उद्यान निवासी मीना पत्नी अर्जुन सोनी ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री रमा सोनी बीते 22 अप्रैल 2025 से लापता है। मामले में थाना पूराकलंदर में अपराध संख्या 0289/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) में मुकदमा दर्ज कराया गया था।पीड़िता की मां का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस अब तक उनकी बेटी को बरामद नहीं कर सकी है। उन्होंने बताया कि वह कई बार थाना और अधिकारियों के कार्यालयों में शिकायती पत्र दे चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई केवल आश्वासन तक सीमित रही।पीड़िता ने कहा कि बेटी के लापता होने से पूरा परिवार मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है।

## अपनी बदहाली पर आंसू बहाता डाकघर के पास लगा वाटर कूलर

**गोशाईगंज/अयोध्या।** गर्मी का मौसम शुरू है बावजूद वाटर कूलर की दयनीय स्थिति को सुधारने के लिए पंचायत प्रशासन संजीदा नहीं दिखाई पड़ रहा है। डाकखाना के पास लगे वाटर कूलर मे जहाँ एक टोटी नदारद है,वही अस्पताल में लगा वाटर कूलर पानी ठंडा नहीं कर रहा है। मजेदार बात यह हैं कि बिगड़े पड़े वाटर कूलर की शिकायत जिम्मेदारानो से हुई,लेकिन नतीजा सिफर रहा। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि मामले की शिकायत पंचायत प्रशासन से बीते 23 मई को की गई लेकिन समस्या आज भी जस की तस है,10 दिन बाद भी वाटर कूलर की मरम्मत न होने से यहाँ आने-जाने वाले मरीजों एवं उनके टीमरदारो को ठंडा पानी पीने के लिए तरसना पड़ रहा है और सब कुछ जानने के बाद भी पंचायत प्रशासन आख मुंदे बैठा हैं।

# सड़क विवाद पर भड़का जनाक्रोश, विधायक पर काम रुकवाने का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** झलकारी बाई वार्ड में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। वार्डवासियों ने नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता पर दबाव में आकर सड़क निर्माण कार्य रुकवाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले से स्वीकृत और शुरू हो चुकी सड़क को अचानक बंद करा दिया गया। जब लोक निर्माण विभाग के जेई से कारण पूछा गया तो कथित रूप से बताया गया कि विधायक के निर्देश पर सड़क का मार्ग बदला जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ भूमाफियाओं और प्रॉपर्टी कारोबारियों के हित में सड़क को गांव के पीछे से निकालने की तैयारी की जा रही है, जिससे उनकी जमीनों की कीमत बढ़



सके। भाजपा पार्षद गीता के पति खुशीराम, अर्जुन कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। लोगों ने कहा कि वर्षों से उपयोग में रहे निकास मार्ग को बदलने से आवागमन प्रभावित होगा।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सड़क पूर्व प्रस्तावित मार्ग से नहीं बनी तो आंदोलन किया जाएगा। लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ मतदान की बात कही है। प्रदर्शन करने वालों में रामलाल, नरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र यादव, रामचंद्र, राम सुरेश तिवारी, हरिश्चंद्र दुबे, उदयभान, हनुमान, शिवपाल यादव, राकेश कुमार यादव, सुरेंद्र कनौजिया, गिरधारी यादव, सहज राम यादव, राम अनुज वर्मा, अशोक, मदन लाल, अभिषेक यादव और सागर दादा समेत बड़ी संख्या में मोहल्लावासी मौजूद रहे।

# दबंगो द्वारा कराया जा रहा वक्फ सम्पति पर अवैध निर्माण, पुलिस ने की कार्यवाही



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** वक्फ बडेल क़र्बला की जमीन पर दबंगो द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी सूचना क़र्बला मुतवल्ली मंज़र अब्बास रिजवी को हुई तो तत्काल क़र्बला लीगल एडवांजर अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास ज़ैदी ने कोतवाली नगर मे पहुँचकर वक्फ बडेल क़र्बला मे हो रही अवैध निर्माण की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस टीम मौक़े पर पहुँचकर अवैध निर्माण को रुकवाया और कड़ी कार्यवाही की। क़र्बला मुतवल्ली मंज़र अब्बास ने बताया की कल्लू मिस्त्री जो की टिन बक्से का कारोबार करता है। आज गुरुवार को कल्लू का लड़का बिलाल अपने भाई व अन्य साथियो के साथ मिलकर वक्फ बडेल क़र्बला की जमीन पर जबरन अवैध निर्माण कर रहा था जब हमें जानकारी हुई तो हमने निर्माण करने से मना किया तो ये लोग मुझे धमकी जान से मरने की धमकी देने लगे और कहा की यहाँ से भाग जाओ नही तो तुम अपनी जिंदगी से हाथ धो बैठोगे। जिसके बाद हमने अपने अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास को फोन द्वारा अवैध निर्माण की सूचना दी। जब अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास मौक़े पर पहुंचे तो दबंग बिलाल व अन्य साथियो के साथ अधिवक्ता और मूतवल्ली से लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो गये। जिसके बाद डायल 112 पर फोन कर पुलिस का सहारा लेकर अवैध निर्माण को रुकवाया। अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास का कहना है की दबंग बिलाल कई मामलो मे वंचित चल रहा है। इसके बावजूद बिलाल के हौसले बुलंद है। श्री ज़ैदी ने ये सम्पति वक्फ बडेल संख्या नम्बर 2556/53 दर्ज है और क़र्बला के बाहर पहले से खालिदा रसूल बनाम वक्फ बडेल क़र्बला न्यायलय मे सीनियर डिवीजन कोर्ट मे विचाराधीन है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाकर मामले की जांच मे जुट गई है।

# महिला आयोग सदस्य अंजू ने बड़ागांव सीएचसी का औचक निरीक्षण किया



## लाइब्रेरी का लिया जायजा

राज्य महिला आयोग राज्यमंत्री अंजू प्रजापति ने पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी का जायजा लिया इस दौरान कम्पटीशन की तैयारी कर रहे लाइब्रेरी मे मौजूद दो दर्जन छात्र छात्राओं से संवाद किया तथा मन लगाकर पढ़ने की अपील की। उल्लेखनीय हो कि बड़ागांव पंचायत की लाइब्रेरी मे पढ़ने वाले 8 बच्चो ने कम्पटीशन पास कर सरकारी नौकरी पा चुके है। राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने पंचायत भवन के सीएसी सभागार मे चल रही इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण का जायजा लिया और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगार योजनाओ से जुड़ने की अपील की राज्य महिला आयोग की सदस्य ने पंचायत भवन बड़ागांव के रखरखाव एव संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की वही आंगनवाड़ी केंद्र बंद होने पर नाराजगी जताई।

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का औचक निरीक्षण किया। बगैर किसी सूचना के अस्पताल पहुंचीं महिला आयोग की सदस्य को अस्पताल की जमीनी हकीकत का आकलन का पता चला इसके उपरांत पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी का जायजा लेते हुए बच्चो से संवाद किया। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने अस्पताल के विभिन्न अनुभागों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, लैब में मरीजों को मिल रही जांच सुविधाओं, वैक्सीन कक्ष, टीबी वार्ड में टीकाकरण और उपचार की स्थिति का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की साफ-सफाई की जांच की। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर कर्मचारियों की सक्रियता भी परखी। उपस्थित पंजिका मे डा0 मनोज वर्मा, तीन दिन से बगैर किसी सूचना के गायब रहने, महिला चिकित्सक डा0 सुनीता दोहरे बी एम जगप्रसाद, बीपीसीएम चांदनी के अनुपस्तिथ रहने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्य ने अस्पताल में भर्ती महिलाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने मरीजों से पूछा कि क्या इलाज के बदले किसी प्रकार की पैसों की मांग की जाती है। महिलाओं ने संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि अस्पताल में दवाइयां समय पर उपलब्ध हैं और किसी भी तरह की अवैध वसूली नहीं होती।

## जनगणना 2027 स्वगणना अभियान का शुभारंभ, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल ने की पहल

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत गोसाईगंज में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना अभियान का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। अभियान की शुरुआत नगर की प्रथम महिला एवं प्रथम नागरिक नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल ने स्वयं स्वगणना कर की।इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वेच्छा से आगे आकर स्वगणना में भाग लेना चाहिए, ताकि सही आंकड़ों के आधार पर जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## घर में घुसकर मारपीट व छिनौती मामले में कोर्ट सख्त, मुकदमा दर्ज करने के आदेश

**रुदौली-अयोध्या।** मवई थाना क्षेत्र के एक मारपीट एवं छिनौती के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। मामला मवई गांव की निवासी जमीला खातून पत्नी सगीर अहमद से जुड़ा है। बताया गया कि गत 11 मार्च को गांव के पास स्थित एक पुराने कुएं को पाटने की कोशिश की जा रही थी। जमीला खातून द्वारा इसका विरोध करने पर गांव की ही सफिया, बानो, अनवरी, उस्मान, अनीसा, वहीदा, नूरी, माबिया फरहीन, अंजुम और सबीना समेत अन्य लोग कथित रूप से भड़क गए। पीड़िता के अनुसार सभी आरोपी आमादा फौजदारी होकर उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। डर के कारण जमीला घर के अंदर चली गई, लेकिन आरोप है कि विपक्षीगण घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट करते हुए छिनौती की घटना को अंजाम दिया।

# आरपीआईसी स्कूल में मेधावी छात्रों का सम्मान

## अभिभावक गोष्ठी में अनुशासन पर जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** स्थानीय नगर के आरपीआईसी स्कूल में सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 के मेधावियों को पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय और अभिभावकों की संयुक्त भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार और विद्यालय दोनों की जिम्मेदारी समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। सम्मान समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अंकित गुप्ता, अमन, जान्हवी जायसवाल, अनुपमा, शिवांगी, श्वेता, नीरज, मोहम्मद कैफ, आशीष गुप्ता, शालिनी सिंह एवं विवेक यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अंशिका शर्मा, अविनाश कुमार, सृष्टि मिश्रा, आयुषी सिंह, अंशिका कुमारी, महिमा यादव, आरुषि मौर्या, श्रेया सिंह, अंकिता कुशवाहा, आदित्य कुमार, स्नेहा दुबे, महक यादव तथा अंशिका सिंह को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कोमल गुप्ता, अर्चना, शीतल प्रजापति, दिव्यांश पटवा, प्रतिज्ञा गुप्ता, दीपक यादव, साक्षी गुप्ता, नेहा गुप्ता, समीर आलम, विकास पांडेय एवं सत्यम को भी विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय इंचार्ज देवेंद्र शुक्ला सहित प्रतीक श्रीवास्तव, अरविंद पांडेय, मनकेश्वर , नसीम, अभिषेक रुद्र, आशीष कुमार, तौसीफ अली, अनील कपूर, बृजेश यादव, ग्रिजेश कुमार, विजयलक्ष्मी जायसवाल, रुपाली श्रीवास्तव एवं रागिनी समेत अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया।

विद्यालय के संचालक डॉ. पंकज तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए केवल मोटिवेशन नहीं, बल्कि अनुशासन सबसे अधिक जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल, रील्स और अन्य नकारात्मक प्रभावों से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

# अवैध पिस्टल के साथ वांछित आरोपी गिरफ्तार



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत घुघली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के नेतृत्व में थाना घुघली पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त बलराम सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध 0.32 बोर पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त बलराम सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी ग्राम खुडुरी, थाना कोठीभार, जनपद महराजगंज है। उसे ग्राम मठिया नहर किनारे स्थित आम के बागीचे से गिरफ्तार किया गया। आरोपी थाना घुघली में दर्ज मुकदमा संख्या 93/2026 में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक भूपेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा सहित पुलिस टीम शामिल रही।

## बुढ़वल स्टेशन पर ट्रेन से 9 नाबालिग रेस्क्यू, बाल मजदूरी के लिए जा रहे थे पंजाब



**बुढ़वल, बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बुढ़वल ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 15212 से 9 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया। सभी बच्चे बिहार से बिना परिजनों के डरे-सहमे हालत में पंजाब व राजस्थान में बाल मजदूरी के लिए जा रहे थे। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके बाद उ.नि. जसवीर सिंह, स.उ.नि. संजीव कुमार यादव, हे.कां. रामानुज यादव व कां. धर्माग्यवार्ता सिंह ने संवाद सामाजिक संस्थान लखनऊ के प्रोग्राम मैनेजर आलोक मिश्रा, राज वर्मा, दिवांशु सिंह तथा चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी के सुपरवाइजर रोहित वर्मा व केस वर्कर रामाकांत रावत के साथ संयुक्त चेकिंग की। सुबह 08:59 बजे ट्रेन के प्लेटफॉर्म-2 पर पहुंचते ही कोच 255669 से 5 और 255412 से 4 बच्चों को शौचालय गैलरी से बरामद किया गया। पूछताछ में बच्चों ने अपना नाम नितेश, नीरज, अंकित, छीटाराम, अजय, अमन, आनंद, नितीश व रुपेश बताया। ये मोतिहारी, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा व बेतिया जिले के रहने वाले हैं। उम्र 14 से 17 वर्ष है। बच्चों ने बताया कि वे काम की तलाश में घर से निकले थे, पर जगह नहीं जानते। बाल श्रम की आशंका पर किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। आरपीएफ प्रभारी रवि कुमार ने बताया सभी बच्चों को सुबह 10:30 बजे काउंसिलिंग व अग्रिम कार्रवाई के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी को सुपुर्द कर दिया गया।

# भारत-नेपाल सीमा पर ड्रग तस्करी का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार

## भारी मात्रा में नशीली सिरप व कैप्सूल बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर सक्रिय ड्रग तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुरन्दरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रानीपुर चौराहे से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से व्यवसायिक मात्रा में नशीली सिरप और कैप्सूल बरामद किए हैं। कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अशोक मुथा जैन और पुलिस उपमहानिरीक्षक एस. चनप्पा के निर्देश पर की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुकेश पाण्डेय निवासी सिद्धार्थनगर और योगेश तिवारी निवासी गोरखपुर शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 123 पीस कोडिसुन सिरप, 960 नशीले कैप्सूल, दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त टीवीएस स्टार सिटी मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामद माल की कीमत लगभग 90 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे पिछले कई महीनों से गोरखपुर से नशीली दवाएं लाकर नेपाल में ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस के अनुसार इन दवाओं का उपयोग चिकित्सीय कार्यों के अलावा नशे के लिए कॉकटेल ड्रग के रूप में किया जा रहा था, जिससे युवाओं में लत और ओवरडोज का खतरा बढ़ रहा है।

# पीपीएस ट्रकिंग ने तीन नए भारतबेंज वर्कशॉप के साथ उत्तर प्रदेश में अपने सेवा नेटवर्क का विस्तार किया

*अवधनामा संवाददाता*

**कबरई।** डेमलर ट्रक एजी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स (डीआईसीवी) ने उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में तीन नए भारतबेंज सेवा केंद्रों के उद्घाटन की घोषणा की। झांसी, कबरई और चित्रकूट स्थित इन नए वर्कशॉप का संचालन पीपीएस ट्रकिंग द्वारा किया जाएगा, जो देश के सबसे व्यापक रूप से फैले ऑटोमोबाइल समूहों में से एक का हिस्सा है। यह विस्तार भारतबेंज की उस रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके तहत वह उच्च क्षमता वाले बाजारों में अपनी सेवा पहुंच को मजबूत करना चाहती है, जहां कमर्शियल वाहनों की आवाजाही अधिक है। नए सर्विसिंग वर्कशॉप के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, पीपीएस ट्रकिंग के प्रबंध निदेशक राजीव सांघवी ने कहा, भारतबेंज के साथ हमारी साझेदारी ग्राहक-केंद्रित और



गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। झांसी, कबरई और चित्रकूट में इन नई सुविधाओं के साथ, हम बुंदेलखंड के उच्च क्षमता वाले खनन और औद्योगिक मार्गों पर भारतबेंज के ग्राहकों को बेहतर सहायता प्रदान करने के लिए और भी अधिक सक्षम बन गए हैं। यह विस्तार हमें अपने ग्राहकों के और करीब लाता है और त्वरित, निर्बाध सेवा सहायता प्रदान करने, वाहनों के संचालन समय को बढ़ाने और अपने ग्राहकों के लिए अधिक लाभप्रदता सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। कानपुर-सागर राजमार्ग (NH 34) पर रणनीतिक रूप से स्थित कबरई (महोबा) में 60,000 वर्ग फुट का 7 सर्विसिंग-बे वाला संयंत्र, कबरई के विशाल पत्थर खनन क्षेत्र के वाहनों की जरूरतों को पूरा करेगा, जो पूरे राज्य से आने वाले ट्रकों के लिए एक प्रमुख लोडिंग हब है। कानपुर-झांसी राजमार्ग (NH 27) पर स्थित झांसी में 40,000 वर्ग फुट का नया सर्विसिंग वर्कशॉप, जिसमें 8 सर्विसिंग-बे हैं, कानपुर, बांदा और ग्वालियर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर चलने वाले वाहनों के साथ-साथ झांसी के पत्थर खनन क्षेत्रों में सेवा देने वाले वाहनों के बेड़े को भी सुविधा प्रदान करेगा।

## सरयू में स्नान के दौरान बड़ा हादसा, तीन युवक लापता

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रामनगरी में सरयू स्नान के दौरान गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। लक्ष्मण घाट क्षेत्र में स्नान कर रहे पांच श्रद्धालु अचानक तेज धारा की चपेट में आ गए। मौके पर तैनात जल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि तीन युवक अब भी लापता हैं। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया गया कि बस्ती जनपद से आए पांच युवक अयोध्या में एक किशोर का जन्मदिन मनाने पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद सभी सरयू नदी में स्नान करने लक्ष्मण घाट पहुंचे। स्नान के दौरान कुछ युवक गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव में डूबने लगे। शोर सुनकर मौके पर मौजूद जल पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

# जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण में डीएम ने परखी स्वास्थ्य सेवाएं

## सीएचसी मजबूत करने के दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रामा सेंटर, आयुष्मान वार्ड, सीटी स्कैन कक्ष, एसएनसीयू तथा पीकू वार्ड सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया और चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। सीएमएस ने बताया कि जिला अस्पताल में वर्तमान में 48 चिकित्सक एवं 108 स्टाफ नर्स सेवाएं दे रहे हैं। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान वार्ड में केवल दो मरीज मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए बेड ऑक्युपेंसी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है और अधिक से अधिक पात्र मरीजों को इसका लाभ मिलना चाहिए। पीकू वार्ड में भी मरीजों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। एसएनसीयू में मरीजों की संख्या और उपलब्ध बेड को देखते हुए डीएम ने शासन से अतिरिक्त बेड स्वीकृत कराने के लिए पत्राचार करने को कहा।

# विद्युत कार्यों में लापरवाही पर आयुक्त सख्त, खराब प्रदर्शन करने वाली कंपनियों पर कार्रवाई के संकेत

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा ।** देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि विद्युत कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को आयुक्त सभागार में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच एवं श्रावस्ती जनपदों की विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर बदलने, स्मार्ट मीटर, नए कनेक्शन और विभिन्न विद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त ने निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा में हर हाल में बदला जाए और उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

आरडीएसएस योजना के अंतर्गत अविद्युतीकृत बसावटों के विद्युतीकरण और नए विद्युत कनेक्शन जारी करने में धीमी प्रगति पर आयुक्त ने मेसर्स विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि कार्यों में जल्द सुधार नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। मनकापुर, बलरामपुर और गोण्डा क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों पर फ्यूज सेट लगाने की खराब प्रगति पर भी आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने मुख्य अभियंता विद्युत को संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एक्सईएन को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत फ्यूज सेट लगाए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा। मण्डलायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर मरम्मत में आने वाले खर्च की वसूली संबंधित एक्सईएन के वेतन से की जाए। उन्होंने सरकारी नलकूपों एवं पेयजल योजनाओं के ऊर्जीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में एसएमएम इंफ्राटेक को एक माह के भीतर सभी लंबित विद्युत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अन्य कार्यदायी संस्थाओं को भी दस दिनों में लंबित कार्य समाप्त करने को कहा गया। झटपट पोर्टल की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि एक भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने नए विद्युत संयोजन शीघ्र जारी करने तथा त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों का तत्काल संशोधन सुनिश्चित करने को कहा। स्मार्ट मीटर को लेकर फैल रही भ्रांतियों और शिकायतों पर चिंता जताते हुए आयुक्त ने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए ताकि लोगों का भरोसा बना रहे। विद्यालय परिसरों से गुजर रही एचटी और एलटी लाइनों की समीक्षा के दौरान गोण्डा में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सभी एजेंसियों को जल्द से जल्द स्कूल परिसरों को बिजली लाइनों से मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी विद्यालय के ऊपर बिजली के तार नहीं लटकने चाहिए।

# स्वच्छ सर्वेक्षण की रफ्तार में तेज़ी लाने की कोशिश

- टांडा पालिका क्षेत्र का एसडीएम के साथ नवागत ईओ बीना सिंह ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**टांडा अम्बेडकरनगर।** टांडा नगर पालिका को लंबे समय से अधिशाषी अधिकारी का इंतजार था, लेकिन अब उस इंतजार की सुई थम गई। बुधवार के दिन नगर पालिका परिषद टांडा को अकबरपुर नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह के लंबी छुट्टी से लौटने के बाद उन्हीं को जिलाधिकारी ईशा प्रिया के आदेश पर नवांगतुक अधिशाषी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करवा दिया गया है।

गौरतलब है कि टांडा नगर पालिका परिषद कार्यालय में नवागत अधिशाषी अधिकारी के रूप में बीना सिंह ने पदभार/कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात टांडा तहसील में कार्यरत तेजतर्रार उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर के नेतृत्व में संयुक्त रूप से पालिका टांडा क्षेत्र में साफ-सफाई व सामुदायिक शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का गहनता पूर्वक निरीक्षण कर खुली हकीकत जानने का प्रयास किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबे समय से टांडा नगर पालिका को तत्कालीन रहे अधिशाषी अधिकारी आशीष सिंह के राज्य मुख्यालय संबद्ध होने के बाद से इंतजार था लेकिन नवागत जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने और अब टांडा पालिका का नवागत अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह को बनाया अकबरपुर नगर पालिका के बाद टांडा नगर पालिका का भी अधिशाषी अधिकारी नियुक्त कर दिया है।

हालांकि बीना सिंह ने पदभार/कार्यभार ग्रहण करने के बाद टांडा के तेजतर्रार उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर के साथ शासन की मंशानुसार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार टांडा नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अभियान में तेज गति लाने का पुरजोर प्रयास शुरू कर दिया है।

दरअसल जनपद की जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने गत 5 मई को जनपद के समस्त अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए साफ-सफाई व सामुदायिक शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि की भौतिक गतिविधियों की जानकारी लेने के बाद भीषण गर्मी के दौरान पेयजल व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए नगर क्षेत्र में व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश जारी किया था।

इसी क्रम में बीना सिंह ने पदभार/कार्यभार ग्रहण करने के बाद पालिका के अधिकारी व कर्मचारीगण से शिष्टाचार भेंट कर सबका परिचय जानने का प्रयास किया। उन्होंने पालिका टांडा के अधिशाषी अधिकारी होने का परिचय देते हुए सख्त निर्देश दिया कि पालिका क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधि वाले मुद्दों पर कदापि की गई गलती क्षमा योग नहीं होगी। सबकी जवाब, देही तय की जाएगी।

नवांगतुक अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने पालिका टांडा क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का भी जायजा लिया और इन स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, तथा सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर भौतिक गतिविधियों का सत्यापन किया जिसके बाद पालिका टांडा के अधिकारी व कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर्म करने के भी निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर ने इस दौरान कहा कि स्मार्ट शहर, स्वच्छ व साफ सुथरा शहर की नीति स्वच्छता सर्वेक्षण के रूप में चलाई जा रही हैं।

# दिव्यागजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** समाज कल्याण विभाग जलालपुर द्वारा दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को जलालपुर ब्लॉक परिसर स्थित गायकवाड हाल में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और दिव्यांग प्रमाणपत्र तथा सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया।

शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांगजनों की स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत 42 आवेदकों को दिव्यांग प्रमाणपत्र के लिए पात्र पाया गया, जबकि सहायक उपकरणों के लिए 29 लोगों के आवेदन स्वीकार किए गए। इनमें से 9 आवेदकों को आगे की जांच एवं आवश्यक प्रक्रिया के लिए रेफर किया गया। कैंप में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पुरेंद्र के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने दिव्यांगजनों की गहन जांच की। इस दौरान डॉ. आर.एम. वर्मा, डॉ. डी.पी. वर्मा, डॉ. डी.पी. सिंह तथा डॉ. पांडे मौजूद रहे। चिकित्सकों ने बताया कि सभी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके बाद पात्र लाभार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रमाणपत्र एवं आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से स्पेशल एजुकेटर रविंद्र प्रताप निषाद, जगदीश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शिविर में पहुंचे दिव्यांगजनों ने समाज कल्याण विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से जरूरतमंद लोगों को काफी राहत मिलती है और सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो पाता है।

पूरे दिन चले इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिली। व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विभागीय कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक जरूरतमंद दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जाएगा।

# जनगणना 2027 के अंतर्गत 'स्व-गणना का हुआ शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के अंतर्गत 'स्व-गणना' कार्य का आज विधिवत शुभारंभ हो गया। नगर पालिका परिषद बांसी अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर नपा अध्यक्ष चमन आरा व अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश पटवारी और अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश व बडे बाबू जमील ने पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से अपनी स्व-गणना स्वयं पूर्ण कर इस अभियान की शुरुआत की।नगर पालिका प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, स्व-गणना का यह कार्य 7 मई से प्रारंभ होकर 21 मई तक चलेगा। इस प्रक्रिया के तहत नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश ने कहा, 'जनगणना राष्ट्र के विकास और योजनाओं के निर्माण का आधार होती है। तकनीक के इस दौर में स्व-गणना की सुविधा नागरिकों के लिए सरल है।' वहीं अधिशासी अधिकारी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर स्व-गणना समय पर पूर्ण करें।

# श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

- समापन 15 मई को विशाल भंडारे के साथ होगा
- कथा के पहले दिन उत्तम कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में निकली कलश यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** बृहास्पतिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का मुड़िला शिवदत्त में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा के घर श्रीगणेश हुआ। कथा के पहले दिन उत्तम कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में विश्व शांति के लिए सनातन संस्कारों के अनुरूप विधि-विधान से प्रातः हवन किया गया। आहुतियों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद कलश यात्रा निकाली गई।

हवन के उपरांत सदस्यों और उनके परिवारों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। हाथों में मंगल कलश लिए महिलाएं और बैंड-बाजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा मुड़िला शिवदत्त कृष्णा मिश्रा के घर से शुरू होकर बूढ़ी राप्ती घाट डुमरियागंज पहुंची। इसमें डीजे सहित चार पहिया व दो पहिया, ट्राली आदि वाहनों से लोग शामिल हुए। लोगों पुष्प वर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालु परिवारों ने जलपान व पुष्पों से कलश यात्रा का अभिनंदन किया।

**14 मई तक चलेगी कथा:** इस कथा के व्यवस्थापक व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा 7 मई से शुरू होकर 14 मई तक घर पर प्रतिदिन चलेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सपरिवार कथा का रसपान करने और प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन का समापन 15 मई को विशाल भंडारे के साथ होगा। शुभारंभ पर कलश यात्रा में स्वामी नाथ मौर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल एवं हमारे साथ अपने ग्राम के सभी सम्मानित जनता रामकिशोर यादव, राम देव मिश्रा, मनीष यादव, सरोज गुप्ता, राम उजागिर यादव, मयाराम गौतम, दुर्गा चौधरी, राजेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया नगर निकायों में कराए जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर निकायों में कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, कूड़ा निस्तारण एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर बना कर नालों की साफ सफाई ठीक कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा जन शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण करें और प्रगति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम सख्त, ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार के निर्देश

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद की सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद की सभी प्रमुख सड़कों और मार्गों पर आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। इन बोर्डों पर निकटतम अस्पताल, पुलिस स्टेशन, फायर स्टेशन तथा अन्य जरूरी सेवाओं की दूरी स्पष्ट रूप से अंकित की जाए, ताकि दुर्घटना या आपात स्थिति में लोगों को तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित स्थलों यानी ब्लैक स्पॉट्स को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जाए। साथ ही वहां चेतावनी बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, स्ट्रीट लाइट और रोड मार्किंग जैसी सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

# पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव हुआ सम्पन्न

- लगातार छठवीं बार अरुण कुमार प्रजापति निर्विरोध अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** पशुधन प्रसार अधिकारी संघ जनपद सिद्धार्थनगर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव गुरुवार को पशु चिकित्सालय नौगढ़ सदर के प्रांगण में संपन्न हुआ। पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के अधिवेशन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति और संचालन जिला मंत्री अवनीश त्रिपाठी ने किया।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की तरफ से चुनाव अधिकारी के रूप में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार नामित किए गए थे तथा पर्यवेक्षक के रूप में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नौगढ़ सदर डॉ राज बहादुर यादव मौजूद रहे। तत्पश्चात चुनाव अधिकारी के समक्ष पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया तथा नई कार्यकारिणी बनाने हेतु चुनाव अधिकारी से निवेदन किया। नामित चुनाव अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने अध्यक्ष, मंत्री, सहित सभी 6 पदो को पढ़कर सुनाया तथा निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की। पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के सभी सम्मानित सदस्यों ने अध्यक्ष पद पर लगातार छठवीं बार अरुण कुमार प्रजापति को निर्विरोध निर्वाचित किया। साथ ही साथ मंत्री पद पर अवनीश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पद पर अरुण कुमार, संयुक्त मंत्री पद पर अश्वनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष पद पर अरविंद चौधरी, ऑडिटर पद पर अमित यादव को निर्विरोध सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। संगठन का विस्तार करते हुए संरक्षक के रूप में रमेश चंद, राजेश कुमार और देवेंद्र प्रताप सहित संगठन मंत्री अरुण कुमार पांडे को नामित किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सिद्धार्थ नगर के अध्यक्ष अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष महेश्वर पांडेय भी मौजूद रहें। चुनाव संपन्न होने के उपरांत पदाधिकारियों ने एक स्वर में कर्मचारी एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए पूरे विकासखंड का भ्रमण किया। पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए विश्वास दिलाया कि जो समर्थन आप लोगों ने मुझे दिया है उसके लिए मैं हमेशा आप सभी का ऋणी रहूंगा।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, पहचान में जुटी पुलिस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** थाना मालीपुर क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो जाने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 07 मई 2026 को स्टेशन मास्टर द्वारा थाना मालीपुर पुलिस को मेमो के माध्यम से सूचना दी गई कि शाहगंज से अकबरपुर जा रही ट्रेन से एक व्यक्ति गिर गया है, जो ग्राम खालिसपुर भटौली रेलवे लाइन के किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल थाना मालीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। जांच के दौरान पुलिस को अकबरपुर-शाहगंज रेलवे ट्रैक के खंभा संख्या 887/17 के पास करीब 30 वर्षीय एक युवक मृत अवस्था में मिला। घटना की जानकारी होते ही आसपास के काफी लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। थाना अध्यक्ष मालीपुर स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की जा रही है तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मृतक की पहचान कराने का प्रयास भी किया जा रहा है।

## गरीब परिवार की बेटी की शादी के लिए विवेक मौर्य ने निभाया भाई धर्म

**अम्बेडकरनगर।** समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय नारायण फ़ाउंडेशन ने एक बार फिर जरूरतमंद परिवार की मदद कर मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश की है। संस्था के संरक्षक एवं भाजपा नेता विवेक मौर्य के निर्देश पर अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेवतरिया मुस्तफाबाद निवासी सभाजीत राजभर की पुत्री कुमारी नीलम राजभर के विवाह में गृह उपयोगी वस्तुएं एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया,नारायण फ़ाउंडेशन की ओर से बिटिया को बेड, सिंगारदान, पंखा, बक्सा, रजाई, तकिया, गद्दा, कुर्सी, मेज, प्रेस, मिक्सर, चादर तथा बाथरूम सेट सहित कई आवश्यक घरेलू सामान उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इस अवसर पर विवेक मौर्य ने कहा कि समाज की गरीब बहनों-बेटियों के विवाह में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए नारायण फ़ाउंडेशन सदैव हर जरूरतमंद परिवार के साथ खड़ा रहेगा,बताया गया कि नीलम राजभर का विवाह ग्राम रामपुर, पोस्ट जयसिंहपुर निवासी अजय राय के साथ तय हुआ था। परिवार द्वारा आर्थिक समस्या की जानकारी मिलने पर विवेक मौर्य ने स्वयं आगे बढ़कर मदद की और भाई धर्म निभाते हुए विवाह में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई,नारायण फ़ाउंडेशन द्वारा अब तक 95 से अधिक जरूरतमंद बहनों-बेटियों के विवाह में गृह उपयोगी वस्तुएं एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# 100 दिवसीय अभियान से टीबी मुक्त होगा बांसी, स्वास्थ्य विभाग ने झोंकी पूरी ताकत

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के 'टीबी मुक्त भारत' संकल्प को सिद्धि तक पहुँचाने के लिए सिद्धार्थनगर के बांसी क्षेत्र में जन-जागरूकता कार्यक्रमों की लहर चल रही है। 24 मार्च 2026 से शुरू हुए '100 दिवसीय विशेष टीबी मुक्त अभियान' के तहत स्वास्थ्य विभाग पूरी सक्रियता से स्क्रीनिंग और जन-संपर्क में जुटा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) बांसी के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार रंजन के नेतृत्व में गुरुवार को विभिन्न विभागों के साथ रणनीतिक बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी को सामाजिक कलंक के बजाय एक उपचार योग्य बीमारी के रूप में स्थापित करना है। बाल विकास परियोजना अधिकारी (CDPO) नीलम वर्मा की उपस्थिति में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करने और लक्षणों के प्रति ग्रामीणों को सचेत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। डॉ. रंजन ने बताया कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और स्कूलों के माध्यम से यह संदेश हर घर के चूल्हे तक आसानी से पहुँच सकता है।

पीएम श्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, अशोक नगर में बच्चों को टीबी से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान 'हैंड वाशिंग' (हाथ धोने) का लाइव डेमो देकर स्वच्छता और श्वसन स्वास्थ्य के अंतर्संबंधों को समझाया गया।

**इन श्रेणियों की होगी प्राथमिकता पर स्क्रीनिंग :** डॉ. राजीव कुमार रंजन ने स्पष्ट किया कि 100 दिनों के इस सघन अभियान में उन समूहों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से संवेदनशील हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमे वे लोग जो पहले टीबी से ग्रसित रह चुके हैं, ताकि पुनरावृत्ति की संभावना को खत्म किया जा सके।

कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों की नियमित जांच।मधुमेह (Diabetes), एचआईवी या अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति।ऐसे क्षेत्र जहाँ कम जगह में अधिक लोग रहते हैं और वेंटिलेशन की कमी है। 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग जिनमें लंबे समय से खांसी के लक्षण हों।अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार रंजन ने कहा हमारा लक्ष्य केवल मरीजों को खोजना नहीं, बल्कि उन्हें 'निक्षय पोषण योजना' के माध्यम से सही आहार और मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराकर पूरी तरह स्वस्थ करना है। बांसी का हर नागरिक इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का सहयोगी बने।इस दौरान एसटी एल एस चंदन सिंह वैभव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# सेवरही को मिली आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात, कालिंदी हॉस्पिटल का शुभारंभ



सेवरही में हॉस्पिटल्स का उद्घाटन करते विधायक पी एन पाठक

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के सेवरही नगर पंचायत स्थित अवदान टोला तमकुही रोड पर गुरुवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कालिंदी हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन हुआ। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मेराज अंसारी और नन्हे खान के प्रयासों से शुरू हुए इस अस्पताल को क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के हजारों लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।ग्रामीण एवं पिछड़े इलाके में स्थापित यह अस्पताल अब क्षेत्रवासियों के लिए राहत का बड़ा केंद्र बनेगा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अब गंभीर बीमारियों, दुर्घटना या जटिल ऑपरेशन के लिए लोगों को गोरखपुर और लखनऊ जैसे बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। कालिंदी हॉस्पिटल में 24म7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध रहेगी तथा हर समय विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की सेवा में मौजूद रहेंगे।अस्पताल में डॉ. सुफिया अंजुम (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. एम.ए.आर. खान (जनरल फिजिशियन) तथा डॉ. इमरान हुसैन खान (कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन) अपनी सेवाएं देंगे। यहां आधुनिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण, हड्डी एवं जोड़ों के ऑपरेशन, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल, नस दबना, रीढ़ की हड्डी खिसकना और टेढ़ेपन जैसी बीमारियों का इलाज किया जाएगा।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–सिग/टेंडर/09/2026–27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में स्थापित STATCON ENERGIA निर्मित IPS (24 नग) का 36 (छत्तीस) महीनों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,07,83,514.88/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,15,700.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.05.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग/टेंडर/09/2026–27 दिनांक: 06.05.2026 1532/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चौकाने वाला नतीजा

पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत ने सबकों चौकाया 22 साल पहले ममता बनर्जी फायर ब्रीगेड नेता थी तब उन्होंने बंगाल में 22 सालों से लम्बे समय से जमें कम्युनिस्ट शासन को उखाड फेका था। आज वह लम्बे पारी के बाद बंगाल का चुनाव हार गई। हार के बाद बार-बार भाजपा शासन पर बेइमानी का आरोप लगाती रही है और अभी भी लगा रही है। उन जैसे कद्दावर नेता लिये यह अशोभनीय लगता है। क्षेत्र के हिसाब से मोदी और शाह की जोड़ी भाजपा प्रमुख ठीक दिशा में बढ़ा रहे है। मोदी का लम्बा शासन बिना किसी भ्रष्टाचार के आरोप के नवयुवकों को काफी प्रभावित कर रहा है। चुनाव बाद काउन्टिग के लेकर बंगाल के चुनाव नतीजो को लेकर लोगो में उत्सुकता थी। ममता का शासन दोषरहित नहीं रहा है। टीचर्स के मामले को लेकर उन पर गहरा आक्षेप लगता है।

तामिलनाडु में ने फिल्मी सितारे विजय ने टीवी पार्टी बनाई थी आज वह सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जीत कर उभरे है। उनके केन्द्र में नौजवान है। पश्चिम बंगाल में 15 साल पहले ममता ने लेफ्ट के शासन को खत्म कर अपने लिये पोख्ता जमीन तैयार की थी जो आज खिसक गयी है। उनके जाने से बंगाल में नये राजनीति की पहचान बनेगी। क्योकि यहां बंगाली अस्मिता के नाम पर लड़ा गया था। मोदी की बेदाग छवि सभी पर भारी पड़ रही है। इस समय देश में उनके टक्कर का कोई नही दिख रहा है। शाह के साथ उनकी जोडी कमाल पर कमाल कर रही है।

बंगाल की जीत के बाद देश के 22 राज्यों केन्द्र प्रशासित राज्यों में बीजीपी एडीए का विस्तार हो चुका है। भाजपा को तामिलनाडु से बेहतर नतीजे के उम्मीद रही होगी। केरल में यद्यपि कांग्रेस आगे रही है लेकिन उसके सामने राष्ट्रीय राजनीति में खुद को प्रासिंगक बनाये रखने की बड़ी चुनौती होगी। अन्तरराष्ट्रीय राजनीति की ओर मुड़े तो ईरान अमेरिका के जहाज पर मिसाइल अटैक करने का दावा कर रहा है जिसे ट्रम्प झूठ बता रहे है। अमेरिका ने जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिये प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया है। इसके अन्तर्गत 15000 अमरिकी सैनिक शामिल होगे। 100 से ज्यादा विमान गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रायर लगायेगा।

ईरानी न्यूज एजेन्सी फसि के मुताबिक अमेरिकी जहाज पर हमला तब हुआ जब उसने ईरानी नौसेना की चेतावनी को नजरअन्दाज कर जब होर्मुज से गुजर रहे थे। अमेरिका फंस हुये जहाजों को बाहर निकालने के लिये प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया है। अमेरिका का दावा है कि उसमें अमेरिका झन्डे वाले का सुरक्षित निकलने के लिये होर्मुज को पार करा दिया है। प्रोजेक्ट फ्रीडम के बारे में बताते हुये समुद्री यात्रियों को ओमान के अधिकारियों के साथ समन्वय करने को कहा है। अमेरिकी टास्क फोर्स ने चेतावनी दी है कि सामान्य यातायात मार्ग के पास से गुजरना खतरनाक हो सकता हैं क्योकि बारूदी सुरंगों की आशंका है। इरान अपना दावा कर अमेरिका को नुकसान पहुंचाने का बात कर रहा है। यही अमेरिका इसे झूठ करार कर कह रहा है उसके किसी भी जहाज को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है।

तेरी नीची नजर खुद तेरी इस्मत की मुहफ्जि है।
तू इस नश्तर के तेजी आज़मा लेती तो अच्छा था।।

## ब्रह्मांड के सबसे बड़े देवता माता-पिता

**संजीव ठाकुर**

मां शब्द बड़ा ही मृदु, विशाल और व्यापक होता है पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां ,धरती, जननी, धरा ,माते इतने पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती हैं और पिता वटवृक्ष से घना साया हैं मातृ - पितृ ऋण से कभी उबरा नहीं जा सकता है। पितृ पक्ष में माता-पिता के ऋण से ऊबरने के ब्रह्मांड के सबसे बड़े देवता माता-पिता। बुजुर्गों की सेवा सबसे बड़ा तीर्थ लिए ऐसे व्यक्ति भी जोर-जोर से श्राद्ध कर्म करके लोगों को भोजन से तृप्त करने का प्रयास करते हैं जिन्होंने अपने माता-पिता के जीवित रहते हुए कभी उनके प्रति श्रद्धा के भाव नहीं दिखाएं एवं उनकी यथोचित श्रद्धा पूर्वक सेवा तथा देखभाल नहीं की थी।जिस संतान ने अपने माता-पिता के जीवित रहते हुए उनकी सच्ची सेवा एवं सर्वांगीण सम्मान किया हो केवल वे ही मातृ-पितृ ऋण से उबरने के लाभ के हकदार होते हैं। जीवित अवस्था में अभाव में भोजन पानी को तरसते हुए माता-पिता की मृत्यु के पश्चात अपनी आत्म संतुष्टि और सामाजिक रूप से दिखावे के लिए संतानों द्वारा किया गया श्राद्ध कर्म मिथ्या अथवा आडंबर ही हो सकता है सच्ची सेवा नहीं। यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं। स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं। भारत इस मामले में काफी हद तक सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है मां-बाप संतानों के पास रहते हैं और शांतिपूर्वक जीवन यापन करते हैं। कुछ प्रतिशत छोड़ दिया जाए महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है कि जब व्यक्ति अत्यंत अनुभवी परिपक्व, प्रबुद्धशाली हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन शीलता और परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं। यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है। वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से घिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है।

'इश्क़ ना-कामयाब होना था
मुझ को ख़ाना-ख़राब होना था

तुम से जब बात हो न पाई कभी
यूँ लगा दिन ख़राब होना था

आ गए तुम तो मै-कदा क्या है
वर्ना शौक़-ए-शराब होना था

बेबसी क्यों बसी है चितवन में
तेरी आँखों में ख़्वाब होना था

ज़ाहिद-ओ-पारसा से गुफ़्त-ओ-शुनीद
बस 'अज़ाब-ओ-सवाब होना था

क्यों किसी और का नसीब हुए
तुम को मेरा निसाब होना था

नफ़रतों की सियासतें कब तक
कोई दिन इज्तिनाब होना था

धोका सहरा में खा गए 'शारिब'
दश्त था तो सराब होना था

**-सय्यद इक़बाल रिज़वी शारिब**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा।**

# जय सोमनाथ!

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।



**नरेन्द्र मोदी**

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा है: प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा।

यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और



आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है।

1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया। दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। इसी समय सरदार पटेल की 125वीं जयंती भी मनाई जा रही थी। इस कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की मौजूदगी ने इसे और भी गरिमापूर्ण बना दिया।

11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं। पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी।

# प्रोफेसर मीनू बख्शी- कला, कलम और संस्कृति का संगम

**अली आबिदी अमरोहवी**

इतिहास और कला के क्षितिज पर ऐसी शख्सियतें बिरले ही उभरती हैं, जिन्होंने ज्ञान की गहराई और फन की बारीकियों को इस तरह आत्मसात किया हो कि वे स्वयं एक संस्था बन जाएं। प्रोफेसर मीनू बख्शी एक ऐसा ही बहुआयामी नाम है, जिनकी आवाज़ में रूह का सुकून है और जिनकी कलम जज़्बात की मुकम्मल जुबान है। वे केवल एक विदुषी या प्रोफेसर नहीं, बल्कि तहज़ीब का वह सलीका हैं जिन्होंने गज़ल की रिवायत में आधुनिकता का नया रंग भरा है। उनके सुर और शब्द श्रोता को एक ऐसी जादुई दुनिया में ले जाते हैं, जहाँ से वापसी मुमकिन नहीं। वे उस सांस्कृतिक विरासत का आईना हैं, जिसकी चमक को आने वाली नस्लें लंबे समय तक महसूस करती रहेंगी।

दिल्ली के एक कुलीन पंजाबी परिवार में जन्मी मीनू बख्शी की शैक्षिक यात्रा जितनी मेधावी रही, उतनी ही प्रेरणादायक भी। सेंट थॉमस स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा और प्रतिष्ठित मिरांडा हाउस से स्नातक करने के बाद, उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से स्पेनिश साहित्य में एम.ए. और एम.फिल. की उपाधि प्राप्त की। बाद में वे इसी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएँ देकर शिक्षा जगत को समृद्ध करती रहीं। उनकी भाषाई विशेषज्ञता का प्रमाण यह है कि वे तीन दशकों से अधिक समय से भारत सरकार की आधिकारिक 'इंटरप्रेटर' (दुभाषिया) रही हैं। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री स्तर की द्विपक्षीय वार्ताओं में उनकी अनुवाद कुशलता ने कूटनीतिक सेतु का कार्य किया। उनके इसी विशिष्ट योगदान को देखते हुए स्पेन के राजा ने उन्हें स्पेन के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ क्वीन इसाबेला' से नवाज़ा, जो उनके वैश्विक कद को दर्शाता है।अपनी निपुणता और समर्पण से आप न केवल अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती हैं, बल्कि उस पद और कार्य को भी गौरवान्वित कर देती हैं।

डॉ. मीनू बख्शी को अगर उर्दू अदब के चश्मे से देखें, तो वे सूफियाना परंपरा और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक राजनय का जीवंत प्रतीक नज़र आती हैं। उनके भीतर एक शिक्षाविद की बौद्धिक गहराई और एक कवयित्री का कोमल हृदय एक साथ धड़कता है। अब तक उनके सात कविता संग्रह–'तिश्नगी', 'मौज-ए-सराब', 'उफ़ुक के पार' और 'अब्र-ए-करम' और जुस्तजू के साथ साथ बारिश ए रहमत और फ़रियाद–अदबी दुनिया में अपनी धाक जमा चुके हैं।

उनकी शायरी पर उर्दू के दिग्गजों ने अपनी मुहर लगाई है, जिसका प्रमाण है प्रोफ़ेसर ज़फ़र अंसारी की किताब 'प्रोफ़ेसर मीनू बख्शी फ़िक्री व फ़न्नी जिहात '। इस किताब में तीस से अधिक उर्दू के मशहूर लेखकों ने आपके जीवन और कार्यों पर रोशनी डाली है। प्रसिद्ध अभिनेत्री और कलाकार शबाना आज़मी ने उनकी रचनाओं पर टिप्पणी करते हुए कहा था, मीनू की शायरी में वह सादगी है जो सीधे दिल में उतरती है। फिल्म निर्देशक मुजफ्फर अली जब उनके ऊपर कलम उठाते है तो वोह लिखते है कि मीनू की रचनाओं में क्लासिकी रवायत और



समकालीन संवेदनाओं का अद्भुत संतुलन मिलता है।

संगीत के प्रति मीनू बख्शी का गहरा लगाव भी उनकी एक और पहचान है। उन्होंने पटियाला घराने के उस्तादों के सानिध्य में शास्त्रीय संगीत का गहन प्रशिक्षण लेकर अपनी कला को न केवल निखारा, बल्कि उसमें एक अभिनव दृष्टिकोण भी जोड़ा। संगीत में उनके इसी मौलिक और नए प्रयोगों के कारण आज उन्हें वैश्विक स्तर पर विशेष ख्याति प्राप्त हो रही है। मलिका-ए-गज़ल बेगम अख्तर की गायकी के प्रभाव ने उन्हें गज़ल गायकी की ओर प्रेरित किया। उन्होंने न केवल गज़लों को नई बुलंदियाँ दीं, बल्कि पंजाबी लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए 'लाओ मेहंदियां' और 'बैंड बाजा पंजाब' (8 सीडी का संग्रह) जैसे ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स को अंजाम दिया। उनके गायन का दायरा इतना विस्तृत है कि एक तरफ जहाँ वे सूफियाना कलाम से रूह को भिगोती हैं, वहीं दूसरी ओर मीका सिंह के साथ उनका गाना 'डीजे वालेया' आज की पीढ़ी के बीच भी उतना ही लोकप्रिय बन जाती है।जिस भी मंच पर उनकी उपस्थिति होती है, वह कार्यक्रम सफलता के नए सोपानों को छू लेता है।

प्रो. फेसर मीनू बख्शी किसी परिचय या सम्मान की आकांक्षी नहीं हैं बल्कि सच तो यह है कि उनके जुड़ने से स्वयं सम्मान की गरिमा बढ़ जाती है। देश विदेश के अनेकों सम्मान मीनू बख्शी को हासिल है जिसमें विशेष रूप से 2013 में 'इल्मी मजलिस बिहार अवार्ड' से लेकर 2022 के 'नवा-ए-सुखन भारत सम्मान' तक, आपकी उपलब्धियों की यात्रा गौरवशाली रही है। आपको 2014 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा 'ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड' और 'अमीर खुसरो अवार्ड' से नवाजा गया, वहीं 2018 और 2024 में 'दिल्ली उर्दू अकादमी अवार्ड' आपकी साहित्यिक सेवाओं का प्रमाण हैं। 2019 में 'वुमन ऑफ द डिकेड' का सम्मान और राय यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलना आपके व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। उन्होंने यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल की मानद अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है, देश विदेश के बड़े कला मंच और सांस्कृतिक फेस्टिवल उनके बिना अधूरे है।आपकी इसी निपुणता और कला के प्रति अटूट समर्पण को देखते हुए यह कहना उचित होगा कि आप जैसे व्यक्तित्व को 'पद्म श्री' सम्मान से अलंकृत किया जाना समय की मांग और एक तरह से कला और संस्कृति का सम्मान है।

इतनी शोहरत और अकादमिक ऊंचाइयों के बावजूद, डॉ. मीनू बख्शी की सबसे बड़ी पूंजी उनकी विनम्रता (इंकिसारी) है। वे एक संवेदनशील समाजसेवी भी हैं। 'सवेरा एसोसिएशन' की उपाध्यक्ष के रूप में वे वर्षों से वंचित बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए समर्पित हैं। वे अक्सर दुनिया भर में 'चैरिटी कंसर्ट' करती हैं, ताकि कला के माध्यम से प्राप्त धन का उपयोग मानवता की सेवा में किया जा सके।

देखा जाए तो डॉ. मीनू बख्शी आज के दौर में उस 'दबिस्तान-ए-इश्क' (प्रेम की पाठशाला) की तरह हैं, जहाँ परंपराएं आधुनिकता से हाथ मिलाती हैं और शब्द सुरों में ढलकर इबादत बन जाते हैं। वे सही मायनों में एक ऐसी 'सांस्कृतिक दूत' हैं, जिन्होंने भाषा, संगीत और सेवा के त्रिकोण से सरहदों को जोड़ने का काम किया है। उनका व्यक्तित्व इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रतिभा के साथ समर्पण और मानवता जुड़ जाए, तो वह व्यक्ति केवल एक कलाकार नहीं रहता, बल्कि एक युग बन जाता है। मीनू बख्शी का सफर केवल उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि कला और तहज़ीब की एक अविरल बहती धारा है।

**मीनू बख्शी के मशहूर शेर**

**तेरे ही ग़म से मेरी तबीअत बहल गई**
**तू याद आ गया तो मेरी जाँ सँभल गई**
**यूँ तेरे ग़म में हूँ पामाल कि लगता है मुझे**
**ज़िंदगी जैसे अज़िय्यत के सिवा कुछ भी नहीं**
**जिस की फ़ितरत है जफ़ा और सितम है शेवा**
**है वही दिल का निगहबान ख़ुदा ख़ैर करे**
**जो किसी ने मुझ से पूछी मेरी आख़िरी तमन्ना**
**तेरा नाम ही तो आया मेरे लब पे डरते डरते**
**शिकायत उस से है जिस पर फ़िदा हूँ**
**मुझे शिकवा नहीं सारे जहाँ से**
**क्यूँ साँस घुट रही है क्यूँ मुज़्तरिब है दिल भी**
**शायद खुली फ़ज़ा में ताज़ा हवा नहीं है**

# अधूरी सुविधा से पूरा पोषण कैसे मिलेगा?

**सभी आंगनबाड़ी केंद्र एक जैसे नहीं हैं। कुछ केंद्र ऐसे हैं जहां बच्चों के लिए रंग-बिरंगे चार्ट, खिलौने, साफ-सुथरा वातावरण और नियमित भोजन की व्यवस्था होती है। इन केंद्रों में आने वाले बच्चे न केवल स्वस्थ दिखते हैं, बल्कि उनमें सीखने की उत्सुकता भी साफ नजर आती है। वहां की गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाती है, जिससे उनके और उनके बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव दिखाई देता है। ऐसे केंद्र इस बात का प्रमाण हैं कि यदि योजनाओं को सही ढंग से लागू किया जाए, तो बदलाव संभव है।**

गांवों में जब किसी घर में बच्चे का जन्म होता है या कोई महिला गर्भवती होती है, तो सबसे पहले जिस सरकारी व्यवस्था का नाम सामने आता है, वह है आंगनबाड़ी केंद्र। यह केंद्र केवल ग्रामीण समाज के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य का पहला दरवाज़ा माना जाता है। वर्षों पहले जब समेकित बाल विकास सेवा योजना की शुरुआत हुई थी, तब इसका उद्देश्य स्पष्ट था गांव के छोटे बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को कुपोषण से बचाना और उन्हें स्वस्थ जीवन की दिशा देना। आज बिहार में हजारों आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिनसे लाखों परिवार जुड़े हुए हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन केंद्रों से मिलने वाली सुविधाएं हर गांव तक समान रूप से पहुंच पा रही हैं? वर्तमान समय में बिहार में लगभग 1,14,805 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिनमें से अकेले सीतामढ़ी जिले में करीब 3,783 केंद्र कार्यरत बताए जाते हैं। इनके माध्यम से बच्चों को पूरक पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा और गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी सलाह जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।



**गुड्डी कुमारी**

आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों में कुपोषण को कम करने, स्कूल छोड़ने की दर घटाने और माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। कई क्षेत्रों में इन प्रयासों का सकारात्मक असर भी देखने को मिला है। स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, जहां आंगनबाड़ी सेवाएं नियमित रूप से मिल रही हैं, वहां बच्चों का वजन और ऊंचाई पहले की तुलना में बेहतर हुई है और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया जैसी समस्याओं में भी कमी दर्ज की गई है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी कम चिंताजनक नहीं है।

राज्य के कई गांवों में लोग यह शिकायत करते हैं कि उन्हें आंगनबाड़ी से मिलने वाली सभी सुविधाएं समय पर नहीं मिलतीं। कुछ जगहों पर पोषण सामग्री का वितरण अनियमित है, तो कहीं बच्चों के लिए शिक्षा सामग्री या खेल सामग्री का अभाव देखा जाता है। यही स्थिति सीतामढ़ी जिले के रीगा ब्लॉक स्थित रामनगर गांव के वार्ड संख्या 11 और 12 में भी देखने को मिलती है। यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाला पोषण समय पर नहीं मिलता, और कई बार महीनों तक राशन का वितरण रुक जाता है। जब ग्रामीण इस समस्या की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करते हैं, तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इससे लोगों का भरोसा इस व्यवस्था पर धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा



रहा है। यह भी एक सच्चाई है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र एक जैसे नहीं हैं। कुछ केंद्र ऐसे हैं जहां बच्चों के लिए रंग-बिरंगे चार्ट, खिलौने, साफ-सुथरा वातावरण और नियमित भोजन की व्यवस्था होती है। इन केंद्रों में आने वाले बच्चे न केवल स्वस्थ दिखते हैं, बल्कि उनमें सीखने की उत्सुकता भी साफ नजर आती है। वहां की गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाती है, जिससे उनके और उनके बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव दिखाई देता है। ऐसे केंद्र इस बात का प्रमाण हैं कि यदि योजनाओं को सही ढंग से लागू किया जाए, तो बदलाव संभव है।

दरअसल, पहले के समय में बच्चों का कुपोषण आम बात थी। कई बच्चे कमजोर पैदा होते थे और छोटी उम्र में ही बीमारियों का शिकार हो जाते थे। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों की शुरुआत के बाद धीरे-धीरे स्थिति में सुधार देखने को मिला। अब कई गांवों में बच्चों का नियमित वजन मापा जाता है, टीकाकरण समय पर होता है और गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियां भी दी जाती हैं। इन सुविधाओं ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में काफी बेहतर किया है। फिर भी, यह सुधार हर गांव तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। इसका एक बड़ा कारण निगरानी व्यवस्था की कमजोरी और संसाधनों का असमान वितरण माना जाता है। कई बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर काम का बोझ इतना अधिक होता है कि वे सभी जिम्मेदारियों को समय पर पूरा नहीं कर पातीं।

दूसरी ओर, कुछ जगहों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस व्यवस्था को कमजोर बना रही है। यदि पोषण सामग्री समय पर नहीं पहुंचेगी, तो बच्चों का विकास कैसे सुनिश्चित होगा? सीतामढ़ी के रामनगर गांव जैसे उदाहरण यह दिखाते हैं कि योजनाओं का लाभ तभी प्रभावी हो सकता है, जब उनकी निगरानी मजबूत हो और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर पोषण सामग्री और अन्य सुविधाएं मिलें, तो उनके बच्चों का भविष्य बेहतर हो सकता है। लेकिन जब बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती, तो लोगों के मन में निराशा घर कर जाती है। यह भी जरूरी है कि सरकार के साथ-साथ समाज भी इस व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाए। यदि अभिभावक नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों में जाएं, बच्चों को वहां भेजें और किसी भी समस्या की जानकारी समय पर दें, तो स्थिति में सुधार संभव है। इसके साथ ही, प्रशासन को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि हर केंद्र में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाए।

आज बिहार के गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र एक उम्मीद की तरह खड़े हैं एक ऐसी उम्मीद, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और माताओं के स्वस्थ जीवन से जुड़ी है। लेकिन यह उम्मीद तभी पूरी हो सकती है, जब हर केंद्र में सुविधाएं समान रूप से उपलब्ध हों और किसी भी गांव को इस अधिकार से वंचित न रहना पड़े। प्रश्न यह उठता है कि जब सरकार ने लाखों बच्चों और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इतनी बड़ी व्यवस्था बनाई है, तो फिर आज भी कुछ गांवों में बच्चे कुपोषण का शिकार क्यों हैं? क्यों कुछ माताओं को वह पोषण और देखभाल नहीं मिल पा रही, जो उनका अधिकार है? और सबसे बड़ा सवाल, क्या हम सच में अपने भविष्य, यानी अपने बच्चों के स्वास्थ्य और विकास को लेकर इतने गंभीर हैं, जितना हमें होना चाहिए?

# एक लाख का इनामी बदमाश बबलू सिंह मुठभेड़ में गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



■ ससुर खदेरी नदी के पास जंगल में हुई मुठभेड़, दोनों पैरों में लगी गोली

**फतेहपुर।** जनपद पुलिस को बुधवार देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी, जब थाना खागा, हथगांव, थरियांव एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान एक लाख रुपये के इनामी बदमाश बबलू सिंह उर्फ भूत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कार्रवाई के दौरान अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

पुलिस के अनुसार थाना खागा क्षेत्रान्तर्गत ससुर खदेरी नदी के पास जंगल में वांछित अभियुक्त की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस टीम का सामना इनामी बदमाश बबलू सिंह उर्फ भूत पुत्र धर्मराज उर्फ मन्ना सिंह निवासी गढ़ी कस्बा थाना खागा से हो गया। बताया गया कि पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त ने अवैध तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई, जिसमें अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, चार खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा 1600 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। घायल अभियुक्त को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त थाना खागा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 115/26 में वांछित था। उसके विरुद्ध धारा 70(1), 3(5), 74, 130, 308(2), 352, 351(3), 115(2), 127(2) बीएनएस तथा 66(E) आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

# 22 मई को महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी

अवधनामा संवाददाता

■ क्षत्रिय महासभा की बैठक में लिया गया निर्णय

**मथुरा।** वृंदावन क्षत्रिय महासभा द्वारा 22 मई को महाराणा प्रताप जी की भव्य शोभायात्रा वृंदावन में निकाली जाएगी यह शोभायात्रा ठाकुर श्री अंतर्यामी मंदिर से प्रारंभ होकर दुसायत मोहल्ला, स्नेह बिहारी मंदिर, अठखम्मा, बनखंडी, लोई बाजार, प्रताप बाजार के साथ नगर विभिन्न मार्गों से भ्रमण करती हुई गोविंद घेरा पर संपन्न होगी। जिसकी जानकारी वृंदावन क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता का आयोजन कर दी। वृंदावन क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सिंह ने बताया कि

इस बार महाराणा प्रताप जी की शोभायात्रा में प्रस्तुत की जा रही सर्व समाज की विविध झांकियां हमारे सनातन धर्म की एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त प्रतीक होंगी। भगवान श्रीरामचंद्र जी, महर्षि परशुराम जी, महाराज अग्रसेन जी, महर्षि वाल्मीकि जी एवं निषादराज जैसी महान विभूतियों की झांकियां भी इस शोभायात्रा का हिस्सा होंगी जिससे कि यह संदेश जाएगा कि हमारी परंपरा विविधता में एकता की रही है। वृंदावन क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी जितेंद्र सिंह राणा ने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक परंपरा और प्रत्येक महापुरुष हमारे सांझे इतिहास और संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। जब हम सब मिलकर इन महान आदर्शों को स्मरण करते हैं, तो समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और सम्मान की भावना और अधिक मजबूत होती है।

ठाकुर राधा किशन सिंह (जैत) याद दिलाया कि महाराणा प्रताप जैसे वीर योद्धाओं ने केवल युद्ध ही नहीं लड़े, बल्कि न्याय, स्वाभिमान और संस्कृति की रक्षा का संदेश भी दिया। क्षत्रिय समाज का मूल धर्म केवल शस्त्र धारण करना नहीं, बल्कि निर्बलों की रक्षा करना, सत्य और न्याय के पक्ष में खड़ा रहना तथा समाज में सम्मान और समरसता बनाए रखना रहा है।

# जिला अस्पताल में डीएम का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर नाराजगी

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम सीधे वार्डों में पहुंचीं और भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों से बातचीत कर इलाज, दवाओं की उपलब्धता तथा साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने जनरल वार्ड, इमरजेंसी, ओपीडी और दवा वितरण काउंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से पूछा कि डॉक्टर समय पर आते हैं या नहीं तथा अस्पताल से पर्याप्त दवाएं मिल रही हैं या बाहर से दवा खरीदनी पड़ रही है। इस दौरान कई तीमारदारों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतें भी दर्ज कराईं।

**सीएमएस को दिए सख्त निर्देश**

निरीक्षण में मिली खामियों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सीएमएस को व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को समय पर उपचार मिलना चाहिए और अस्पताल में उपलब्ध दवाएं मरीजों को यहीं से दी जाएं। अस्पताल परिसर में दलालों की सक्रियता पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि बाहर की दवा लिखने की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं, जिन्हें गंभीरता से लिया जाएगा। डीएम ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, ट्रॉमा सेंटर, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब और आईसीयू की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आईसीयू में सभी उपकरण अद्यतन स्थिति में रहें और पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध रहे, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जनसामान्य से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी पटलों पर पारदर्शिता बनाए रखने और ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दोहराए गए।

# 15 दिन बाद पुलिस ने एनकाउंटर में दो बदमाशों को किया ढेर

अवधनामा संवाददाता

■ 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था

**मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्र के टैंटीगांव में हुई सनसनीखेज डकैती का गुरुवार सुबह पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए दो कुख्यात बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मारे गए बदमाशों की पहचान राजस्थान निवासी धर्मवीर उर्फ लंबू और राजेंद्र उर्फ पप्पू के रूप में हुई है, जो कुख्यात बावरिया गैंग के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं। दोनों पर डीआईजी स्तर से 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

गुरुवार सुबह टैंटीगांव क्षेत्र में पुलिस को बदमाशों की मौजूदगी की सूचना मिली। घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में स्वाट टीम प्रभारी अजय वर्मा और कांस्टेबल दुर्विज सिंह भी घायल हुए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि 23 अप्रैल की रात नकाबपोश बदमाशों ने व्यवसायी अजय अग्रवाल के घर में घुसकर पूरे परिवार को बंधक बना लिया था। बदमाश करीब दो घंटे तक घर में आतंक मचाते रहे और 3.22 लाख रुपये की नकदी तथा करीब 12 लाख रुपये के आभूषण लूट ले गए थे। जाते समय बदमाश सीसीटीवी कैमरे तोड़कर डीवीआर भी अपने साथ ले गए थे ताकि पहचान न हो सके। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की 17 टीमें लगाई गई थीं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए अलीगढ़ जिले के खैर तक पहुंची। वहीं 25 अप्रैल को खैर क्षेत्र में भी इन्हीं बदमाशों ने एक व्यापारी के घर डकैती का प्रयास किया था।

# नगर निगम का स्व-गणना जागरूकता अभियान शुरू

**मथुरा।** भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य को सरल, त्वरित और अधिक सटीक बनाने के उद्देश्य से नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा 7 मई से 21 मई तक विशेष 'स्व-गणना जागरूकता अभियान' प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन स्व-गणना करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी के नेतृत्व में तथा फील्ड ट्रेनर बलवीर सिंह के सहयोग से महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त जग प्रवेश एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। महापौर और नगर आयुक्त ने आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर अपनी जानकारी दर्ज कर फॉर्म सफलतापूर्वक सबमिट किया।

# खाद्य विभाग ने रसोई में प्रयोग होने वाले तेल के 11 नमूने लिए

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय, मथुरा के आदेश के अनुपालन में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद में घी एवं खाद्य तेल पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)।। के नेतृत्व व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह द्वारा कोतवाली रोड मथुरा से फॉर्च्यून ब्राण्ड कच्ची घानी सरसों का तेल व गोवर्धन ब्राण्ड प्योर काउ घी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। मोहर सिंह कुशवाह द्वारा कस्बा सौंख से स्कूटर ब्राण्ड रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल व कोतवाली रोड मथुरा से पिंकसिटी कच्ची घानी सरसों का तेल तथा गोवर्धन से गुलाब प्लेटिनम मूंगफली का तेल का एक-एक नमूना, राम नरेश खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बल्देव रोड, लक्ष्मीनगर से विभोर ब्राण्ड रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल एवं पिंकसिटी ब्राण्ड का ग्राउण्ड नट ऑयल का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। जितेन्द्र सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कोसीकलां से राग गोल्ड रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल एवं बेस्ट चॉयस सोयाबीन ऑयल का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। दलवीर सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कोसीकलां से नाइस एन लाइट ब्राण्ड फैट स्प्रेड का एक नमूना संग्रहित किया गया। अरूण कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बाजना क्षेत्र से चांसलर ब्राण्ड सरसों का तेल का एक नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित किये गये कुल 11 नमूनें खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हाइवे के टोल प्लाजा पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** राष्ट्रीय राजमार्ग के उकासा स्थित टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विशेष नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख उत्तम सिंह के मुताबिक शिविर का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों, विशेषकर ट्रक चालकों और परिचालकों की दृष्टि क्षमता की जांच कर उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना था। शिविर में कुल 53 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें अधिकांश ट्रक चालक शामिल रहे। टोल प्लाजा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने आधुनिक उपकरणों की सहायता से उपस्थित लोगों की आंखों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान कई चालकों में दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं, जिन्हें तत्काल परामर्श दिया गया। कुछ लोगों को चश्मा लगाने की सलाह दी गई, जबकि अन्य को आंखों की नियमित देखभाल, समय-समय पर जांच और संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### पाइपलाइन से सड़क पर जलभराव, हादसे का खतरा बढ़ा

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** नगर के लौना रोड पर इन दिनों गंभीर समस्या बनी हुई है। अनूप शुक्ला के मकान से लेकर इंडियन गैस एजेंसी तक सड़क पर पानी की पाइपलाइन लीकेज होने से लगातार पानी बह रहा है, जिससे पूरे मार्ग पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि पाइपलाइन फटने के कारण सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग झांसी मेन रोड से जुड़ा प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में जलभराव और गहरे गड्ढों के कारण हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने नए शैक्षिक सत्र की समीक्षा बैठक



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** टीएफसी वृंदावन के कॉन्फ्रेंस हॉल में माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत आयोजित परीक्षाओं एवं आगामी उच्च शिक्षा सत्र 2026-27 को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रोफेसरों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान माननीय मंत्री द्वारा नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी महाविद्यालयों को पूर्ण सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। इसके साथ ही मंत्री महोदया ने महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं पर विशेष बल दिया।

### सभी जनपदों में सूचना संकुल स्थापना की मांग

**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में 'सूचना संकुल' स्थापित किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान की ओर से भेजे गए पत्र में पत्रकारों और मीडिया कर्मियों के लिए बेहतर कार्य व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई है। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2015 में सभी जिलों में सूचना संकुल स्थापित करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक इस दिशा में जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। शासन के तत्कालीन परिपत्र का हवाला देते हुए कहा गया कि प्रत्येक जनपद में जिला सूचना कार्यालय, मीडिया कर्मियों के लिए सूचना केंद्र तथा प्रेस वार्ताओं हेतु सुसज्जित मीडिया सेंटर स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए थे।

# मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं : सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



■ मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**चंदौली।** मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साईं ने बाबा कीनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के सम्बद्ध पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल का बुधवार को निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विभिन्न पटल ओपीडी, सहित अन्य पटल की भ्रमण कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अस्पताल में उपचार की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय स्टाफ की स्थिति, समयबद्ध उपचार व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी सेवाएं प्रभावी ढंग से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने विशेष रूप से डॉक्टरों की उपलब्धता, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता एवं दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति तथा कैंटीन में मरीजों के लिए तैयार किये जा रहे खाने की गुणवत्ता एवं कैंटीन में आने वाले पैकेजिंग फूड पर एक्सपायरी डेट आदि की निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल की सेवाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के लिए सभी चिकित्सक एवं स्टाफ पूर्ण ज़िम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता परिलक्षित होती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित चिकित्सक गण उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन का असर: गांवों में पहुंचा शुद्ध पानी

**फतेहपुर।** विकास खंड भिटौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत लतीफपुर और सरैला में जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं का प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण एवं प्रभाव मूल्यांकन किया गया। टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता और उससे हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक बदलावों का आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के पदाधिकारियों, ग्राम प्रधानों तथा ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, जल गुणवत्ता और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली। ग्राम पंचायतों में निर्मित जल टंकियों एवं पाइपलाइन नेटवर्क के तकनीकी पहलुओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। मूल्यांकन में सामने आया कि घर-घर नल कनेक्शन पहुंचने से ग्रामीणों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल मिल रहा है।

# कॉमर्शियल सिलेंडर महंगाई के खिलाफ व्यापारियों की हुंकार

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों के विरोध में मथुरा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आह्वान पर जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार पिंटू भईया के नेतृत्व में व्यापारियों का जत्था रंगेश्वर मार्केट स्थित कैंप कार्यालय से पैदल मार्च करता हुआ होली गेट पहुंचा, जहां महंगाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और पुतला दहन किया गया।

इसके बाद व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसडीएम चंद्रभूषण सिंह को राष्ट्रपति के नाम संबोधित नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। एसडीएम ने ज्ञापन स्वीकार कर उसे राष्ट्रपति तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार पिंटू भईया ने कहा कि कॉमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि से खानपान व्यवसाय से जुड़े छोटे व्यापारियों पर गहरा असर पड़ा है। इससे खाद्य पदार्थों की कीमतें भी बढ़ी हैं और बाजार में मंदी का माहौल बन गया है। उन्होंने मांग की कि सिलेंडरों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए, ताकि व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। जिला महामंत्री बबलू सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में उद्योग व्यापार मंडल इस मुद्दे को लेकर आंदोलन कर रहा है।

# कार्यकारिणी बैठक: राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का ऐलान

अवधनामा संवाददाता

■ ई-फार्मेसी के कारण समाज में कई गंभीर जोखिम पैदा हो रहे : नागमणि

**गाजीपुर।** गाजीपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। बैठक मे संगठन के पदाधिकारियों ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा औषधि व्यापार की ज्वलंत समस्याओं की अनदेखी किए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय संस्था ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और आर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर, गाजीपुर के समस्त केमिस्ट 20 मई को अपनी दुकानें बंद रखकर एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे। बैठक में एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि बार-बार निवेदन के बावजूद 12 लाख 40 हजार केमिस्ट्स और उन पर आश्रित पांच करोड़ लोगों की आजीविका पर संकट बना हुआ है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नागमणि मिश्र ने कहा कि दवा कोई साधारण चीज नहीं है। ई-फार्मेसी के कारण समाज में कई गंभीर जोखिम पैदा हो रहे हैं। एसोसिएशन ने जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर त्वरित विचार नहीं किया गया, तो यह आंदोलन और उग्र होगा। दवा विक्रेताओं ने एकजुट होकर 20 मई की बंदी को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में विरेंद्र नाथ यादव, मनोज कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, अभय प्रकाश,अतुल अग्रवाल, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजीव भारती, विपिन मिश्रा, मुकेश श्रीवास्तव, बृज किशोर, राकेश त्रिपाठी, राजेश राय, मनिंदर कुशवाहा, ज्योति भूषण एवं सुनील श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नागमणि मिश्र तथा संचालन बृजेश पाण्डेय ने किया।

# 'ज्ञान, संस्कृति और नेतृत्व का संगम साइंस क्लब'

## विद्यालय जीवन केवल किताबों तक सीमित नहीं होना चाहिए

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** सेठ एम् आर जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव कैम्पस में साइंस क्लब 'टेकपायनियर्स' के लिए नव निर्मित सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। इस क्लब के निर्माण का उद्देश्य बच्चों को वैज्ञानिक चेतना के साथ भविष्य निर्माण हेतु उचित दिशानिर्देश देना है। वहीं सदभावना, सौहार्द, एवं मिडिया कवरेज के जिम्मेदारी हेतु बच्चों ने एम्आरसी क्लब, कॉमर्स क्लब' द रिस्कर्स एवं हेरिटेज क्लब के भी विविध पद केलिए शपथ ग्रहण किया। किसी बड़े पैमाने पर सफलता के लिए जिम्मेदारी लेना जरुरी होता है। यदि समीक्षात्मक शब्द में कहें तो एक गुण जो सभी सफल मनुष्यों में होता है वो है जिम्मेदारी लेने की क्षमता और इसी क्षमता के विकास हेतु आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानपूर्वक दायित्व सौंपे गए। समारोह का उद्देश्य सभी नव-निर्वाचित क्लब-पदाधिकारियों द्वारा निष्ठापूर्वक अपने कार्य का निर्वहन करने हेतु उनमें नेतृत्व, उत्तरदायित्व, संगठन क्षमता तथा सेवा भावना का विकास करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी वृंद द्वारा मुख्य अतिथि प्रो. हरेन्द्र कुमार सिंह 'संकाय प्रमुख' (डीन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ) के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम के इसी क्रम में मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी वृंद द्वारा माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया गया। साथ ही छात्र व छात्राओं द्वारा द्वारा गणेश वंदना समूह नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में प्रेरणास्पद समूह गीत की मनोरम प्रस्तुति द्वारा बच्चों ने दर्शक दीर्घा को मुग्ध किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि - 'नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना है। एक सच्चा नेता वही होता है जो अपने आचरण से दूसरों को प्रेरित करे। 'विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को अपने प्रेरक विचारों से अवगत करते हुए कहा कि - विद्यालय जीवन केवल किताबों तक सीमित नहीं होना चाहिए। क्लब गतिविधियाँ आपको जीवन के वास्तविक अनुभव प्रदान करती हैं। यहाँ आप टीमवर्क, नेतृत्व, समस्या समाधान और रचनात्मकता जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखते हैं। इस अवसर साइंस क्लब 'टेकपायनियर्स', कॉमर्स क्लब 'द रिस्कर्स', हेरिटेज क्लब एवं एम. आर. सी. क्लब के अध्यक्ष, ऑफिस बेयरर्स एवं सदस्यों का क्रमवार परिचय एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नव निर्वाचित सदस्यों की सूची में साइंस क्लब 'टेकपायनियर्स' - प्रसीडेंट सृष्टि सिंह,वाईस प्रसीडेंट सृष्टि राज, सेक्रेट्री आक्या श्रीवास्तव, कार्यक्रम प्रभारी समृद्धि सिन्हा, जनसंपर्क अधिकारी पलक सेठ, ट्रेजरर जोआना गुप्ता के साथ ही सदस्य पद पर आराध्या सर्राफ, परी सिंह, गार्गी सिंह, अंश दुबे, दिव्यांश यादव आदि छात्रों ने शपथ ग्रहण किया।

# घर बैठे ऑनलाइन करें जनगणना



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना अभियान आज से जनपद जालौन में प्रारंभ हो गया। अभियान की शुरुआत के साथ ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्व-गणना कर जनपदवासियों को जनगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का संदेश दिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-गणना अभियान 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। नागरिक भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी सत्यापन कर घर बैठे अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश और समाज के समग्र विकास का आधार है। सही जानकारी के आधार पर ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आवास, रोजगार एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी रूपरेखा तैयार करती है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जनगणना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि स्व-गणना करते समय परिवार से संबंधित सभी जानकारियां सावधानीपूर्वक एवं सही-सही दर्ज करें।

# ब्रांड एम्बेसडर ने स्वगणना प्रपत्र भरकर कार्यक्रम की शुरूआत की



■ सभासदों द्वारा भी सहभागिता कर नागरिकों को इस अभियान से जुड़ने हेतु प्रेरित किया

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जनगणना 2027 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा दिनांक 07 मई से 21 मई 2026 तक सामान्य नागरिकों हेतु स्वगणना कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत नागरिक स्वयं अपने परिवार एवं गृह संबंधी विवरण ऑनलाइन माध्यम से भरकर स्वगणना आईडी जनरेट कर सकते हैं।

गुरूवार को नगर पालिका परिषद क्षेत्र में चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में स्वगणना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 07:50 बजे नगर की प्रथम नागरिक मुन्नी देवी पालिकाध्यक्षा के प्रतिनिधि एवं ब्रांड एम्बेसडर मयंक गुप्ता द्वारा स्वयं अपना स्वगणना प्रपत्र भरकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद के समस्त सभासदों द्वारा भी स्वगणना कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपने-अपने स्वगणना प्रपत्र भरकर नागरिकों को इस अभियान से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया।

चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारीगण, जो नगर क्षेत्र में निवास करते हैं, द्वारा भी स्वयं की स्वगणना पूर्ण कर स्वगणना आईडी जनरेट की गई है तथा अपने आसपास के मोहल्लों एवं नागरिकों को भी स्वगणना हेतु निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित प्रचार वाहनों एवं डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के माध्यम से भी स्वगणना कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु लगातार जनजागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी द्वारा समस्त नगरवासियों से अपील की गई है कि वे जनगणना 2027 के स्वगणना कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर अपनी स्वगणना अवश्य पूर्ण करें।

# पुलिस ने 05 किलो गांजा बरामद कर तस्कर को दबोचा



■ थाना छिबरामऊ पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध की विधिक कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के कुशल नेतृत्व में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा भारी मात्रा में गांजा सहित तस्कर को पकडनें में सफलता हासिल की।

गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने जानकारी देते हुये बताया कि अपराध नियंत्रण हेतु गस्त के दौरान उन्होनें उपनिरीक्षक मनुज कुमार, गजेन्द्रपाल सिंह, कांस्टेवल मनीचन्द्र, सुनील कुमार, रंजीत सिंह के साथ मुखबिर की सूचना पर 100 शैया रोड ग्राम नगला दिलू मोड के पास से मादक पदार्थ ले जाते समय अभियुक्त आशीष कश्यप पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम अलूपुरा थाना कुरावली जनपद मैनपुरी के पास से 05 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुये गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुवे ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्त आशीष उपरोक्त के विरुद्ध थाना छिबरामऊ पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया है।

## देवरिया मेडिकल कॉलेज में पैरोटिड ग्रंथि के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**देवरिया।** महर्षि देवराहा बाबा स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में चिकित्सकों की टीम ने एक जटिल शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए पैरोटिड ग्रंथि के सौम्य (Benign) ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया। मरीज गोरखपुर से रेफर होकर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रजनीश एवं सीनियर रेजिडेंट डॉ. उर्वशी ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। वहीं एनेस्थीसिया विभाग की टीम ने भी ऑपरेशन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनेस्थीसिया टीम में विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज, सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रशांत तथा एसआर डॉ. अंकिता शामिल रहीं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण बताया। प्राचार्य डॉ. रजनी एवं सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा के सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को इस सफलता का प्रमुख आधार बताया गया। चिकित्सकों ने कहा कि यह सफलता टीम वर्क, समर्पण एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का परिणाम है। मेडिकल कॉलेज परिवार ने पूरी टीम को इस सराहनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

# पुलिस ने महिला के लेनदेन के विवाद का निस्तारण किया



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला का लेनदेन के विवाद का स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाने के लिए महिला पुलिस कर्मियों द्वारा दोनों पक्षों की सहमति से समझौता कराया गया।

गुरूवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में स्थानीय कोतवाली में नव स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला द्वारा आवेदिका बसंती देवी पत्नी संजय कुमार निवासी सभापुर के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी अनिल कुमार पुत्र ओम प्रकाश व प्रिंस पुत्र अनिल कुमार निवासी सभापुर को बुलाकर समझाया गया तो प्रिंस व अनिल कुमार ने बताया कि की जो बसंती देवी का मैंने जेवर गिरवी रखा था व 22500 रुपए वह हमलोग 20 दिन के अंदर दिनांक 25 मई तक छुटाकर के दे देंगे। दोनों पक्षों ने काउंसिलिंग दौरान आपस में समझौता किया। दोनों पक्षों को थाना से सकुशल रवाना करनें के उपरान्त महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर विवादों को आपसी संवाद से सुलझाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

# कमर्शियल विधुत दरों को घरेलू दरों के बराबर किए जाने की घोषणा का स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश के सभी व्यापारी वर्ग को राहत देते हुए कमर्शियल विद्युत दरों को घरेलू विद्युत दर के बराबर किए जाने की घोषणा किए जाने पर संभल व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 द्वारा मुरादाबाद रोड स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अनंत अग्रवाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम सबके लिए बड़े हर्ष की बात है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने व्यापारीयों की ज्वलंत समस्या का निदान कर दिया है व्यापारी वर्ग देश और प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ है उसकी जायज मांगों को मानना सरकार का नैतिक दायित्व है माननीय मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करके यह सिद्ध कर दिया है कि वह व्यापारी हित की बात करते हैं व्यापारियों की समस्याओं का निदान करने में सहयोग करते हैं व्यापारी भी हमेशा सरकार को सहयोग दिए जाने का आश्वासन देते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारी कुछ मांगे अभी भी लंबित है व्यापार मंडलों ने सरकार से मांग की थी कि 60 वर्ष से ऊपर वाले प्रत्येक व्यापारी को 3000 प्रति माह पेंशन मिलनी चाहिए और व्यापारी का दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख तक किया जाना चाहिए माननीय मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस मांग पर भी जल्दी ही विचार करके निर्णय लिया जाएगा। हम माननीय मुख्यमंत्री की कार्य कुशलता की भूरि भूरि प्रशंसा करते हैं और यह अपेक्षा करते हैं कि व्यापारियों की समस्याओं पर वह शीघ्र ही निर्णय लेने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर शोभित गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता भट्टे वाले, नवील अहमद, जमील उर रहमान, हाजी बाबू, विष्णु श्रीमाली आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# 07 मई से 21 मई तक स्व-गणना अभियान होगा संचालित : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जनगणना 2027 के अंतर्गत दिनांक 07 मई से 21 मई 2026 तक स्व-गणना अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने स्वयं स्व-गणना करते हुए अपनी स्व-गणना पहचान संख्या जनरेट की तथा जनपदवासियों को इस अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः स्वैच्छिक, सरल एवं डिजिटल है, जिसके माध्यम से प्रत्येक नागरिक निर्धारित अवधि के भीतर स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना



■ जिलाजज, डीएम व एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने स्वयं स्व-गणना करते हुये पहचान संख्या जनरेट की

अभियान नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध रूप से स्वयं स्व-गणना पूर्ण करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, व्यापारी संगठनों, पत्रकार बंधुओं एवं जनसामान्य से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें और जनगणना 2027 को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। स्व-गणना हेतु नागरिक ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

# मेडिकल कॉलेज में महिला जूनियर डॉक्टरों से रैगिंग

■ पिटाई व टॉर्चर का आरोप, कॉलेज प्रशासन ने किया इंकार

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से महिला जूनियर डाक्टरों की रैगिंग से जुड़ा एक कथित वीडियो बृहस्पतिवार सुबह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो का दैनिक लोकमित्र समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता। करीब 58 सेकंड के इस वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज में जूनियर महिला डॉक्टरों के साथ रैगिंग और उत्पीड़न किया जा रहा है। वीडियो में कुछ छात्राएं दिखाई दे रही हैं और कथित तौर पर जूनियर डॉक्टरों के साथ मारपीट व मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने ऐसे किसी भी मामले की जानकारी और शिकायत मिलने की बात से साफ इनकार किया है।

### किसी छात्रा ने नहीं की शिकायत- प्राचार्य

प्रयागराज। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इन आरोपों को खारिज किया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य वीके पांडे ने कहा कि उनके पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है और न ही उन्हें किसी वायरल वीडियो की आधिकारिक जानकारी है। उन्होंने कहा कि फर्स्ट ईयर बैच की परीक्षाएं तीन मई को ही समाप्त हुई हैं, ऐसे में रैगिंग जैसी बात सामने आना बेबुनियाद है। प्राचार्य ने यह भी कहा कि मेडिकल कॉलेज में पहले से चली आ रही 'फ्रेशर फंक्शन' जैसी परंपराएं भी अब समाप्त कर दी गई हैं। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि किसी भी छात्र या छात्रा के उत्पीड़न को लेकर फिलहाल कोई प्रमाण या शिकायत उनके सामने नहीं आई है।

वायरल वीडियो में दो सीनियर छात्राएं और कई जूनियर छात्राएं नजर आ रही हैं। वीडियो बनाने वाली छात्रा का चेहरा दिखाई नहीं देता, लेकिन उसकी आवाज साफ सुनाई पड़ती है। वह कहती है कि उसने यह वीडियो इसलिए बनाया है ताकि उसके पास इस बात का सबूत रहे कि उसके साथ मारपीट की गई है। वीडियो में सामने खड़ी दो छात्राएं भी मोबाइल से रिकॉर्डिंग करती दिखाई देती हैं। वीडियो में कुछ दूरी पर कुछ जूनियर छात्राएं सिर झुकाकर खड़ी नजर आती हैं। वीडियो के साथ वायरल किए जा रहे दावों में आरोप लगाया गया है कि मेडिकल कॉलेज में जूनियर महिला डॉक्टरों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप है कि रात में उनके मोबाइल फोन छीन लिए जाते हैं ताकि वे किसी से शिकायत न कर सकें। यह भी दावा किया गया है कि छात्राओं के साथ मारपीट की जाती है और विरोध करने पर उन्हें धमकाया जाता है।

## व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने दी पीसी जोशी को श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** पूर्व संसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी के पति स्वर्गीय पीसी जोशी के आकस्मिक निधन की सूचना प्राप्त होने पर उनके शोककुल परिवार एवं रीता बहुगुणा जोशी से भेंट कर प्रयाग व्यापार मंडल अध्यक्ष राणा चावला, मशीनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष अंबरीश खुराना, जिला महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष अवंतिका टंडन, जिला कोषाध्यक्ष वंदना त्रिपाठी, जीवन ज्योति हॉस्पिटल की संस्थापक डॉ वंदना बंसल, किरण पासी ने संवेदनाएं व्यक्त की।

व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस अपार कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सभी पदाधिकारियों ने पी.सी. जोशी जी के सरल स्वभाव और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में रसोई गैस आपूर्ति को लेकर आ रही भ्रांतियों व शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया है कि जनपद में गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रहे तथा पेट्रोल पम्प ड्राई की स्थिति में न आए, यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने गैस सिलेंडरों का वितरण प्रथम आवक (बुकिंग), प्रथम पावक के आधार पर किए जाने तथा जिन उपभोक्ताओं ने पहले गैस बुक कराई है, उन्हें प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी बुकिंग का क्रमवार निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पेट्रोल पम्पों पर ईंधन की उपलब्धता बनाए रखना प्राथमिकता में रखा जाए। जिलाधिकारी ने गैस उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे पैनिक न हो, धैर्य व शांति बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। निर्धारित समय पर गैस बुकिंग कराएं। बुकिंग क्रम के अनुसार ही संबंधित गैस एजेंसी द्वारा गैस की आपूर्ति की जाएगी।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**अवधनामा संवाददाता**

■ समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जूम लिंक व व्हाट्सएप व्यवस्था शुरू

■ समस्याओं का निस्तारण प्रभावी व गुणवत्ता के साथ हो सुनिश्चित : डीएम



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी आज जनता दर्शन के दौरान आए फरियादियों से सहृदयता से मिले। उनकी समस्याओं को पूरी गहनता से सुनने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ज्ञातव्य हो कि जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आने वाली समस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिए एक नई पहल की है। उन्होंने अपने कार्यकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की जूम लिंक तैयार कराई है। राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु लिंक के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से बात कर प्रकरणों को निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी की जनसुनवाई के दौरान संजीदगी उस समय देखने को मिली, जब ग्राम हरपुर निजाम निवासी दिव्यांग दम्पति रहमत अली व खुशबून अपनी जमीन से संबंधित फरियाद लेकर आए। जिलाधिकारी उनकी दिव्यांगता को देखते हुए स्वयं उनके पास गए, फल का पैकेट प्रदान किया तथा उनकी जमीनी विवाद संबंधी समस्या को सुनते हुए सदर एसडीएम को मौके पर जाकर राजस्व विभाग की टीम, जिसमें राजस्व निरीक्षक सहित दो लेखपालों को सम्मिलित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि वे मौके पर आज ही जाकर प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके अलावा जिलाधिकारी ने दिव्यांग दम्पति से अन्य योजनाओं से मिल रहे लाभों की भी जानकारी ली। बताया गया कि आयुष्मान कार्ड बना है, परंतु खुशबून को दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी को फोन कर बुलवाया तथा निर्देश दिया कि विकास खंड के माध्यम से त्वरित रूप से संबंधित अभिलेख प्राप्त कर उन्हें दिव्यांग पेंशन दिलाई जाए। इस दम्पति के साथ आई दो वर्षीय बच्ची को आंगनबाड़ी केंद्र भेजे जाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी आदिश मिश्रा को भी निर्देशित किया। विकास खंड सलेमपुर अंतर्गत ग्राम जयराम कौड़िया निवासी फरियादी सीता देवी पत्नी दिनेश कनौजिया ने अपनी जमीनी विवाद से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। उनके साथ चार वर्षीय बच्ची अंशिका को देखकर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्ची को स्कूल जाना चाहिए। सीता देवी ने बताया कि वह अभी कहीं पढ़ने नहीं जाती है। इस बच्ची को भी आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र जाएंगे तो उनका बौद्धिक विकास होगा। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए जहां जूम लिंक की व्यवस्था बनाई है, वहीं सीधे तौर पर अधिकारियों के सीयूजी नंबर के व्हाट्सएप पर प्रकरण भेजने की भी पहल की है। उन्होंने सभी अधिकारियों को भी जन समस्याओं का निस्तारण में प्राथमिकता बरतने का निर्देश दिया है।

# भगवान श्री चित्रगुप्त जी की दिव्य संगीतमय कथा का भव्य आयोजन 9 एवं 10 मई को

**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** भगवान श्री चित्रगुप्त चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 9 एवं 10 मई 2026 को दो दिवसीय भगवान श्री चित्रगुप्त जी की दिव्य संगीतमय कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शहर के प्रतिष्ठित स्थल रिफर्म क्लब लॉन 'ए', अस्पताल चौराहा, रायबरेली में संपन्न होगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय हिन्दू संत महासभा के अध्यक्ष जगतगुरु चक्रपाणि जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे वहीं श्री चित्रगुप्त पीठ वृन्दावन धाम से पधार रहे कथा व्यास जगतगुरु श्री चित्रागुप्ताचार्य के मुख मंडल से भगवान चित्रगुप्त कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कायस्थ समाज की ओर से जिले में पहली बार आयोजित इस कथा को लेकर कायस्थ समाज एवं श्रद्धालुओं के मध्य विशेष उत्साह देखा जा रहा है जहां जिले के साथ ही विभिन्न जिलों से भी लोगों के आने की संभावना है।

आयोजन की मुख्य आयोजिका समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इस कथा में 50 हज़ार से अधिक लोगों के आने की संभावना है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान एड. कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि कथा में देश के सुप्रसिद्ध संत-महात्माओं एवं विद्वानों का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वचन से श्रद्धालु लाभान्वित होंगे। साथ ही भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महिमा एवं मानव जीवन में उनके आदर्शों पर आधारित दिव्य संगीतमय कथा का रसपान कराया जाएगा।

कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 09 मई 2026, शनिवार सायं 5:30 बजे से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की कथा का शुभारंभ होगा। 10 मई 2026, रविवार प्रातः 5:30 बजे से कथा का समापन कार्यक्रम प्रारंभ होगा। सायं 6:30 बजे से 7:30 बजे तक जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज द्वारा आशीर्वचन प्रदान किए जाएंगे। सायं 7:30 बजे से 9:00 बजे तक भजन संध्या एवं सांस्कृतिक आरती का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 9:00 बजे से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों के समस्त श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कथा संजोजक समिति के पदाधिकारी अठेहा निवासी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। आयोजन में समाज के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

# घर में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के भगेसर गांव में बुधवार रात एक युवक का शव अपने घर में फंदे से लटका मिला। युवक एक शादी समारोह से लौटा था। परिजनों ने उसे तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेफर किया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होंने कार्रवाई की मांग करते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने काफी देर तक परिजनों को समझाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद रात करीब 12:30 बजे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के भगेसर गांव निवासी 23 वर्षीय रमेश कुमार तिवारी पुत्र राधाकांत तिवारी मुंबई में ऑटो चलाने का काम करता था और लगभग एक सप्ताह पहले अपने मामा के गांव दर्शनी में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर आया था। बुधवार को परिवार के अन्य सदस्य दर्शनी गांव गए हुए थे। रमेश अपनी मां से कुछ देर में लौटने की बात कहकर घर आया था। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो मां ने उसे फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। परिजनों के घर पहुंचने पर रमेश घर के गलियारे में छत के कुंडे से रस्सी के सहारे लटका मिला। मृतक की मां और भाई ने गांव की एक महिला सहित दो अन्य लोगों पर रमेश की हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यूपीआरटीओयू में प्रबंधन गुरुओं का जमावड़ा आज

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा जीएसटी 2.0 सुधारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार 8 मई को विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जीएसटी सुधारों के सामाजिक आर्थिक प्रभावों, नीति निर्माण और शैक्षणिक विमर्श को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रीय सेमिनार के संयोजक प्रोफेसर देवेश रंजन त्रिपाठी ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, इग्नू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव, विशिष्ट अतिथि उपायुक्त, जीएसटी, लखनऊ दिव्येंदु शेखर गौतम तथा मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कोलकाता के निदेशक प्रोफेसर आलोक कुमार राय होंगे।




अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे।

प्रोफेसर देवेश ने बताया कि राष्ट्रीय सेमिनार के छह तकनीकी सत्रों में देशभर से 520 प्रतिभागी शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इन 6 तकनीकी सत्रों में प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर लवकुश मिश्रा, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार, सीए सुमित अग्रवाल, डॉ नीरज शुक्ला, डॉ एस टी जोसेफ डॉ रेजिना जॉन, प्रोफेसर मानस पांडेय, डॉ ए सी पांडेय, डॉ अंजनी कुमार, प्रोफेसर विनोद कुमार पांडेय, डॉ ऋचा सिन्हा, डॉ हिमांशु कुमार पांडेय, प्रोफेसर माधवेंद्र मिश्रा, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, राहुल चटर्जी, डॉ अवधेश कुमार गुप्ता, डॉ श्रुतिका मिश्रा, डॉ अभय पांडेय, डॉ सुधीर शर्मा तथा डॉ बी बी अग्रवाल संगोष्ठी में अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त करेंगे। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र मिश्र ने बताया कि यह पहल देश के जीएसटी सुधारों को समझने, क्रियान्वित करने और उनके प्रभावों का विश्लेषण कर आवश्यक सुझावों को एकत्रित कर नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के एकमात्र अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# डेम्बेले के गोल से चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची पीएसजी, खिताबी मुकाबले में आर्सेनल से टक्कर

**लंदन।** ओस्मान डेम्बेले के गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन ने अपने चैंपियंस लीग खिताब का बचाव करने के आखिरी मोड़ पर पहुंच गई है। डिफेंडिंग चैंपियन ने म्यूनिख के एलियांज एरिना में सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे लेग में एफसी बायर्न के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला और एग्रीगेट पर 6-5 से जीत हासिल की। अब फाइनल में पीएसजी का सामना आर्सेनल से होगा। यह मुकाबला 30 मई को रात साढ़े नौ बजे से पुस्कस अरीना में खेला जाएगा। आर्सेनल ने एटलैटिको मैड्रिड को एग्रीगेट में 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। चैंपियंस लीग के नॉकआउट राउंड में टीमें आपस में दो मैच खेलती हैं। एक होम ग्राउंड पर और एक विपक्षी टीम के होम ग्राउंड पर। दोनों को मिलाकर हुए गोल को एग्रीगेट कहा जाता है।

**पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को हराया**

लुइस एनरिक की टीम, जिसने

**मदद**

> **ओस्मान डेम्बेले के गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन ने अपने चैंपियंस लीग खिताब का बचाव करने के आखिरी मोड़ पर पहुंच गई है।**

पिछले सीजन के फाइनल में इंटर के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन के साथ चैंपियंस लीग का खिताब जीता था, ने वहीं से शुरुआत की जहां एक साल पहले छोड़ा था और इस मुकाबले में सिर्फ दो मिनट में ही अपनी बढ़त बना ली। पीएसजी के लिए ओस्मान डेम्बेले ने गोल किया। डेम्बेले ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के सटीक पास को गोल में बदल दिया।



मेजबान टीम ने मैच में वापसी की कोशिश की, लेकिन बायर्न म्यूनिख के गोलकीपर मैनुअल न्यूएर ने शानदार बचाव किए। उन्होंने जोआओ नेवेस के हेडर को गोल में जाने से रोक दिया।

**दूसरे हाफ में पीएसजी ने दिखाया आक्रामक खेल**

पहले हाफ के आखिर में बायर्न ने अच्छा खेल दिखाया। जमाल मुसियाला के दमदार शॉट को पीएसजी के गोलकीपर माटवेई साफोनोव ने रोक लिया। इसके बाद मुसियाला का एक और शॉट थोड़ा ऊपर निकल गया। दूसरे हाफ की शुरुआत में पेरिस की टीम ने लगातार हमला किया। डिजायर डू और ख्वीचा क्वारात्सखेलिया के शॉट्स पर भी न्यूएर ने बेहतरीन बचाव किया। दोनों टीमों के पास कई मौके आए। डू को न्यूएर ने फिर गोल नहीं करने दिया, जबकि साफोनोव ने लुइस डियाज़ और माइकल ओलिस के शॉट रोककर अपनी टीम को बचाए रखा।

**पीएसजी के बॉस ने क्या कहा**

मैच के आखिर में हैरी केन ने शानदार मूव के बाद जोरदार शॉट मारकर गोल किया, जिससे बायर्न की वापसी की उम्मीद जगी। हालांकि, मेहमान टीम ने अंत तक बढ़त बचाकर मैच अपने नाम कर लिया। पीएसजी बॉस एनरिक ने कहा, बायर्न जैसी टीम के खिलाफ हमने जो कैरेक्टर दिखाया, वो बहुत सकारात्मक है। हम लगातार दूसरे चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हैं। यह बहुत इंटेंस था। बहुत मुश्किल था। वे सबसे ऊंचे लेवल पर फुटबॉल खेलते हैं। दोनों टीमें एक जैसी हैं, हमें ऊपर दबाव बनाना पसंद है। हम बहुत खुश हैं।

# एशियाड से पहले हुआ भारत के साथ धोखा! तीरंदाजी कोच पागिनी टीम इंडिया की जगह कोरिया से

**नई दिल्ली।** एशियाई खेल सिर पर हैं और भारतीय तीरंदाजों के लिए विदेशी कोच का अनुबंध मुसीबत बनता जा रहा है। कुछ माह पूर्व तक यह तय था कि इटली के जाने-माने कोच सर्गियो पागिनी भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों को कोचिंग देंगे। उनका अनुबंध सिरे चढ़ने जा रहा था, लेकिन भारतीय टीम के पूर्व कोच रहे पागिनी को तीरंदाजी के मजबूत देश कोरिया से भारत के मुकाबले अधिक वेतन में प्रस्ताव मिल गया। पागिनी ने भारतीय तीरंदाजों को दरकिनार कर कोरियाई टीम का दामन थाम लिया। अब 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल की गई कंपाउंड तीरंदाजी के लिए पूर्व विश्व चैंपियन अमेरिकी तीरंदाज डेव कजिंस पर दांव लगाया गया है। कजिंस को अच्छे वेतन पर रखने की तैयारी कर ली गई है, लेकिन उनके अनुबंध पर तीरंदाजी के कुछ लोगों में रोष है।



सूत्र बताते हैं कि 1999 के विश्व चैंपियन और 2003 के उपविजेता कजिंस भारतीय कंपाउंड टीम के कोच के लिए इंटरव्यू भी दे चुके हैं। उनके अनुबंध पर अंतिम फैसला होना बाकी है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो कजिंस जल्द कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच होंगे। हालांकि सूत्र बताते हैं कि कजिंस एक अच्छे कंपाउंड तीरंदाज तो रहे हैं, लेकिन उनके पास कोचिंग का बड़ा अनुभव नहीं है, जबकि भारतीय कंपाउंड तीरंदाज इस वक्त दुनिया के शीर्ष तीरंदाजों में शामिल हैं। कजिंस फीटा राउंड का विश्व रिकॉर्ड भी बना चुके हैं।

**एक साल बीता पर रिकर्व कोच भी नहीं आया**

दिक्कत कंपाउंड विदेशी कोच की नहीं बल्कि रिकर्व कोच की भी है। बीते वर्ष अप्रैल में कोरियाई मूल के अमेरिकी कोच की सिकली को 20 हजार अमेरिकी डॉलर के भारी-भरकम वेतन पर अनुबंधित करने की तैयारी की गई थी। उन्हें इस वर्ष जनवरी में अनुबंध भी दिया गया, लेकिन वह शर्तों से खुश नजर नहीं आए। उनका अनुबंध अब तक सिरे नहीं चढ़ा है। यही नहीं भारतीय तीरंदाज इस वक्त विश्वकप में खेल रहे हैं, लेकिन रिकर्व और कंपाउंड दोनों टीमों का अब तक चीफ कोच भी नियुक्त नहीं किया गया है।

# नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम का कायाकल्प खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम का 27 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प किया गया है। इसे आधुनिक सुविधाओं के साथ खिलाड़ियों के लिए तैयार किया गया है। स्टेडियम में स्वीमिंग पूल, बैटमिंटन कोर्ट, चार सौ मीटर सिंथेटिक ट्रैक, कबड्डी और वॉलीबॉल कोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

शाहजहांपुर शहर से सटे हथौड़ा स्थित परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम का कायाकल्प हो गया है। स्टेडियम को नया कलेवर दिया गया है। बड़े शहरों की तर्ज पर स्टेडियम में आधुनिक सुविधाएं देकर खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा। महीने के अंत तक स्टेडियम खेल विभाग को सुपुर्द करने की तैयारी है।

परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह के नाम पर बने खेल स्टेडियम की काफी दुर्दशा थी। बैडमिंटन कोर्ट की हालत काफी खराब होने के चलते बंद रहता था। अन्य खेलों के लिए भी बेहतर इंतजाम नहीं थे। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के प्रयास से शासन ने स्टेडियम का कायाकल्प करने की अनुमति दे दी। पिछले करीब एक वर्ष से स्टेडियम में दो कार्यदायी संस्था अलग-अलग प्रोजेक्ट पर काम कर रहीं हैं। काम अंतिम पायदान पर पहुंचने वाला है।

स्टेडियम के अंदर प्रवेश करते ही स्वीमिंग पूल बनाया गया है। यहां पर खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम और शौचालय की व्यवस्था की गई। कुछ कदम बढ़ने पर बैडमिंटन कोर्ट भी आकर्षक बना है। यहां पर लाइटों की व्यवस्था के साथ ही दर्शक दीर्घा भी बनाई है। इसी तरह चार सौ मीटर सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो गया है। कबड्डी और वालीबॉल कोर्ट भी बनकर तैयार हो गया है। स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों को उच्च दर्जे की सुविधाएं मिलेंगी। अधिकतर कार्य पूरे होने की कगार पर हैं। जिला खेल अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि 27 करोड़ रुपये के बजट से स्टेडियम में कार्य कराए गए हैं। स्टेडियम लगभग बनकर तैयार हो गया है। दो कार्यदायी संस्थाएं निर्माण को अंतिम रूप दे रहीं हैं। जल्द ही खेल विभाग को स्टेडियम हैंडओवर कर दिया जाएगा।

# मैच में हेरफेर की कोशिश, एएफसी ने महिला फुटबॉल अधिकारी समेत एक खिलाड़ी पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन (एएफसी) ने मंगोलिया की एक महिला मैच अधिकारी और एक खिलाड़ी पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंध लगा दिया है, जिन्हें एएफसी विमेंस चैंपियंस लीग 2025/26 (प्रारंभिक चरण) के एक मैच के नतीजे में हेरफेर की कोशिश करते पाया गया। बैन लगाने का यह फैसला एएफसी की अनुशासन और नैतिकता समिति ने लिया, जिसकी घोषणा बुधवार को हुई।

एएफसी ने बुधवार को एक प्रेस रिलीज में बताया, विस्तृत जांच के बाद, एएफसी की अनुशासन और नैतिकता समिति ने मैच में हेरफेर की कोशिश के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मंगोलियाई फुटबॉल अधिकारी मुंखत्सेत्सेग बातखू और खिलाड़ी नामूना नारमंदख पर फुटबॉल से जुड़ी सभी गतिविधियों में हिस्सा लेने पर क्रमशः 10 और 5 साल का

**पर्यटक**

> **फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पहले फीफा इंटीग्रिटी समिट में कहा है कि मैच में हेरफेर का खतरा अभी टला नहीं है और इससे तभी निपटा जा सकता है, जब फीफा और उसके सदस्य संघ मिलकर इसका मुकाबला करें।**

प्रतिबंध लगा दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों को 25 अगस्त, 2025 को स्टैलियन लगुना एफसी (पीएचआई) और खोवद वेस्टर्न



एफसी (एमएनजी) के बीच खेले गए एएफसी विमेंस चैंपियंस लीग 2025/26 (प्रारंभिक चरण) के मुकाबले के नतीजे में हेरफेर करने की साजिश रचने का दोषी पाया गया। यह एएफसी के अनुशासन और नैतिकता संहिता के अनुच्छेद 66.1 का उल्लंघन था। ये प्रतिबंध एएफसी की किसी भी प्रकार के मैच में हेरफेर के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति और एशियन फुटबॉल की गरिमा की रक्षा करने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करते हैं।

ये प्रतिबंध इंटरनेशनल बेटिंग इंटीग्रिटी एसोसिएशन (आईबीआईए) के साथ हुए 4 साल के समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुरूप हैं। इस एमओयू पर 2024 में हस्ताक्षर किए गए थे, जो एशिया में इस खेल की रक्षा और सुरक्षा करने के एएफसी के संकल्प को दर्शाता है। यह अनुशासनात्मक कार्रवाई फीफा के मैच-फिक्सिंग के खिलाफ रुख के भी अनुरूप है। खेल की इस विश्व शासी निकाय (फीफा) ने पिछले साल पहले फीफा इंटीग्रिटी समिट का आयोजन करके अपने इस रुख को फिर से दोहराया था। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पहले फीफा इंटीग्रिटी समिट में कहा है कि मैच में हेरफेर का खतरा अभी टला नहीं है और इससे तभी निपटा जा सकता है, जब फीफा और उसके सदस्य संघ मिलकर इसका मुकाबला करें।

# राम चरण की पेद्दी के निर्माताओं ने फिल्म के प्रीमियर को लेकर दी अहम जानकारी



**मुंबई।** राम चरण की आगामी फिल्म पेद्दी के निर्माताओं ने आज फिल्म को लेकर अहम घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के प्रीमियर को लेकर भी खास बात बताई है। राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म %पेद्दी% को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म की रिलीज डेट कई बार टाली जा चुकी है। इसी बीच आज निर्माताओं ने फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है।

**फिल्म को लेकर निर्माताओं ने दिया अपडेट**

फिल्म पेद्दी के निर्माताओं ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए लिखा, 'PEDDI की एडिटिंग फाइनल हो गई है। 3 जून 2026 को इसका भव्य प्रीमियर होगा और 4 जून 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी।

**रत्नवेलु ने की राम चरण की तारीफ**

इससे एक हफ्ते पहले फिल्म के कैमरामैन आर. रत्नवेलु ने बताया था कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने राम चरण की तारीफ करते हुए लिखा कि उनके साथ काम करना बहुत खास और यादगार रहा। उन्होंने राम चरण को न सिर्फ अच्छा अभिनेता, बल्कि अच्छा इंसान और दोस्त भी बताया।

**फिल्म पेद्दी के बारे में**

पेद्दी एक ग्रामीण एक्शन ड्रामा फिल्म है। पेद्दी का निर्देशन बुची बाबू सना ने किया है। इस फिल्म में राम चरण के साथ जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में शिव राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु और बोमन ईरानी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## अलीगढ़ के लेखक अपूर्व असरानी ले रहे सोशल मीडिया से विदा

**नई दिल्ली।** मशहूर लेखक और एडिटर अपूर्व असरानी ने एलान किया है कि वह 8 मई, 2026 से अपना पर्सनल इंस्टाग्राम अकाउंट हमेशा के लिए डिलीट कर देंगे। अपूर्व ने फिल्म अलीगढ़ लिखी थी। इंस्टाग्राम पर असरानी ने लिखा, इंस्टाग्राम पर मेरा 10 साल का सफर बहुत मजेदार रहा, लेकिन यह पेज कल यानी 8 मई, 2026 से हमेशा के लिए डिलीट कर दिया जाएगा।

अपूर्व ने अपने फॉलोअर्स को आगे बताया कि वह अपने प्रोफेशनल पेज के जरिए उनसे जुड़े रहेंगे। आप मुझे मेरे वर्क अकाउंट अपूर्व असरानी फिल्म्स पर फॉलो कर सकते हैं। जहां मैं फिल्मों, लेखन और क्रिएटिव काम से जुड़े अपडेट शेयर करता रहूंगा। मेरा एक ट्विटर अकाउंट भी है जो ज्यादा एक्टिव नहीं रहता। हालांकि कभी-कभी काम से जुड़ी घोषणाओं के लिए एक्टिव हो जाता है। बातचीत, प्यार, असहमति और पिछले दस वर्षों में आए सभी उतार-चढ़ावों में मेरे साथ बने रहने के लिए आप सभी का शुक्रिया।

# द वार्ड से रियलिटी शो की होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना दिलैक, मातृत्व पर आधारित है शो

**मुंबई।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड' की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा।

**शो में क्या होगा खास?**

इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां। रुबीना दिलैक सिर्फ होस्ट नहीं हैं, बल्कि वे सहानुभूति और समझ के साथ इन महिलाओं से जुड़ेंगी। खुद नई मां होने के नाते वे अपने अनुभव भी साझा करेंगी और सभी को सहारा देंगी। यह शो 15 मई को यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा।

प्रतिभागियों के पति और परिवार वाले भी इस सफर का हिस्सा बनेंगे। वे साथ रहकर सीखेंगे, समझेंगे और रिश्तों को मजबूत करेंगे। शो में 24 घंटे कैमरा, डॉक्टरों की देखभाल और गहरी कहानी सुनाई जाएगी। इससे मातृत्व के सच्चे, कच्चे और दिल को छूने वाले पलों को दिखाया जाएगा।

**शो को लेकर रुबीना दिलैक की राय**

रुबीना ने अपने सोशल मीडिया पर शो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, मां बनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा और भावनात्मक सफर




रहा है। यह बहुत खूबसूरत है, लेकिन इतना मुश्किल भी कि कोई आपको पहले से तैयार नहीं कर सकता। 'द वार्ड' उन अनकही भावनाओं को दिखाता है, जिन्हें हम अंदर ही दबा लेते हैं। यह मेरा पहला रियलिटी शो है और मैं कह सकती हूं कि यह हर किसी के लिए भावनाओं का रोलरकोस्टर होगा।

# 'विजय को मिले बहुमत साबित करने का मौका', प्रकाश राज ने किया थलापति का समर्थन, राज्यपाल पर उठाए सवाल





**नई दिल्ली।** थलापति विजय इन दिनों तमिलनाडु चुनावों में अपनी पार्टी 'टीवीके' की जीत को लेकर उत्साहित हैं। प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बनने के बावजूद टीवीके सरकार बनाने के आंकड़े से दूर है। ऐसे में विजय दो बार गवर्नर के पास सरकार बनाने का प्रस्ताव लेकर जा चुके हैं, लेकिन सरकार ने उन्हें बहुमत के साथ आने की बात कहकर लौटा दिया है। हालांकि, नियम के मुताबिक, मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद भी सदन में अपना विश्वासमत हासिल कर सकते हैं। अब राज्यपाल द्वारा विजय को बार-बार लौटाने पर अभिनेता प्रकाश राज ने नाराजगी जताई है। उन्होंने विजय का समर्थन करते हुए गवर्नर पर निशाना साधा है।

बातचीत के दौरान प्रकाश राज ने कहा कि तमिलनाडु में जनादेश प्राप्त करने के बाद विजय को सरकार बनाने और सदन में अपना बहुमत साबित करने की अनुमति दी जानी चाहिए। हालांकि, प्रकाश राज ने प्रशासनिक पृष्ठभूमि के बिना नेता के नेतृत्व में शासन को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विजय की जीत सत्ता-विरोधी लहर, उनके समर्थकों की लोकप्रियता या सोशल मीडिया की वजह से हुई, इस पर बाद में चर्चा की जा सकती है। सबसे पहले हमें जनादेश स्वीकार करना होगा। चुनाव के दौरान उनकी चिंताएं एक नागरिक की थीं, न कि किसी पार्टी कार्यकर्ता की। लोगों को भी गलत होने का अधिकार है, नेताओं को नहीं। शासन किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं हो सकता और उनकी चिंता इस बात को लेकर है कि राज्य का संचालन कैसे होगा।

तमिलनाडु के राज्यपाल की कड़ी आलोचना करते हुए प्रकाश राज ने कहा कि अगर विजय के पास बहुमत है, तो उन्हें दावा पेश करने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। विजय के 108 सीटों के समर्थन और कांग्रेस की पांच सीटों के दावे का जिक्र करते हुए अभिनेता ने कहा कि राज्यपाल का घर सच्चाई नहीं है।

इसके अलावा यह सदन का पटल है। राज्यपाल को इस मामले का फैसला सदन में करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें दावा करने दीजिए, उन्हें सदन में साबित करने दीजिए। जनादेश के साथ उन्हें लोकतांत्रिक अधिकार भी क्यों नहीं दिया जा रहा है? यह लोकतंत्र नहीं है, यह वाकई अन्यायपूर्ण है।

अभिनेता ने कहा कि जो लोग विजय को नेता के रूप में स्वीकार नहीं करते, उन्हें भी इंतजार करना चाहिए और देखना चाहिए। विजय के पास अब अपने आलोचकों को गलत साबित करने का मौका है। हालांकि, शासन केवल मुख्यमंत्री पर ही नहीं, बल्कि मंत्रिमंडल और पूरे प्रशासन पर भी निर्भर करेगा।

उन्होंने विजय की पार्टी के वित्त, कृषि, शिक्षा और नौकरशाही के मैनेजमेंट को लेकर रणनीति पर भी सवाल किया। सभी पार्टियां चुनावी वादे करती हैं और उनका मूल्यांकन इस आधार पर किया जाना चाहिए कि क्या वे उन वादों के प्रति जवाबदेह हैं।

# 'हैरी पॉटर' सीरीज के फर्स्ट सीजन की रिलीज से पहले दूसरे पार्ट की घोषणा

**मुंबई।** हैरी पॉटर फिल्मों को पसंद करने वाले दुनिया भर में मौजूद है, खासकर बच्चों के बीच इस फ्रैंचाइज की फिल्में काफी पॉपुलर हैं। ऐसे में सीरीज के तौर पर हैटी पॉटर का पहला सीजन जल्द ही आने वाला था। लेकिन फर्स्ट सीजन के आने से पहले ही इसके दूसरे सीजन की भी घोषणा हो गई है। मेकर्स ने सीरीज हैरी पॉटर के दूसरे सीजन में की कहानी और शूटिंग से जुड़ी जानकारी साझा की है।

**राइटर जे.के. रोलिंग की बुक पर बनेंगे अगले सभी सीजन**

एचबीओ की क्रिएटिव टीम ने जानकारी साझा करते हुए बताया था कि राइटर जे.के. रोलिंग की सात किताबों को हैरी पॉटर के अलग-अलग सीजन के तौर पर बनाया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक भी



रोलिंग की बुक चैंबर ऑफ सीक्रेट्स को दूसरे सीजन के तौर पर बनाने की संभावना है। अभी मेकर्स ने इस बात को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया है।

**कब शुरू होगी दूसरे सीजन की शूटिंग?**

हैरी पॉटर सीरीज के पहले सीजन का प्रीमियर होने में अभी वक्त है। लेकिन एचबीओ के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर फ्रांसेस्का ने कहा, हमने अपने ओवरलैपिंग प्रोडक्शन शेड्यूल के लिए प्लानिंग बनाई है, क्रिसमस तक हम पहले सीजन को पूरा कर लेंगे। जिसके बाद सर्दियों में दूसरे सीजन का प्रोडक्शन शुरू करें। इसके साथ ही उन्होंने जॉन ब्राउन की जमकर तारीफ की है, वह हैरी पॉटर सीरीज के पहले सीजन के राइटर हैं।

# सोहराबुद्दीन के भाइयों को झटका, कथित फर्जी मुठभेड़ केस में 22 आरोपियों को बरी करने का फैसला बरकरार

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई की विशेष अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें 2005 के कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में 22 आरोपियों की बरी किया गया था। यह मामला गैंगस्टर सोहराबुद्दीन शेख, उनकी पत्नी कौसर बी और उनके सहयोगी तुलसीराम प्रजापति से जुड़ा है।

चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड की पीठ ने गुरुवार को सोहराबुद्दीन के भाइयों रुबाबुद्दीन और नयाबुद्दीन की ओर से दायर अपीलों को खारिज कर दिया। इन अपीलों में दिसंबर 2018 के विशेष अदालत के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया था।

बरी किए गए 22 आरोपियों में से 21 गुजरात और राजस्थान पुलिस के निचले स्तर के अधिकारी थे। उन पर आरोप था

**अधिकारी**

**बरी किए गए 22 आरोपियों में से 21 गुजरात और राजस्थान पुलिस के निचले स्तर के अधिकारी थे।**

कि उन्होंने अगवा कर कथित फर्जी मुठभेड़ों में तीनों को मार दिया था। एक अन्य आरोपी गुजरात के एक फार्म हाउस का मालिक था, जहां सोहराबुद्दीन और कौसर बी को कथित रूप से गैरकानूनी तरीके से रखा गया था। विशेष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि कोई साजिश रची गई थी या आरोपियों की इसमें कोई भूमिका थी।



अप्रैल 2019 में सोहराबुद्दीन के भाइयों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। वहीं, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल कोर्ट को बताया था कि वह बरी करने के फैसले को स्वीकार कर चुकी है और अपील नहीं करेगी।

सीबीआई के अनुसार, सोहराबुद्दीन को नवंबर 2005 में अहमदाबाद के पास गुजरात पुलिस की ओर से कथित फर्जी मुठभेड़ में मार दिया गया था। कुछ दिन बाद उनकी पत्नी कौसर बी की भी हत्या कर दी गई थी। एक साल बाद दिसंबर 2006 में मुख्य गवाह माने जाने वाले तुलसीराम प्रजापति की भी कथित मुठभेड़ में मौत हो गई थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंपा गया था और बाद में मुकदमा मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया था।

**याचिका में क्या कहा गया था?**

याचिका में आरोप लगाया गया था कि मुकदमे में खामियां थीं और गवाहों के बयान सही तरीके से दर्ज नहीं किए गए। हालांकि, विशेष अदालत ने कहा था कि सबूत पर्याप्त नहीं हैं और अभियोजन पक्ष संदेह से परे आरोप साबित करने में असफल रहा।

**मामला क्या हुआ था?**

घटना के अनुसार, सोहराबुद्दीन, उनकी पत्नी और प्रजापति को 22-23 नवंबर 2005 की रात बस से यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था। इसके बाद उन्हें अलग-अलग वाहनों में ले जाया गया था। सीबीआई का दावा था कि सोहराबुद्दीन को 26 नवंबर 2005 को, कौसर बी को तीन दिन बाद और प्रजापति को 27 दिसंबर 2006 को कथित मुठभेड़ में मार दिया गया था।

# धार्मिक मामलों पर सवाल उठने लगे तो सैकड़ों याचिकाएं आ जाएंगी, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों पर सांविधानिक अदालत में सवाल उठाने लगेंगे, तो सैकड़ों याचिकाएं अलग-अलग रीति-रिवाजों पर आने लगेंगी, जिससे धर्म और सभ्यता दोनों पर गंभीर असर पड़ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ इस समय उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें धर्मस्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव का मुद्दा उठाया गया है। इनमें केरल का सबरीमाला मंदिर का मामला भी शामिल है। इसके साथ ही विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और उसकी सीमाओं पर भी विचार किया जा रहा है, जिनमें दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मामले भी हैं।

इस पीठ में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत के साथ न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी



वराले, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय की केंद्रीय संस्था ने 1986 में एक जनहित याचिका दायर की थी। जिसमें 1962 के उस फैसले को हटाने की मांग की थी, जिसमें बंबई बहिष्कार निवारण अधिनियम 1949 को रद्द कर दिया गया था। इस कानून के तहत किसी भी समुदाय के सदस्य को समाज से बाहर करने को अवैध माना गया था। 1962 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कहा गया था कि दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्म के अनुसार, उनके धर्मगुरु किसी सदस्य को धार्मिक कारणों से समुदाय से बाहर कर सकते हैं। इसे उनके धर्म का हिस्सा माना गया था। इसलिए 1949 का कानून उस समय संविधान के अनुच्छेद 26(बी) के तहत दिए गए धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन माना गया, जो इस तरह के बहिष्कार को गैरकानूनी बनाता था।

वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन बदलाव चाहने वाले दाऊदी बोहरा समूह की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रथा किसी व्यक्ति के सामाजिक या गैर-धार्मिक आचरण के कारण की जाती है, तो उसे संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत धार्मिक संरक्षण नहीं मिल सकता। उन्होंने आगे कहा कि यदि कोई प्रथा धार्मिक पहलू भी रखती है लेकिन वह मूल अधिकारों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, तो उसे सांविधानिक संरक्षण से बाहर रखा जा सकता है।

इस दलील पर जवाब देते हुए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, अगर हर कोई सांविधानिक अदालत के सामने कुछ धार्मिक रीति-रिवाजों या धर्म से जुड़े मामलों पर सवाल उठाना शुरू कर दे, तो फिर उस सभ्यता का क्या होगा, जहां धर्म भारतीय समाज से इतनी गहराई से जुड़ा हुआ है?

# मेरे पीए की हत्या इसलिए हुई क्योंकि मैंने ममता को हराया: शुभेंदु अधिकारी

**नई दिल्ली।** शुभेंदु अधिकारी ने अपने पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या का आरोप टीएमसी पर लगाया है। उन्होंने कहा कि मैने पश्चिम बंगाल की भवानीपुर सीट से ममता बनर्जी को हरा दिया, इसलिए उन्होंने मेरे सहयोगी चंद्रनाथ रथ को मार दिया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द गुनहगारों को पकड़ा जएगा।

सुवेंदु अधिकारी ने बताया कि हमालवरों ने बहुत नजदीक से उन्हें गोली मारी है। जो भी हमलावर से उन्हें अच्छे से पता थी कि कहां गोली मारने से उनका तुरंत मौत दो जाएगी। अधिकारी ने बताया उनके शरीर से चार गोली निकली। यह हत्या पूरी तरह से नियोजन करके की गई है।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मध्यग्राम में बुधवार रात यह वारदात हुई। चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना को लेकर चश्मदीदों ने कई गंभीर खुलासे किए हैं। उन्होंने



बताया कि यह हमला पूरी तरह सोची-समझी साजिश थी। हमलावर 4 से 5 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए थे। उन्होंने चंद्रनाथ की कार का पीछा किया और दोहारिया इलाके में उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। चंद्रनाथ रथ भारतीय वायुसेना में सेवा देने के बाद भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सबसे भरोसेमंद राजनीतिक सहयोगियों में से एक बन गए थे। 41 वर्षीय रथ मूल रूप से पूर्वी मेदिनीपुर जिले के चांदपुर के रहने वाले थे। यह वह राजनीतिक क्षेत्र था, जिसने बंगाल की राजनीति में शुभेंदु अधिकारी के उदय को आकार दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शांत स्वभाव और चर्चाओं से दूर रहने वाले रथ, वर्षों से अधिकारी के करीबी समूह का हिस्सा होने के बावजूद बड़े पैमाने पर जमीन पर काम करते रहे।

सक्रिय राजनीतिक संगठनात्मक ढांचे में आने से पहले रथ ने रहरा राम कृष्ण मिशन से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद भारतीय वायुसेना में लगभग दो दशक बिताए थे। परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि उन्होंने एक बार आध्यात्मिक जीवन पर विचार किया था और छात्र जीवन के दौरान रामकृष्ण मिशन के सिद्धांतों से वे काफी प्रभावित थे।

वायुसेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने कॉर्पोरेट क्षेत्र में थोड़े समय के लिए काम किया। इसके बाद वे धीरे-धीरे राजनीतिक समन्वय और प्रशासनिक जिम्मेदारियों में आगे बढ़े। शुभेंदु अधिकारी के परिवार की तरह ही उनका परिवार भी पहले तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा था।

# पूर्वोत्तर के बौद्ध स्थलों को जोड़ने की पहल

## उपमुख्यमंत्री चौना कर रहे वैश्विक पहचान दिलाने की तैयारी

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चौना मीन ने पूर्वोत्तर राज्यों के प्रमुख बौद्ध स्थलों को जोड़कर एक एकीकृत पर्यटन सर्किट विकसित करने की वकालत की। इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत में बौद्ध पर्यटन सर्किट को बढ़ावा देना है। उन्होंने इस पहल को वैश्विक पहचान देने के लिए इसे तवांग इनिशिएटिव नाम देने का सुझाव दिया। तवांग में आयोजित डेवलपमेंट ऑफ द बुद्धिस्ट सर्किट इन नॉर्थईस्ट इंडिया कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के लिए पेशेवर और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इस प्रस्तावित सर्किट में अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम और मणिपुर के साथ-साथ पड़ोसी देशों के प्रमुख बौद्ध स्थलों को शामिल किया जाना चाहिए।



इस कार्यशाला में नेपाल, भूटान, श्रीलंका और भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तवांग आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां 400 वर्ष पुराना मठ स्थित है, यह छठे दलाई लामा की जन्मस्थली है और वर्तमान दलाई लामा से जुड़े ऐतिहासिक मार्ग का भी हिस्सा रहा है। उन्होंने दिरंग जोंग, थेम्बांग, पवित्र पेमाको क्षेत्र और खूबसूरत मेचुका घाटी जैसे विरासत स्थलों का भी उल्लेख किया, जिन्हें व्यापक बौद्ध और सांस्कृतिक पर्यटन नेटवर्क का आधार बनाया जा सकता है।

चौना मीन ने अरुणाचल प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य में 26 प्रमुख जनजातियां हैं, जिनकी अपनी अलग भाषा, पहनावा और परंपराएं हैं। साथ ही राज्य की समृद्ध जैव विविधता इको-टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करती है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अपनी अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए प्राचीन पांडुलिपियों, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों और धार्मिक ग्रंथों का डिजिटलीकरण कर रही है, ताकि इन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सके।

उपमुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि इस वर्ष के अंत में अरुणाचल प्रदेश में एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने वैश्विक हितधारकों से राज्य को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में साझेदारी करने का आह्वान किया।

### महाराष्ट्र के बीड में सड़क हादसा, दो लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पहली घटना बुधवार दोपहर अण्णाभाऊ साठे चौक इलाके में हुई, जहां तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में हादसे में सोलापुर जिले की रहने वाली 45 वर्षीय प्रतीक्षा रामेश्वर चौधरी की मौत हो गई, जबकि उनके भाई और भाभी घायल हो गए। पुलिस ने बाद में कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरी घटना मंगलवार देर रात सोलापुर-धुले राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जहां एक कार सड़क किनारे लगे लोहे के ढांचे से टकरा गई। हादसे में कार सवार 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, कार की आगे की सीट पर बैठे दो अन्य लोग एयरबैग खुल जाने के कारण सुरक्षित बच गए।

# पश्चिम एशिया में जंग खत्म करने की तैयारी?



**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और संकट को खत्म करने की दिशा में ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में बड़ी प्रगति होती दिखाई दे रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान गुरुवार को मध्यस्थ देशों के जरिए अमेरिका के उस प्रस्ताव पर अपना जवाब दे सकता है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय संकट का समाधान निकालना और तनाव को पूरी तरह समाप्त करना है।

सूत्रों के अनुसार, तेहरान अभी भी अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, लेकिन दोनों पक्ष संभावित समझौते के काफी करीब पहुंचते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत एक प्रारंभिक समझौते की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिससे मौजूदा संकट को रोका जा सके और व्यापक परमाणु वार्ता का रास्ता तैयार हो सके।

एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों और वार्ता से जुड़े सूत्रों ने इसे संघर्ष शुरू होने के बाद का सबसे बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम बताया है। हालांकि अभी अंतिम समझौता नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित समझौता एक 14 बिंदुओं वाले एक पन्ने के मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर आधारित है। इसका उद्देश्य तत्काल युद्धविराम लागू करना और अगले 30 दिनों के भीतर व्यापक समझौते के लिए बातचीत शुरू करना है।

प्रस्ताव के तहत ईरान अस्थायी रूप से अपने परमाणु संवर्धन कार्यक्रम को रोक सकता है। इसके बदले अमेरिका ईरान पर लगे कुछ प्रतिबंध हटाने और ईरानी संपत्तियों में फंसे अरबों डॉलर को जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। साथ ही दोनों देश होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव कम करने और समुद्री आवाजाही को आसान बनाने की दिशा में भी काम करेंगे।

हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि समझौते की कई शर्तें आगे की बातचीत के नतीजों पर निर्भर होंगी। ऐसे में भविष्य में फिर से तनाव बढ़ने या लंबे समय तक अनिश्चितता बने रहने की आशंका भी बनी हुई है।

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य में सैन्य गतिविधियों को कम करने का फैसला इसी कूटनीतिक प्रगति को देखते हुए लिया था।

### दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों, वेई फेंगहे और ली शांगफू को भ्रष्टाचार के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है, जिसमें दो साल की मोहलत दी गई है। आधिकारिक मीडिया के हवाले से यह जानकारी मिली। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजा सुनाई। वेई को रिश्वत लेने का दोषी पाया गया, जबकि ली को रिश्वत लेने और देने दोनों का दोषी ठहराया गया। वेई और उनके उत्तराधिकारी ली को 2024 में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। वे राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अध्यक्षता वाली केंद्रीय सैन्य आयोग के पूर्व सदस्य भी थे। वेई ने 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया। ली ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ महीने ही सेवा दी। दोनों ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की महत्वपूर्ण रॉकेट फोर्स का नेतृत्व किया था।

# 48 घंटे भी नहीं टिका ट्रंप का ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम, होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रंप का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1,600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला। सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा।

हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक बयान सामने आया है।

ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इनकार कर दिया है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की दूतावास, होर्मुज स्ट्रेट में एक कोरियाई जहाज को नुकसान पहुंचाने वाली घटना में ईरान की सेना के शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से खारिज करती है और साफ तौर पर मना करती है। जब से अमेरिका और इजरायली सरकार ने ईरान के



खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की है, ईरान ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट हमलावरों और उनके समर्थकों का मुकाबला करने में उसकी सुरक्षा का एक जरूरी हिस्सा है।

ईरानी दूतावास ने आगे कहा कि इस मामले में इस अहम जलमार्ग से नेविगेशन पर असर सुरक्षा की बदलती स्थिति से पड़ा है और यह पहले के समय की स्थितियों से अलग है, क्योंकि यह इलाका दुश्मन ताकतों और उनके साथियों की कार्रवाइयों से पैदा होने वाले बढ़ते तनाव का सामना कर रहा है। इसलिए, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए लागू नियमों का पूरा पालन करना, जारी की गई चेतावनियों पर ध्यान देना, तय रास्तों पर चलना और ईरान की सक्षम अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी है।

दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास ने अपने बयान में आगे कहा, यह साफ है कि ऐसे हालात में, सैन्य और सुरक्षा तनाव से प्रभावित माहौल में बताई गई जरूरतों और ऑपरेशनल हकीकतों को नजरअंदाज करने से अनचाही घटनाएं हो सकती हैं।

# बांग्लादेश की तीस्ता परियोजना में चीन की एंट्री, ढाका-बीजिंग की बढ़ती साझेदारी पर भारत की नजर

**बीजिंग।** बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी परियोजना को लेकर चीन का समर्थन औपचारिक रूप से मांग लिया है। यह कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों पर असर डाल सकता है। बुधवार को बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक में तीस्ता रिवर कॉम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। इसकी जानकारी बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने दी।

तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। यह नदी बांग्लादेश में सिंचाई और लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। बैठक में वांग यी ने नई बांग्लादेश सरकार के प्रति चीन का समर्थन जताते हुए कहा कि चीन, बेल्ट एंड रोड सहयोग को बांग्लादेश की विकास रणनीतियों के साथ

**प्रवेश**

**तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है।**

जोड़ने और आर्थिक, बुनियादी ढांचे व लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश में निवेश के लिए अपनी कंपनियों को भी प्रोत्साहित करेगा।

चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन का बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाकर नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही किसी



तीसरे पक्ष के कारण प्रभावित होने चाहिए।

तारीक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री खालिलुर रहमान की यह पहली चीन यात्रा है। वह 5 मई को चीन पहुंचे थे और गुरुवार को लौटने वाले हैं। इससे पहले पिछले महीने उन्होंने भारत का भी दौरा किया था। उनकी भारत यात्रा पर बीजिंग की करीबी नजर थी, क्योंकि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के दौरान बांग्लादेश के चीन और पाकिस्तान के करीब जाने से ढाका और नई दिल्ली के संबंधों में तनाव देखा गया था।

**चीन की तीस्ता परियोजना में रुचि**

चीन लंबे समय से तीस्ता परियोजना में रुचि दिखाता रहा है। यह परियोजना भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास स्थित है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के मुख्य भूभाग से जोड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी, ताकि सीमा पार नदी प्रबंधन को लेकर ढाका के साथ सहयोग मजबूत किया जा सके।

भारत और बांग्लादेश के बीच जल बंटवारा हमेशा से अहम मुद्दा रहा है। 1996 में गंगा नदी के सूखे मौसम में जल बंटवारे को लेकर हुआ भारत-बांग्लादेश गंगा जल समझौता इस साल समाप्त होने वाला है, यदि इसका नवीनीकरण नहीं किया गया।

इस बीच चीन ने हाल के वर्षों में बांग्लादेश में अपनी आर्थिक और कूटनीतिक मौजूदगी लगातार बढ़ाई है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन जापान, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक के बाद बांग्लादेश का चौथा सबसे बड़ा कर्जदाता है।

# सीरिया कैंप से ऑस्ट्रेलिया लौटे ISIS संदिग्ध परिवार, महिलाएं-बच्चे समेत कुल 13 लोग, पुलिस सतर्क

**मेलबर्न।** सीरिया के रेगिस्तानी कैंप में वर्षों बिताने के बाद ISIS से कथित संबंध रखने वाली महिलाओं और बच्चों को लेकर दो फ्लाइट्स ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं। पुलिस ने संभावित कानूनी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

सीरिया के रेगिस्तानी कैंप में कई वर्षों तक रहने के बाद इस्लामिक स्टेट समूह से कथित संबंध रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं और बच्चों को लेकर दो विमान गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। इस घटनाक्रम के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक विमान मेलबर्न में उतरा जिसमें तीन ऑस्ट्रेलियाई महिलाएं और आठ बच्चे सवार थे। वहीं दूसरी फ्लाइट सिडनी पहुंची, जिसमें एक महिला और उसका बेटा मौजूद थे।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बुधवार को पुष्टि की थी कि कुल 13 लोग, जिन्होंने सीरिया के कैंप में वर्षों



बिताए, उन्हें वापस ऑस्ट्रेलिया लाने की योजना बनाई गई थी। इन लोगों को लंबे समय से मानवीय और सुरक्षा दोनों नजरियों से देखा जा रहा था।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं पर इस्लामिक स्टेट के तथाकथित खिलाफत के दौरान सीरिया और इराक में बिताए गए समय को लेकर आपराधिक जांच हो सकती है। हालांकि अभी तक किसी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों फ्लाइट्स कतर की राजधानी दोहा से रवाना हुई थीं। कतर एयरवेज की फ्लाइट QR904 सबसे पहले मेलबर्न पहुंची, जबकि QR908 बाद में सिडनी में उतरी।

ऑस्ट्रेलिया में इस वापसी को लेकर राजनीतिक और सुरक्षा स्तर पर बहस तेज हो गई है। एक ओर मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित पुनर्वास मिलना चाहिए, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा एजेंसियां संभावित खतरे को लेकर सतर्कता बरत रही हैं।

# तीन मुठभेड़ों में तीन बदमाश दबोचे

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। गुरुवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई तीन पुलिस मुठभेड़ों में हत्या के प्रयास, लूट, छिनैती और अवैध असलहों के मामलों में वांछित तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ों के दौरान तीनों बदमाश पुलिस फायरिंग में घायल हुए, जबकि उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद की गईं। पहली मुठभेड़ नगर कोतवाली क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस ने नफीस उर्फ नफीस अहमद को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वह चोरी, लूट और सुपारी लेकर वारदात करने में शामिल रहा है। तूतीपुर पीपा पुल के पास घेराबंदी के दौरान उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसके पास से .315 बोर का तमंचा, कारतूस, नकदी और मोबाइल फोन बरामद हुआ। नफीस पर हत्या के प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस समेत कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। दूसरी मुठभेड़ बरसठी और रामपुर पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई। यहां हिस्ट्रीशीटर लुटेरा रुस्तम पुत्र मुस्लिम पुलिस मुठभेड़ में घायल अवस्था में पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक बिना नंबर प्लेट की सुपर स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो बदमाशों ने चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में रुस्तम घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। रुस्तम के पास से 32 बोर का तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद हुई। उसके खिलाफ लूट, चोरी, गैंगस्टर और हत्या के प्रयास समेत दर्जनभर से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। तीसरी मुठभेड़ मीरगंज और पवारा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई। यहां पुलिस ने मो. उमर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वह अवैध असलहा लेकर किसी वारदात की फिराक में था।

पुलिस टीम को देखकर उसने भागने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसके कब्जे से .315 बोर का तमंचा, कारतूस और बजाज प्लेटिना बाइक बरामद हुई। आरोपी पर हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के कई मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी कुँवर अनुपम सिंह ने बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## शिव ने भानु प्रताप क्लब को दिलाई जीत

**प्रयागराज।** शिव गौतम के अर्धशतक (71 रन, 67 गेंद, नौ चौके, एक छक्का एवं 4.3-0-16-2) की बदौलत भानु प्रताप सिंह क्लब ने किड्स प्रयागराज क्लब को 66 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-16 कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।

गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर गुरुवार को खेले गये मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब में 29.4 ओवर में 177 रन (शिव गौतम 71, रमन पाल 32, लकी मौर्य 24, अंकुश सिंह 4/31, यश पांडेय 3/18, रौनक पटेल 2/34) बनाए। जवाब में किड्स प्रयागराज क्लब की पूरी टीम 25.3 ओवर में 111 रन (उत्कर्ष यादव 31, स्वास्तिक चौधरी 11, अंशुमान पटेल 2/07, शिव गौतम 2/16, शशांक मौर्य, नितेश यादव और प्रियांशु एक-एक विकेट) पर सिमट गई। शिव गौतम को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# संस्कार ने सेंट जोसेफ स्कूल को दिलाई जीत

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** संस्कार यादव की अचूक गेंदबाजी (5-1-08-5) की बदौलत सेंट जोसेफ स्कूल क्लब कुंडा ने किशोरी लाल क्लब को 99 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। एक अन्य मुकाबले में खेलगांव पब्लिक स्कूल ने इलाहाबाद पब्लिक स्कूल को 10 विकेट से हराया। चक हरिहर वन झूसी मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में सेंट जोसेफ स्कूल क्लब कुंडा ने 25 ओवर में 8 विकेट पर 161 रन (यशस्वी मिश्रा 49, युवराज शुक्ला 41 नाबाद, शनि पटेल 26, हमज़ा अली 2/33, राजवीर शुक्ला, शुभ केसरी, रूद्र राज सिंह परिहार एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में किशोरी लाल क्लब की पूरी टीम 17.4 ओवर में 62 रन (शिवांक 26, संस्कार यादव 5/08, यशस्वी मिश्रा 2/14, शिव शुक्ला 2/21) पर सिमट गई। संस्कार यादव को को मैन ऑफ द मैच चुना गया।


संस्कार यादव

खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने 16.3 ओवर में 66 रन (हनी सिंह 20, पार्थ सिंह 2/02, अभिषेक 2/07, राज सिंह 2/14) बनाए। जवाब में खेलगांव पब्लिक स्कूल ने 6 ओवर में बिना विकेट खोए 68 रन (अंबुज द्विवेदी 33 नाबाद, अनुराग यादव 23 नाबाद) बना लिए। अंबुज द्विवेदी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## 'तुम जो आए तो तीरगी महकी'

**प्रयागराज।** 'स्मार्ट सिटी कार्निवाल-2026' के अंतर्गत साहित्यिक संस्था 'गुफ्तगू' की तरफ से सिविल लाइंस में कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने किया। संचालन मनमोहन सिंह 'तन्हा' ने किया। मशहूर शायर डॉ. नायाब बलियावी ने अपनी शायरी में संगम का शानदार उल्लेख किया-'कली के शहर को शबनम का शहर कहते हैं/इलाहाबाद को संगम का शहर कहते हैं।' गुफ्तगू के सचिव नरेश कुमार महरानी ने ज़िन्दगी की हक़ीक़त को दर्शाया-'न बदला है न बदलेगा, देख ज़माना रूप/कभी न फैलाऊं मैं पंख, पाकर ऊर्जा धूप।' कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी की ग़ज़ल में प्रेमिका उल्लेख इस तरह था-'बेला, चंपा, गुलाब सब थे मगर/तुम जो आए तो तीरगी महकी।' इसके साथ ही मख़दूम फूलपुरी, युवा शायर अनिल मानव, शैलेंद्र जय, वरिष्ठ कवयित्री नीना मोहन श्रीवास्तव, रचना सक्सेना और अना इलाहाबादी ने अपनी कविताएं प्रस्तुत पढ़ीं। इनके अलावा सुनील दानिश, मधु गौतम, शिबली सना, डॉ. वीरेंद्र कुमार तिवारी, हरिनाथ शर्मा 'सनसनी', शाहीन खूश्बू आदि ने कलाम पेश किए।

## बी.डी.ओ.अभिनव सरोज ने ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह के घर से जनगणना -2027 प्रथम चरण का किया शुभारंभ



**जौनपुर (रामपुर)/अवधनामा संवाददाता।** देश भर में शुरू हुई जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत आज ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह के घर हथेरा स्व जनगणना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का शुभारंभ अभिनव सरोज द्वारा ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह के विवरण दर्ज कर किया गया। बी डी ओ रामपुर ने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जा रही है। जिस क्रम में मैने ब्लॉक प्रमुख के घर पहुंचकर मोबाइल ऐप के जरिए उनकी और उनके परिवार की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की। जनगणना के शुभारंभ के बाद ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि वे प्रगणकों को सही और सटीक जानकारी दें। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ दिलाने के लिए यह आंकड़े अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अभिनव सरोज ने बताया कि प्रथम चरण 7 मई से 21 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य लोग ऑनलाइन माध्यम से स्वयं कर सकेंगे 22 मई से 20 जून 2026 तक इसे फील्ड कार्य द्वारा संपन्न किया जाएगा। आप सभी लोग स्व जनगणना se.census.gov.in के द्वारा कर सकते हैं। यह जनगणना केवल लोगों की गणना नहीं बल्कि समग्र समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार है।सभी ब्लॉक वासियों से सही एवं तथ्यात्मक जानकारी के साथ सक्रिय सहभागिता की हम अपेक्षा करते हैं।इस अवसर पर सचिव अल्का वर्मा, कई अधिकारी, विपुल सिंह, शुभम सिंह, शनि सिंह, अरुण सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने सादनपुर गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया



**जौनपुर/अवधनामा संवाददाता।** नवागत जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने बक्शा स्थित सादनपुर के अस्थाई गो-आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में चल रहे व्यवस्था कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसा, चारा और पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने साफ-सफाई, धूप और बारिश से बचाव के इंतजामों का भी अवलोकन किया। गौशाला में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने गोवंश के लिए खेत में बोई गई नेपियर घास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों और केयरटेकर से संवाद करते हुए गोवंश को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने गोवंश को गुड़ और केला खिलाया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, ग्राम प्रधान मनीलाल यादव और पंचायत सचिव सहित अन्य अधिकारी व लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने पाली ग्राम में ग्राम सचिवालय एवं अमृत वाटिका का किया निरीक्षण

**जौनपुर/अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. द्वारा गुरुवार पाली ग्राम में स्थित ग्राम सचिवालय एवं अमृत वाटिका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम सचिवालय में आमजन को प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय ग्राम सचिवालय में सेल्फ एन्यूमरेशन, फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य संचालित पाया गया। अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि ग्राम सचिवालय पर आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, केवाईसी सहित अन्य जनसेवा संबंधी कार्य सुचारू रूप से संपादित किए जा रहे हैं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अमृत वाटिका का निरीक्षण किया तथा आम के पौधे का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्राम सचिवालय पर शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मडियाहू, खंड विकास अधिकारी मड़ियाहूं, जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 20 मई को दवा व्यवसायियों का प्रयागराज बंद का ऐलान



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन एवं प्रादेशिक संगठन ओसीडी यूपी के चेयरमैन तथा प्रयाग केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन फुटकर के अध्यक्ष राना चावला की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 20 मई को सम्पूर्ण प्रयागराज का दवा व्यवसाय अपनी दुकानें बंद कर विरोध दर्ज कराएगा। साथ ही एआईओसीडी के आदेशानुसार आगे भी समस्त कार्य किए जाएंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य देशभर में दवा व्यवसायियों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा एवं देशव्यापी बंदी के संबंध में रणनीति बनाना था। बैठक में अवैध व अनियंत्रित ऑनलाइन फार्मेसी का संचालन, बड़ी कॉर्पोरेट ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा दवाओं का अनुचित मूल्य निर्धारण, अधिसूचना जीएसआर 817 (ई) दिनांक 28.08.2018 की वापसी, अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) दिनांक 26.03. 2020 की वापसी की मांग आदि विषयों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही अनियंत्रित ई-फार्मेसी से जनस्वास्थ्य को उत्पन्न गंभीर खतरे पर चिंता व्यक्त की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि उपरोक्त समस्याओं के विरोध में प्रयागराज में समस्त दवा व्यवसाय 20 मई को पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस बंदी को समस्त केमिस्टों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है।

# स्वर्गीय लालसा राय जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

■ लोगों ने लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं समाजसेवी स्वर्गीय लालसा राय जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर गुरुवार को श्री लालसा राय इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके परिवारजनों, कांग्रेस पदाधिकारियों, शिक्षकों, क्षेत्रीय नागरिकों एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना' एवं राजीव कुमार सिंह 'राजू' ने कहा कि स्वर्गीय लालसा राय जी ने अपने जीवन में अनुशासन, नैतिकता, शिक्षा और सामाजिकता की जो ज्योति जलाई थी, उसे आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि उनके पिताजी की कथनी और करनी में हमेशा समानता रही। उनके व्यवहार, वाणी, कर्म और रहन-सहन में अनुशासन, सच्चाई, शालीनता और संस्कार स्पष्ट रूप से दिखाई देते थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लालसा राय जी नशामुक्त और आदर्श जीवनशैली के प्रतीक थे तथा समाज के लिए प्रेरणास्रोत थे। परिवार एवं उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा और सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य निरंतर किया जाएगा तथा उनके नाम को और अधिक गौरवान्वित किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना' ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कम समय में सूचना देने के बावजूद जिस प्रकार बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपना स्नेह और समर्थन दिया, वह परिवार के लिए भावुक करने वाला क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र की जनता का सहयोग और आशीर्वाद आगे भी इसी तरह मिलता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं, कांग्रेस कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के नियमित संचालन एवं निरीक्षण के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा ने जनपद के समस्त अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्साधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विकास खंडों के अंतर्गत संचालित समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी अपनी-अपनी टीमों के माध्यम से अपने ब्लॉक के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भ्रमण कर निरीक्षण करें तथा उसकी विस्तृत रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें। सीएमओ ने बताया कि जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों एवं अन्य टीमों द्वारा भी परिधीय चिकित्सालयों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का औचक निरीक्षण किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं नियमित संचालन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने सभी अधीक्षकों एवं प्रभारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि बुधवार एवं शनिवार को किसी प्रकार की बैठक आयोजित न की जाए, क्योंकि इन दिनों आयोजित होने वाले नियमित टीकाकरण सत्रों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सभी प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रतिदिन निर्धारित समय पर खुलें एवं निर्धारित समय पर बंद हों।

## पीएम श्री योजना से संबद्ध हुए 1000 मान्यता प्राप्त विद्यालय, शिक्षकों में हर्ष की लहर



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** नगर के मदर कॉन्वेंट विद्यालय के प्रांगण में केंद्रीय प्राथमिक शिक्षक संघ (एससी/एसटी) द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संघ के अध्यक्ष देव मणि त्रिपाठी 'अंगार' के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में भारत सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अध्यक्ष देव मणि त्रिपाठी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने 1000 मान्यता प्राप्त प्राइमरी और अपर प्राइमरी विद्यालयों से संबंधित बहुप्रतीक्षित योजना को 'पीएम श्री योजना' के आवर्तक अनुदान से संबद्ध कर दिया है। सरकार के इस कदम से प्रदेश के लाखों शिक्षकों के जीवन में 'अरुणिम प्रकाश' आया है। इस योजना से जुड़ने के बाद विद्यालयों के बुनियादी ढांचे और शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा। शिक्षकों ने विश्वास जताया कि सरकार का यह कदम शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्राथमिक शिक्षक संघ (एससी/एसटी), केंद्रीय शिक्षक संघ, विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों और शिक्षक गणों ने एक स्वर में इस सफलता का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हुए सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस दौरान उपाध्यक्ष अमित सिंह, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार, संगठन मंत्री विनोद कुमार यादव, रामसरन गौतम, धनंजय पाण्डेय, बालकृष्ण पांडे, सुभास चंद्र यादव, रामधारी, रामभुवाल, विनय आदि उपस्थित रहे।

# 16 दिन से गायब किशोरी की प्रेमी ने की हत्या

■ नहर के पास झाड़ियों में मिली लाश, आशिक सहित दो गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक 17 साल की किशोरी का शव नहर किनारे बरामद हुआ। किशोरी सराय इनायत थाना क्षेत्र से लापता हुई थी। परिजनों ने पहले ही एक युवक और उसकी साथी पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। शव मिलने के बाद अब हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले की गहन जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय इनायत थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण पाल की पत्नी सुनीता पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उनकी बेटी खुशी (17) को बहरिया थानाक्षेत्र के जलालपुर गांव का एक युवक अस्मित वर्मा अपनी साथी रिया के साथ 20 अप्रैल की सुबह करीब 7:30 बजे घर से बहला-फुसलाकर ले गया था। परिजनों के अनुसार किशोरी घर से लगभग 2000 रुपए नकद और लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने भी साथ ले गई थी। इन गहनों में सोने की चेन, अंगूठियां, झुमके, मनचली तथा चांदी के करधन, छागल, हाफ पेटी और पायल शामिल थे। बुधवार यानी 6 मई की रात सराय इनायत पुलिस ने आरोपितों को पकड़ लिया। थाने लाकर पूछताछ की। युवक ने बताया कि किशोरी की हत्या कर दी गई है। हरखपुर गांव स्थित शारदा सहायक नहर के बगल झाड़ी से लाश को फेंका गया है। इस पर पुलिसकर्मी हतप्रभ रह गए। आज गुरुवार यानी 7 मई की सुबह किशोर को मऊआइमा ले जाया गया और फिर उसकी निशानदेही पर झाड़ी से किशोरी की लाश बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपित से पूछा तो उसने बताया कि किशोरी से उसका प्रेम संबंध था। लगातार वह शादी का दबाव बना रही थी। आरोपितों ने बताया कि 20 अप्रैल को उसे लेकर शहर गया था। एक दिन बाद परिवार से मिलवाने की बात कहकर उसे बहरिया चलने को बोला गया। शाम को उसे लेकर निकला और जैसे ही अंधेरा हुआ शारदा सहायक नहर के पास उसकी हत्या कर दी। हालांकि पुलिस को अभी उसके इस बयान पर पूरा यकीन नहीं है। सरायइनायत पुलिस का कहना है कि आरोपितों से फिर पूछताछ की जाएगी। इसमें और कौन-कौन शामिल हैं, इस बारे में पूछा जाएगा।

## फ्रेंड्स क्लब को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने चैंपियंस अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में सीएवी क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। बुधवार को दौलत हुसैन मैदान पर सीएवी क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.3 ओवर में 147 रन (आदित्य कुमार 26, अमित यादव 20, तनिष्क 19 रन, ध्रुव सिंह 3/21, नैतिक 2/04, प्रतायांश 1/11) पर बनाए। जवाब में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 20.5 ओवर में चार विकेट पर 149 रन (समर्थ मधुबन 49 नाबाद, हरिओम राय 45, श्रेयांश शर्मा 31 रन, अमित यादव 2/45, प्रियांश सरोज 1/24) पर बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व रविन्द्र आनंद ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा ने स्कोरिंग की।

# मैनपुरी में सैकड़ों बीघा जमीन कब्जामुक्त

**अवधनामा संवाददाता**

■ डीएम की पहल पर भूमि विवादों के निस्तारण में बड़ी कार्रवाई
■ ग्रामसभा की जमीन खाली कर खेल मैदान व चारागाह हेतु सुरक्षित
■ पुलिस-राजस्व की 24 संयुक्त टीमों ने चलाया अभियान

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की सार्थक पहल, प्रत्येक तहसील में सर्वाधिक भूमि विवाद चिन्हित कराकर ''मिशन समाधान'' के तहत हटाए गए अनाधिकृत कब्जे, लंबे समय से भूमि विवाद की लंबित शिकायतों का ''मिशन समाधान'' के तहत पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही कराया गया निस्तारण, सैकड़ों बीघा ग्रामसभा की भूमि खाली कराकर ग्राम में खेल के मैदान, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय, गोवंशों के लिए हरे चारे, वृक्षारोपण हेतु कराया गया आरक्षित। आज जनपद की समस्त तहसीलों में पुलिस, राजस्व की संयुक्त 24 टीमें गठित कर चिन्हित किये गये प्रकरणों में मौके पर जाकर कार्यवाही कर सैकड़ों की बीघा ग्रामसभा की भूमि खाली करायी गयी, कई प्रकरणों में अनाधिकृत कब्जे हटवाकर पात्र व्यक्तियों को काबिज कराया गया, चकमार्गो की पैमाइश कराकर मिट्टी का कार्य भी मौके पर कराकर आमजन को राहत प्रदान की गयी। श्री त्रिपाठी ने ''मिशन समाधान'' के पहले दिन ही ग्राम अहिरवा में अपनी मौजूदगी में लगभग 75 बीघा भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाकर खाली करायी गई भूमि को खेल के मैदान, विद्यालय, चारागाह हेतु आरक्षित करने के निर्देश मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी को दिये।

आज ग्राम अहिरवा में गाटा संख्या 1350 रकबा 8.450 हे. गंगा सिंह, दीपेंद्र, राधेश्याम, शिवम, सत्यनारायण, लोकेंद्र आदि नि. रामनगर अहिरवा से ग्राम सभा भूमि खाली कराकर, गाटा संख्या-2853 रकवा .405 हे., गाटा संख्या-1439 रकवा .405 हे., गाटा संख्या-1308 रकवा .324 हे. ग्राम सभा की भूमि पर गंगा सिंह नि. रामनगर द्वारा किये गये अवैध कब्जा हटवाकर, गाटा संख्या- 1344 रकवा 1.250 हे. भूमि से अनाधिकृत कब्जा हटवाकर खाली करायी गयी भूमि को गौशाला के हरे चारे हेतु सुरक्षित कराया गया, गाटा संख्या 2857, 3853 से ग्रामवासियों की सहमति से रास्ता बनवाया गया, गाटा संख्या-3861 रकवा .028 हे. निजी काश्त ओमवती पत्नी मुकुट सिंह निवासी न. लऊ, अहिरवा को कब्जा दिलाया गया, गाटा संख्या 1456 रकवा .053 हे. भूमि पर कश्मीर सिंह नि. नरैनीपुर को कब्जा दिलाया गया, गाटा संख्या-2859 में ग्राम नगला लऊ भाग अहिरवा के व्यक्तियों की सहमति से तत्काल जेसीबी लगाकर रास्ता डलवाया गया। जिलाधिकारी ने तहसील सदर के गांव परौंख में अपनी मौजूदगी में 02 प्रकरण में ग्राम सभा की 42 बीघा भूमि को कब्जा-मुक्त कराकर ग्राम-सभा का दखल दिलाया गया, लंबे समय से ग्राम अंगौथा में लंबित चकरोड के पैमाइश कराकर मौके पर ही जेसीबी लगाकर मिट्टी का कार्य कराया गया, चकरोड की पैमाइश, मिट्टी का कार्य होने से ग्रामवासियों के चेहरे पर खुशी दिखी, ग्रामवासियों ने आवागमन में आ रही कठिनाईयों से निजात दिलाने पर जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। सभी उप जिलाधिकारियों ने अपनी-अपनी तहसीलों में नेतृत्व देकर भूमि भूमि विवाद के प्रकरण को निस्तारित कराया, अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनंद ने भी कई ग्रामों का भ्रमण कर अपनी देख-रेख में अनाधिकृत अतिक्रमण हटवाकर ग्रामसभा की भूमि को सुरक्षित कराया। ग्राम जैली-जरौली के गाटा संख्या-1446 मरघट की भूमि, गाटा संख्या- 2331, 2332 में चकरोड़, नाली की भूमि, ग्राम बड़ा गांव में गाटा संख्या-1367 सरकारी नाली को अतिक्रमण मुक्त, ग्राम हलपुरा में गाटा संख्या-1103, 1104 चकरोड, नाली का सीमांकन कर ग्राम-प्रधान की उपस्थिति में अतिक्रमण मुक्त कराकर सुपुर्द किया गया वहीं ग्राम अनूपपुर ढढौंस, तहसील करहल के ग्राम पैराशाहपुर में मरघट की भूमि को चिन्हित कर ग्राम-प्रधान को सुपुर्द किया गया, ग्राम अडूपुर में खेल के मैदान, कन्या पाठशाला की भूमि को कब्जामुक्त कराया गया, ग्राम पुड़री में ग्रामसभा की बंजर भूमि गाटा संख्या-73 से अनाधिकृत कब्जा हटाकर मेड़बंदी करायी गई।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | विद्युत / डब्ल्यू. / आलमबाग / 221 / 2026–27 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ में निकासी के आधार पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों, औजारों एवं संयंत्रों, उपभोग्य वस्तुओं सहित वैल्डिंग, पेंटिंग एवं कारपेन्टरी का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रु. 68,60,000 / – |
| ग | धरोहर राशि | रु. 1,37,200 / – |
| घ | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| ड़ | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 2. | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 28.05.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 3. | निविदा खुलने की तिथि व समय | 28.05.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फॉर्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक / डिपॉजिट रसीद / एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्याः– विद्युत / डब्ल्यू. / आलमबाग / 221 / 2026–27
दिनांक : 07.05.2026 1522/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T05, दिनांकः 06-05-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर / टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम सं.-01,** कार्य का नामः सीबीगंज के ट्रेन सेट डिपो में HYT Pit व्हील लेथ मशीन शेड के लिये ओएचई सुविधाएं प्रदान करने से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T05, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 50,56,462.10, अमानत राशि / बिड सिक्यूरिटीः ₹ 1,01,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 29-05-2026, 11:00 बजे, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 माह।
• खुली ई–निविदा दिनांक 29-05-2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर / टीआरडी
मुजाधि / विद्युत–34 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वर्क ऑफ़ साल्वेंट फ्री इपोक्सी रेसिन कोटिंग ऑन लैवेटरी फ्लोर इन आई0आर0 पैसेंजर कोचेस। |
| कार्य स्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| अनुमानित लागत | रु.11973940.00 / – मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| बिड सिक्युरिटी | रु.2,39,500 / – मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 28.05.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company /Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं. 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ई निविदा–18
दिनांक : 06.05.2026 1523/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कुशीनगर का युवक निकला पाकिस्तानी जासूस

- यूपी एटीएस ने कृष्णा मिश्रा को दबोचा
- बाराबंकी के दनियाल अशरफ के साथ मिलकर आईएसआई के लिए काम करने का आरोप
- महत्वपूर्ण स्थानों पर हमले की साजिश का खुलासा



### फोन से मिले संदिग्ध संदेश

जांच के दौरान कृष्णा मिश्रा के मोबाइल फोन से पाकिस्तानी डॉन आबिद जट का एक संदेश बरामद हुआ है, जिसमें एक संदेश को प्रिंट कर देश के महत्वपूर्ण स्थानों पर चिपकाने का निर्देश दिया गया था। इसके अलावा उसके पास से एक देशी तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए कथित तौर पर काम करने वाले कुशीनगर निवासी कृष्णा मिश्रा और बाराबंकी के दनियाल अशरफ को गिरफ्तार कर बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया है। दोनों पर देश के महत्वपूर्ण स्थानों पर हमले की योजना बनाने का आरोप है। एटीएस ने कृष्णा को कुशीनगर से तथा दनियाल अशरफ को बाराबंकी से गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि कुशीनगर जिले के जटहा बाजार थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी कृष्णा मिश्रा साधारण परिवार से ताल्लुक रखता है। उसके पिता छोटेलाल मिश्र सामान्य नागरिक हैं। करीब सात वर्ष पहले कृष्णा गांव छोड़कर पहले रविन्द्रनगर और बाद में दिल्ली चला गया था। दिल्ली में वह एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करने लगा। फिलहाल उसका परिवार रविन्द्रनगर धूस थाना क्षेत्र के सोहरौना स्थित मकान में रहता है।

जांच के अनुसार दिल्ली में ही कृष्णा मिश्रा की मुलाकात बाराबंकी निवासी दनियाल अशरफ से हुई। दोनों पर आरोप है कि वे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहे थे और पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी तथा आबिद जट के संपर्क में थे। एटीएस के मुताबिक दोनों देश के महत्वपूर्ण स्थानों पर हमला करने की योजना बना रहे थे। कृष्णा के परिजनों ने उसके इस कृत्य पर हैरानी जताई है। पिता छोटेलाल मिश्र का कहना है कि जब उन्हें बेटे की गतिविधियों की जानकारी हुई तो उन्होंने उसकी पिटाई की थी। नशा मुक्ति केंद्र से वापस लाने के बाद वे खुद उसे पुलिस के पास ले जाने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही एटीएस ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया।

## एटीएस गिरफ्तारी के बाद गांव में हलचल, परिजनों और पड़ोसियों को नहीं था किसी संदिग्ध गतिविधि का अंदेशा

- बेहतर भविष्य के लिए पिता ने बेची पैतृक जमीन
- पांच साल से दिल्ली में रह रहा था, नशे की लत थी, गांव में कम ही आता था

### ऋण लेकर खरीदे थे चार ऑटो, बाद में जब्त

परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए कृष्णा के पिता ने खेती के साथ-साथ ऋण लेकर चार ऑटो भी खरीदे थे। उम्मीद थी कि इससे घर की आय बढ़ेगी, लेकिन समय पर किस्तें जमा न होने के कारण निजी फाइनेंस कंपनी ने चारों ऑटो जब्त कर लिए।

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** आतंकी गतिविधियों में एटीएस के हत्थे चढ़ा कृष्णा कभी एक साधारण किसान परिवार का युवक था, जिसके बेहतर भविष्य की उम्मीद में उसके पिता ने करीब डेढ़ दशक पहले पैतृक जमीन और मकान तक बेच दिया था। परिवार बाद में जटहा बाजार क्षेत्र के बेलवा मिश्र गांव में आकर बस गया था।

हरपुर गांव निवासी किसान छोटेलाल मिश्र ने अपने इकलौते बेटे कृष्णा के भविष्य को संवारने के लिए यह बड़ा फैसला लिया था। सामान्य परिवार से संबंध रखने वाले कृष्णा के बारे में आसपास के लोगों को उसकी किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी नहीं थी। बताया जा रहा है कि कृष्णा पिछले पांच वर्षों से अधिक समय से दिल्ली में रह रहा था और नशे का आदी हो चुका था। वह गांव बहुत कम आता-जाता था। एटीएस द्वारा उसकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही गांव में हलचल मच गई। ग्रामीण और पड़ोसी हैरान हैं कि शांत स्वभाव का दिखने वाला युवक देश विरोधी गतिविधियों में कैसे शामिल हो गया। वहीं रविंद्रनगर थाना पुलिस और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियां कृष्णा की गतिविधियों तथा उसके संपर्क में रहे लोगों की जांच में जुटी हैं। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह कब और कैसे इस रास्ते पर आया। स्थानीय स्तर पर उसके खिलाफ किसी भी तरह का आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। कृष्णा की एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। कृष्णा के पिता छोटेलाल चार भाइयों में एक हैं। छोटेलाल खेती-किसानी करते हैं। उनके एक भाई सेना से सैनिक पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि एक भाई वकालत के पेशे से जुड़े हैं और दूसरे भाई दुकानदारी करते हैं।

## फाजिलनगर उपचुनाव : भाजपा की सुनीता शाही विजयी

- 5258 मत पाकर अध्यक्ष पद पर कब्जा, सपा के अवधेश दूसरे स्थान पर



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** नगर पंचायत फाजिलनगर अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन की मतगणना गुरुवार को तहसील मुख्यालय कसया में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। मतगणना के बाद भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती सुनीता शाही को सर्वाधिक 5258 मत प्राप्त होने पर विजयी घोषित किया गया।

राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश की अधिसूचना के क्रम में आयोजित इस उपचुनाव की मतगणना के लिए 01 आरओ टेबल और 07 मतगणना टेबल बनाए गए थे। मतगणना कार्य में 07 पर्यवेक्षक और 21 गणना सहायकों को लगाया गया था। मतपेटियों से कुल 10,519 मतपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10,174 मत वैध तथा 345 मतपत्र निरस्त पाए गए। परिणाम घोषित होने के बाद निर्वाचन अधिकारी सर्वेश सिंह गौर ने प्रेक्षक की उपस्थिति में विजयी प्रत्याशी सुनीता को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। मतगणना में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश को 4541 मत मिले और वे दूसरे स्थान पर रहे। वहीं एआईआईएम के प्रत्याशी सिराजुद्दीन समसुद्दीन अंसारी को 268 मत, निर्दलीय प्रत्याशी केदार सिंह को 99 मत तथा नोटा के पक्ष में 08 मत पड़े। मतगणना प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक, राजेश श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा तथा उप जिलाधिकारी कसया डॉ. सन्तराज सिंह गणना स्थल पर मौजूद रहे।

# डाक्टरों से अभद्रता के विरोध में काली पट्टी बांधकर चिकित्सकों का प्रदर्शन

- सुकरौली देवतहा सीएचसी की घटना के खिलाफ जताया आक्रोश, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग



सीएचसी मोतीचक में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते चिकित्सक

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली में गुरुवार को डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध सुकरौली देवतहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक डॉक्टर के साथ हुई अभद्रता और मारपीट की घटना के खिलाफ किया गया।

बताया जाता है कि बीते मंगलवार को अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी देवतहा सुकरौली ले गए थे। इसी दौरान उपचार में देरी और लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन आक्रोशित हो गए और वहां मौजूद डॉक्टर के साथ अभद्रता व मारपीट कर दी। इस घटना से आक्रोशित स्वास्थ्यकर्मियों ने गुरुवार को सीएचसी मोतीचक मथौली सहित पीएचसी भैसही और पोखारभिंडा में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। चिकित्सकों और कर्मचारियों ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए डॉक्टर पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। प्रदर्शन के दौरान चिकित्सकों ने कहा कि बिना सत्यता की जांच किए किसी भी चिकित्सक की छवि धूमिल करना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और संबंधित डॉक्टर पर लगाए गए निराधार आरोपों को हटाने की मांग की। प्रदर्शन में डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया, डॉ. सुधीर तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र अमन, डॉ. महातम यादव, डॉ. अहमद सर्फयाब, डॉ. दीपक मिश्रा, डॉ. सुनीत मिश्रा, डॉ. श्री दयाल, शिवांगी धर दुबे, गीता सिंह, आकांक्षा सिंह, इंद्रजीत प्रसाद, सुनील कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, संतोष सिंह और उदय प्रताप सिंह सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले के विरोध में सीएचसी के डॉक्टरों ने बांधी काली पट्टी

**सेवरही, कुशीनगर।** सुकरौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सर्पदंश से किशोर की मौत के बाद मंगलवार को हुए हंगामे तथा स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मारपीट की घटना के विरोध में सीएचसी सेवरही के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने घटना की निंदा करते हुए उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बृहस्पतिवार की सुबह सीएचसी सेवरही के अधीक्षक डॉ. अमित जायसवाल के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल परिसर के सामने शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी ने काली पट्टी बांधकर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान डॉ. अमित जायसवाल सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हिंसा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

# स्कूली वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्ती, बिना परमिट व मानकहीन वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- उप परिवहन आयुक्त ने एआरटीओ कार्यालय कुशीनगर का किया निरीक्षण, 15 मई तक सभी कमियां दूर करने के निर्देश



एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करते उप परिवहन आयुक्त

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** स्कूलों में बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में गुरुवार को उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र गोरखपुर) ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय कुशीनगर का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में संचालित स्कूली वाहनों की स्थिति की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद में 203 स्कूली वाहनों के परमिट समाप्त हो चुके हैं। इस पर उप परिवहन आयुक्त ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी वाहनों को तत्काल वैध परमिट से आच्छादित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना परमिट संचालित स्कूली वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल निरुद्ध किया जाएगा। बैठक के दौरान यह भी सामने आया कि 168 स्कूली वाहनों की फिटनेस और पीयूसी प्रमाणपत्र समाप्त हो चुके हैं। इस संबंध में संबंधित विद्यालयों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बताया गया कि क्क ढ्ढस्ड्ड्ढ पोर्टल पर जिले के 1672 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें से 250 वाहनों को अभी तक विद्यालय प्रबंधन द्वारा ऑनबोर्ड नहीं किया गया है। इस पर उप परिवहन आयुक्त ने सभी विद्यालयों को तत्काल वाहनों को पोर्टल पर ऑनबोर्ड कराने के निर्देश दिए। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी मो. अजीम ने बताया कि कर्मचारियों की ब्लॉकवार ड्यूटी लगाकर स्कूली वाहनों का निरीक्षण कराया जा रहा है। क्कूड्ढस्ड्ड पोर्टल के माध्यम से अब तक 1316 वाहनों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिनमें से 681 वाहनों में विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गई हैं। इनमें परमिट, फिटनेस, सुरक्षा मानक और अन्य तकनीकी खामियां शामिल हैं। इस अवसर पर प्रवर्तन अभियान के तहत एनएच-28 फोरलेन, फाजिलनगर और पटहेरवा रोड पर बालू लदे वाहनों की भी सघन जांच की गई। जांच के दौरान 06 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें कसया थाने में निरुद्ध किया गया। इन वाहनों पर कुल 2.50 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क अधिरोपित किया गया, जिसमें से 1.50 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। विभाग ने स्पष्ट किया कि ओवरलोड और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शिक्षा से ही बेटियां बनेंगी आत्मनिर्भर : पीएन पाठक

**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** गुरुवार को कसया स्थित राम जानकी मठ के शिविर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक ने अनुसूचित जनजाति यूनिफार्म एवं साइकिल वितरण योजना के तहत 28 छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस अवसर पर विधायक ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पी.एन. पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयां कम होंगी और वे नियमित विद्यालय पहुंच सकेंगी। विधायक ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान कार्यक्रम में सैकड़ों गणमान्य लोग एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### पुलिस टीम पर हमला कर आरोपित छुड़ाने का आरोप पांच पर मुकदमा दर्ज

**मुंशीगंज (अमेठी)।** हत्या के मामले में वांछित आरोपित को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला कर आरोपित को छुड़ा ले जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपित के पिता भाई बहन समेत पांच नामजद और 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना का वीडियो भी पुलिस के हाथ लगा है जिसके आधार पर कार्रवाई तेज कर दी गई है। गौरीगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक जुनैद खान की तहरीर पर दर्ज एफआईआर के मुताबिक थाना गौरीगंज में दर्ज हत्या के मुकदमे में वांछित आरोपी आशीष कुमार पांडेय पुत्र मनोज पांडेय निवासी मड़ेरिका थाना मुंशीगंज की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके गांव पहुंची थी। तहरीर के अनुसार पुलिस टीम ने आरोपी आशीष पांडेय को उसके घर पर पकड़ लिया था लेकिन तभी उसके परिजन और अन्य लोग उग्र हो गए।

# जनगणना 2027 : अब घर बैठे करें स्व-गणना, 07 से 21 मई तक विशेष अभियान

- मोबाइल से 8 आसान चरणों में भरें ऑनलाइन फॉर्म, मिलेगा SE ID; सत्यापन के समय यही दिखाना होगा
- जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपदवासियों से की अधिक से अधिक भागीदारी की अपील

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' के अंतर्गत जनपद में स्व-गणना (Self Enumeration) की प्रक्रिया 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित की जा रही है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से अब नागरिक अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर के जरिए घर बैठे ही जनगणना से संबंधित जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि स्व-गणना के लिए निर्धारित पोर्टल httpsÑ// se.census.gov.in पर जाकर नागरिक सरल प्रक्रिया के माध्यम से अपनी जानकारी भर सकते हैं। इसके लिए परिवार के मुखिया को सबसे पहले मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। ओटीपी सत्यापन के बाद नागरिक हिंदी, अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं में से अपनी सुविधा अनुसार भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद राज्य, जनपद, गांव अथवा नगर, मकान संख्या और लोकेशन से संबंधित जानकारी भरते हुए मैप पर अपने घर को लाल चिन्ह से टैग करना होगा। पोर्टल पर परिवार एवं मकान से जुड़े लगभग 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मकान की स्थिति, पेयजल, बिजली, शौचालय, रसोई, इंटरनेट सुविधा, मोबाइल, टीवी, वाहन तथा परिवार के सदस्यों की संख्या जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए 'द्ब' बटन पर क्लिक कर नागरिक आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सकते हैं। सभी विवरण भरने के बाद 'Submit' बटन दबाने पर नागरिकों को एक Self Enumeration ID (SE ID) प्राप्त होगी। इस आईडी को सुरक्षित रखना आवश्यक है। जब जनगणना अधिकारी या प्रगणक सत्यापन के लिए घर पहुंचेगा, तब केवल SE ID दिखानी होगी, जिससे दोबारा जानकारी देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अपने परिवार, पड़ोस और परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। साथ ही जनगणना कार्य में लगे प्रगणक और कर्मियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-2027 देश की महत्वपूर्ण सांख्यिकीय एवं विकासात्मक प्रक्रिया है, जिससे योजनाओं की बेहतर रूपरेखा तैयार होती है।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत रतनसेन गौंती, विकास खंड ऐरायां, फतेहपुर

पत्रांक मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक-07.05.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत रतनसेन गौंती में मनरेगा, पंचम राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन/एस.एल.डब्लू.एम. योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्य के लिए कार्य स्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.05.2026 से 15.05.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय/सचिवालय रतनसेन गौंती में 2:00 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा किया जायेगा, जो दिनांक 15.05.2026 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के सामने अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेगी। सामग्री विवरण निम्नलिखित है-

| क्र.सं. | सामग्री | लम्बाई/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 3 | मोटी एवं महीन बालू तथा लोकल बालू | प्रति घनमीटर | |
| 4 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम.एम. से 35 एम.एम तक | प्रति घनमीटर | |
| 5 | ईट, गिट्टी 20 एम.एम से 40 एम.एम. तक | प्रति घनमीटर | |
| 6 | सरिया/लोहे की अन्य सामग्री | प्रति कुंतल | |
| 7 | ह्यूम पाइप विभिन्न साइज एवं मोटाई/पी.वी.सी पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 8 | सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट | प्रति नग | |
| 9 | सीमेंट इंटरलाकिंग ब्रिक | प्रति नग | |
| 10 | पेंटिंग से संबंधित सामग्री, पेंट, प्राइमर, ब्रस, सरेस पेपर आदि | प्रति नग | |
| 11 | हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री/सेनेटरी फिटिंग एवं प्लम्बरिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 12 | सफाई कर्मी हेतु ट्राली एवं सफाई किट सामग्री | प्रति नग | |
| 13 | कूड़ा गाड़ी क्रय/ई-रिक्शा | प्रति नग | |
| 14 | खेल मैदान हेतु सभी इक्यूमेंट | प्रति नग | |
| 15 | स्टेशनरी एवं अन्य लेखन सामग्री प्रशासनिक कार्य नारा लेखन स्वच्छता का प्रचार प्रसार | प्रति नग | |
| 16 | कायाकल्प योजनांतर्गत समस्त निर्माण सामग्री, टाइल्स, पेंट, वासबेसिंग, प्लम्बरिंग के आइटम आदि | प्रति नग | |
| 17 | गौशाला के इक्यूमेंट तथा मरम्मत एवं रखरखाव पर लगने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | समस्त इलेक्ट्रिकल सामग्री/पंचायत भवन इक्यूवमेंट एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | आर.आर.सी. सेंटर के मरम्मत एवं निर्माण तथा रखरखाव पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | खेल मैदान में प्रयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 21 | पोषण पोटली | प्रति नग | |
| 22 | टेंडर/नोटिस/विज्ञप्ति/प्रकाशन/प्रचार प्रसार | प्रति नग | |

नियम शर्ते-1-सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा वैध Sale Tax, GST, Registration Certificate प्रमाण पत्र, दिखाने एवं प्रमाणित प्रति संलग्न कर ही निविदा डाली जायेगी। 2- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी की स्वीकृत दर से अधिक न हो। 3-निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 4-निविदा संबंधी समस्त जनकारी निविदादाता ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। 5-सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कार्य स्थल पर किया जाना अनिवार्य होगी। 6-कार्य की लागत प्राक्कलन/स्वीकृत के अनुसार घट-बढ़ सकती है। 7-सामग्री की गुणवत्ता/मानक में कमी पाये जाने पर धनराशि की नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

बिपिन कुमार तिवारी
(ग्राम पंचायत अधिकारी)

(ग्राम प्रधान /
ग्राम पंचायत सदस्य)


# डीएम ने गांव पहुंचकर परखी पाइप पेयजल परियोजना की हकीकत



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद में पाइप पेयजल परियोजनाओं का कार्य तेजी से संचालित किया जा रहा है। योजनाओं के क्रियान्वयन एवं धरातलीय स्थिति की वास्तविक जानकारी लेने के लिए जिलाधिकारी संजय चौहान स्वयं गांव पहुंचकर परियोजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी ने विकासखंड जामों अंतर्गत ग्राम रामपुर चौधरी पहुंचकर ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना से जुड़े प्रत्येक पहलू की गहनता से समीक्षा की तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के दौरान किसी भी गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से परियोजना के संचालन जलापूर्ति की समय-सारिणी ओवरहेड टैंक की साफ-सफाई पाइपलाइन व्यवस्था तथा रखरखाव संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि पानी की सप्लाई निर्धारित समयानुसार नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए तथा ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी स्वयं गांव में पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर पानी की उपलब्धता एवं सप्लाई की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने घरों में जाकर नलों की जांच की तथा स्वयं नल खोलकर पानी सप्लाई की सच्चाई परखी। मौके पर नलों से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति होती पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भी जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर अपने अनुभव साझा किए। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान भीषण गर्मी को देखते हुए केवल सुबह और शाम ही नहीं बल्कि आवश्यकता अनुसार दोपहर में भी पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए ताकि ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पेयजल की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच कराई जाए तथा ओवरहेड टैंक एवं अन्य संरचनाओं की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।

### जिले में जनगणना अभियान का हुआ शुभारंभ

**अमेठी।** जनपद में गुरुवार को भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने स्वयं ऑनलाइन स्वगणना कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पोर्टल के माध्यम से अपनी-अपनी जानकारी दर्ज कराते हुए अभियान में सहभागिता निभाई। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना की विस्तृत प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को तकनीकी रूप से अधिक सरल पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया गया है। पहली बार नागरिकों को स्वगणना की सुविधा प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत लोग स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता भी सुनिश्चित होगी।

# जिलाधिकारी ने वृहद गौशाला मदावली का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने विकासखंड टूंडला स्थित वृहद गौशाला मदावली का औचक निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और अपर जिलाधिकारी विशु राजा के साथ किया, निरीक्षण के दौरान गौशाला में अभिलेखों के रख-रखाव में कमियां पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इस गौशाला का संचालन कर रही एवरग्रीन फाउंडेशन के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया और उन्हें सख्त चेतावनी दी, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि यहां पर कुल 478 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें 154 नर और 324 मादा हैए जिलाधिकारी ने पशुओं के प्रबंधन हेतु निम्नलिखित निर्देश दिए।

सभी गोवंशों का आयु के अनुसार सर्वे कराया जाए ताकि उनकी मृत्यु दर का सटीक उत्तर मिल सके और समय पर उनका उपचार सुनिश्चित हो।' बीमार पशुओं को अलग वार्ड में रखकर उपचार किया जाए।' कमजोर गौवंशों को चिन्हित कर उन्हें अलग रखा जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य के अनुरूप विशेष पौष्टिक आहार दिया जा सके।' जिलाधिकारी ने कहा कि कोई गोवंश घायल होता है, तो संक्रमण से बचाने के लिए उन पर जाली लगाई जाए, ताकि उन्हें कीड़े मकोड़े तथा पशु-पक्षी परेशान न कर सके।' निरीक्षण के दौरान सफाई की लचर व्यवस्था देखकर जिलाधिकारी



ने एवरग्रीन फाउंडेशन को फटकार लगाते हुए कहा कि '''गोवंश हमारी आस्था का प्रतीक है, इन्हें केवल आय का जरिया न बनाएं, जब तक उनके प्रति ममता का भाव नहीं होगा तब तक सच्ची सेवा संभव नहीं है''। जिलाधिकारी ने मदावली गौशाला को 'ग्रीन गौशाला' के रूप में विकसित करने का विजन साझा किया, जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला को आधुनिक बनाने के लिए एस0एफ0सी0 फंड का उपयोग किया जाए। कंट्रोल रूम में बड़ी स्क्रीन लगाई जाए। ताकि सभी सी0सी0टी0वी0 कैमरों के माध्यम से गौवंशों की निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके, आपद स्थिति से निपटने हेतु इंवर्टर लगाया जाए, साथ ही खण्ड विकास अधिकारी यहां पर गौबर गैस प्लांट लगवाऐं। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सी0सी0टी0वी0 कैमरे कभी बंद न होने चाहिए। गौवंशों का आवक-जावक रजिस्टर व्यवस्थित न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए की कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर नहीं दिखना चाहिएए उन्हें तत्काल गौशालाओं में संरक्षित किया जाए, निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने विधि-विधान से गौ पूजन किया और गोवंशों को गुड़ खिलाकर सेवा का संदेश दिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा, परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव कार्यक्रम 8 मई से



**बहराइच।** जनपद में महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्र रक्षक वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव का कार्यक्रम चितौरा झील स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक पर मनाया जाएगा। यह जानकारी समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने दी। समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राष्ट्र रक्षक वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव जी का विजयोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 मई दिन शुक्रवार को श्री रामचरितमानस अखंड पाठ से होगा तथा 9 मई को मानस पाठ का समापन एवं यज्ञ होगा तथा सांय 4 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित होगा तदुपरांत सांय 6 बजे महाआरती होगी। समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने बताया कि 10 मई दिन रविवार को महाराजा सुहेलदेव जी का विजयोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में दोपहर 2:00 बजे से भजन संध्या तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों द्वारा महाराजा सुहेलदेव जी के जीवन कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा, इसके उपरांत प्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन होगा।इसकी जानकारी विपिन जिला प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,बहराइच अवध प्रांत ने दी।

# कटरा नगर पंचायत उपचुनाव में भाजपा की करारी हार



■ निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना ने मारी बाजी

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद में 5 मई में को हुए नगर पंचायत कटरा के उपचुनाव की मतगणना 7 मई गुरुवार को तिलहर ब्लॉक में सुबह 7:00 बजे से प्रारंभ हुई जहां सुबह 7:00 बजे से ही कड़ी सुरक्षा के बीच हो रही मतगणना में दूसरे राउंड के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना ने बढ़त हासिल की उसके बाद उनकी बढ़त लगातार बरकरार रही और शाम 5:00 बजे उन्हें विजय घोषित कर दिया गया पूजा कसाना ने 401 वोट से भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता को नगर पंचायत उपचुनाव में हराया है पूजा कसाना को 4375 वोट मिले वहीं दूसरे नंबर पर भाजपा की सोनम गुप्ता रहीं जिन्हें 3974 वोट हासिल हुए तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी वाजिद सिद्दीकी रहे जो 3109 वोटों पर समिट गए। नगर पंचायत कटरा के उप चुनाव में 33 बूथों पर 78 प्रतिशत मतदान हुआ था इस दौरान विपक्षी पार्टियों ने भाजपा प्रत्याशी पर फर्जी मतदान करने का भी आरोप लगाया था।

### न्यायालय ने कटरा नगर पंचायत चुनाव किया था अयोग्य घोषित

नवंबर 2025 में न्यायालय ने मीरानपुर कटरा नगर पंचायत के अध्यक्ष मुख्तियार अहमद मसूदी को नामांकन पत्र में अपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का दोषी पाया था जिसके कारण न्यायालय ने चुनाव प्रक्रिया अयोग्य ठहराते हुए अध्यक्ष पद का चुनाव अमान्य करते हुए शून्य घोषित कर दिया था जिसके बाद उपचुनाव कराया गया उप चुनाव में कुल 11 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे जीत का ताज निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना को मिला फिलहाल उपचुनाव के दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और जनपद के सभी 6 विधायकों ने चुनाव प्रचार में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी।

# निर्माण कार्यों की गति को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनपद के नागऊ स्थित नीब करौली बाबा की जन्म भूमि पर चल रहे पर्यटन विकास कार्यों और मल्टीपरपज हॉल के निर्माण का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति को लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मल्टीपरपज हॉल के कमरों और अन्य ढांचों का जायजा लिया। उन्होंने यू0पी0 प्रोजेक्ट लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया की अवशेष कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण किया जाए,



ताकि इसे श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए खोला जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि ''बाबा नीब करौली की यह पवन भूमि केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि हजारों यह श्रद्धालुओं के लिए आस्था और अटूट विश्वास का केंद्र है, जो बाबा के बताएं मानवता और सेवा के मार्ग पर चलना सीखाते हैं, ''बाबा ने मानवता के लिए जो असीम संदेश दिया है, यह स्थान उस प्रेरणा को जीवित रखने का माध्यम बनेगा''। इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत रुपए 865.98 लाख है, इसका 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, मल्टीपरपज हॉल का स्ट्रक्चर तैयार है, वर्तमान में प्लास्टर और फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है, इस पर्यटन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही है, जिनमें डॉरमेट्री और डिजिटल लाइब्रेरी, लैंडस्केप एवं हॉर्टिकल्चर साइनेज एवं कल्चरल म्यूरल बॉल, साउंड सिस्टम ए0सी0 सिस्टम और डीजी सेट। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य की समय सीमा से पूर्व अधिकतम सुविधाओं को क्रियाशील करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## 931 ग्राम गांजा सहित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैंकिंग के दौरान नाजायज गांजा मय थैला कुल वजन 931 ग्राम के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से नाजायज गांजा मय थैला कुल वजन 931 ग्राम बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा 06/05/2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुमित पुत्र अशोक कुमार निवासी सरस्वती नगर टूण्डला थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को मय नाजायज गांजा मय थैला कुल वजन 931 ग्राम के गिरफ्तार किया गया। 06/05/2026 को थाना टूण्डला पुलिस टीम दीपा चौराहा पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चैकिंग कर रही थी कि दौराने चैकिंग मुखबिर की सूचना कि एक व्यक्ति जो सेंट्रल कलोनी में खाली मैदान मे झाड़ियों में बने पुराने मंदिर के पास खड़ा है, जिसके पास नाजायज गांजा है। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुमित पुत्र अशोक कुमार निवासी सरस्वती नगर टूण्डला थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को सेन्ट्रल कलोनी में खाली मैदान में झाडियों में बने पुराने मंदिर के पास थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से मय नाजायज गांजा मय थैला कुल वजन 931 ग्राम के गिरफ्तार किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई उर्वरक निगरानी समिति की बैठक



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित उर्वरक निगरानी समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कृषकों को उर्वरक का वितरण खतौनी की कॉपी लेकर क्षेत्रफल एवं बोई गई फसल के अनुसार ही किया जाए। वितरण के समय कृषको से इस आशय का घोषणा पत्र भी भरवाया जाए की प्राप्त की जा रही उर्वरक का प्रयोग वे स्वयं के खेत में संतुलित मात्रा में आवश्यकता अनुसार ही करेंगे। प्राप्त उर्वरक का प्रयोग अपने खेत के अलावा अन्यत्र कहीं नहीं किया जायेगा। डीएम ने निर्देश दिया कि न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर नोडल अधिकारियों से सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों की जांच करायी जाय। किसी प्रकार की अनियमिता मिलने पर कठोरत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा उप कृषि निदेशक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी को निर्देशित किया गया कि न्याय पंचायत स्तर पर उर्वरक निगरानी समितियों की बैठक करा करके जनपद के कृषकों को संतुलित मात्रा में उर्वरक प्रयोग करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जाए। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां को निर्देशित किया गया की तहसील स्तर पर कार्यरत सहकारिता विभाग के अधिकारी, एडीसीओ एवं ब्लाक स्तर पर कार्यरत सहायक विकास अधिकारी सहकारिता से प्रतिदिन समितियों का निरीक्षण एवं जांच कराते हुए प्रतिदिन जांच उपलब्ध करायें। डीएम ने कहा कि किसी भी स्तर पर बिक्री में अनियमितता मिलने पर कठोरतम कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

# बिस्किट को लेकर विवाद

■ दुकानदार ने 7 साल के मासूम को एयर गन से मारी गोली

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। कपसेड़ा गांव में बिस्किट खरीदने गए 7 साल के बच्चे को दुकानदार ने एयर गन (चिड़िया मारने वाली बंदूक) से गोली मार दी। गोली का छर्रा बच्चे के बाएं कान के नीचे लगने से वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।

घायल बच्चे को निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया गया कि कार्तिक शर्मा उर्फ कान्हा शर्मा अपने मामा रामू शर्मा के घर रहकर पढ़ाई करता है। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वह गांव की किराने की दुकान पर बिस्किट खरीदने गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दुकानदार से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में दुकानदार ने एयर गन से फायर कर दिया, जिसका छर्रा सीधे बच्चे को जा लगा। घटना के वक्त बच्चे के मामा



रामू शर्मा भी मौके पर मौजूद थे। गोली लगते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

आनन-फानन में घायल कार्तिक को वरुण अर्जुन मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। मामा रामू शर्मा ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ थाने में तहरीर देकर जान से मारने की नियत से गोली चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि बच्चे को एयर गन से निकले छर्रे से चोट लगी है। उसका इलाज चल रहा है और तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं बताई जा रही है, जिसकी जांच कराई जा रही है।

**NOTICE**

NAME CHANGE
KAMALA, MOTHER OF NO 15415445K HAV/DSR MANOJ KUMAR R/O VILL. ISHWARI GANJ POST. KHAJUR GAON TEHSIL. LALGANJ DIST. RAE-BARELI STATE. (UP) PIN. 229216 Have CHANGED MY NAME FROM FOOL MATI TO KAMALA VIDE AFFIDAVIT S NO IN-UP48698752378524Y DATE 07 MAY 2026.

**संस्था पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मदारीपुर पो. नायक नगला जिला बिजनौर (उ.प्र.)**

**साधारण सभा के सदस्यों के नाम चुनाव प्रक्रिया व मतदान की सूचना**

पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मदारीपुर पो. नायक नगला जिला बिजनौर (उ.प्र.) की साधारण सभा की बैठक दिनांक 05.05.2026 में पारित प्रस्ताव के अनुपालन में संस्था की प्रबन्धकारिणी का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया, जिसमें संस्था की प्रबन्धकारिणी की चुनाव कार्यवाही सम्पन्न कराने के लिए मुझे सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी के रूप में अधिकृत किया गया है। दिनांक 05.05.2026 की साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के अनुपालन में मैं रामकरन सिंह निवाचन अधिकारी का अधिकार रखते हुए तत्काल प्रभाव से प्रबन्धकारिणी वर्ष 2026-27 के गठन हेतु निम्नवत चुनाव की घोषणा करता हूं, जो निम्नवत् है-

| | | |
|---|---|---|
| नामांकन दिनांक | 19.05.2026 | दिन मंगलवार, समय प्रातः 10 बजे से प्रातः 11 बजे तक |
| नामांकन पत्रों की जांच | 19.05.2026 | दिन मंगलवार, समय प्रातः 11 बजे से प्रातः 03 बजे तक |
| नामांकन वापसी दिनांक | 20.05.2026 | दिन बुद्धवार, समय प्रातः 12 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक |
| मतदान दिनांक | 22.05.2026 | दिन शुक्रवार समय समय प्रातः 09.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक |
| मतगणना/परिणाम दिनांक | 22.05.2026 | दिन शुक्रवार समय सायं 04 बजे मतगणना प्रारम्भ होगी मतगणना के उपरान्त चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेगी। |

चुनाव अधिकारी निर्णयानुसार एवं संस्था की नियमावली के अनुरूप संस्था की प्रबन्धकारिणी के निम्नलिखित 20 पदों हेतु चुनाव सम्पन्न होगा :

1. प्रधान 2. उपप्रधान 3. प्रबन्धक 4. उपप्रबन्धक
1. कोषाध्यक्ष 6. सम्प्रेक्षक 7. सदस्य-14 पद

चुनाव प्रक्रिया एवं मतदान कार्यक्रम आपकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु संस्था की प्रबन्धकारिणी का चुनाव कार्यक्रम प्रेषित किया जा रहा है। कृपया समस्त चुनाव प्रक्रिया एवं मतदान कार्यक्रम में उक्तानुसार संस्था हित में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का कष्ट करें साथ ही सभी सदस्यों से आग्रह है कि संस्था नियमावली की धारा 5 खण्ड ब, स एवं धारा 6 व धारा 7 का अनुपालन सुनिश्चित करें।

दिनांक : 08.05.2026

**(रामकरन सिंह)**
**चुनाव अधिकारी पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मदारीपुर पो. नायक नगला जिला बिजनौर**

**कार्यालय नगर पंचायत घोरावल सोनभद्र-सोनभद्र**

पत्रांक :- 22/न0पं0/2026-27 दिनांक : मई/07/2026

**सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित जनहित याचिका संख्या-1244/2025 धर्मपाल यादव बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश दिनांक 24.02.2026 के अनुपालन किये जाने के क्रम में प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-1/136216/2026 -Comp. No-2032315 नगर विकास अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 23.04.2026 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (संरक्षण और विनियम) अधिनियम 1975 तथा उत्तर प्रदेश सरकार नगर विकास अनुभाग-7 की अधिसूचना संख्या-3129/नौ-7-2005-107 रिट 3 लखनऊ दिनांक 21.09.2005 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (संरक्षण और विनियम) नियमावली 2005 की धारा 4 (1) एवं (2) में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार नगर पंचायत घोरावल-सोनभद्र अपनी अधिकारिकता क्षेत्र से सम्बन्धित एवं अपने नियंत्रण में स्थित पार्क एवं खेल का मैदान और खुली जगह की सूची तैयार की गयी है। निम्नलिखित खुली जगहों एवं सूची/विवरण नियमावली की धारा- 5-(1) के प्राविधानों के अनुसार प्रकाशित कराकर 5 (2) अधीन सूची के प्रकाशन के दिनांक के तीन माह की अवधि के भीतर साक्ष्य सहित लिखित रूप में आपत्तियों एवं सुझाव प्राप्त किया जाना है। इस हेतु सूची निम्नवत है।

**पार्क, खेल के मैदानों और खुली जगहों की सूची**
**स्थानीय निकाय का नाम - नगर पंचायत घोरावल - सोनभद्र**

| क्र. सं. | नाम | अवस्थित/वार्ड संख्या | क्षेत्रफल वर्ग मी. | क्षेत्रफल/आधार लम्बाई × चौडाई (मी.) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय विद्यालय खेल का मैदान | वार्ड-05 | 8855 | 100×88.55 | खेल का मैदान |
| 2 | मा0 कांशीराम आवास द्वितीय समिप चिल्ड्रेन पार्क | वार्ड-03 | 2530 | 63.25×40 | पार्क |

उपरोक्त सूची के संबंध में यदि कोई भी व्यक्ति/संस्था/अन्य कोई आपत्ति/सुझाव है तो वह सूची के प्रकाशन के दिनांक से तीन माह के अवधि के भीतर साक्ष्य सहित लिखित रूप में अपना स्पष्ट नाम, पता एवं मोबाइल नं0 अंकित करते हुए विहित अधिकारी/जिलामजिस्ट्रेट, सोनभद्र अथवा नगर पंचायत घोरावल सोनभद्र के कार्यालय पर किसी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। इस प्रकार प्राप्त आपत्तियो एवं सुझावों को विहित प्राधिकारी/जिलामजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा नियमावली की धारा 05 - (3) एवं (4) के अन्तर्गत/निस्तारित/अनुमोदित किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत घोरावल सोनभद्र।**
**अध्यक्ष नगर पंचायत घोरावल सोनभद्र।**

**कार्यालय नगर पंचायत अनपरा, जनपद- सोनभद्र**

पत्रांक : 100/न0पं0अ0/2026-27 दिनांक : 05/05/2026

**सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित जनहित याचिका संख्या - 1244/2025 धर्मपाल यादव बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश उ0प्र0 शासन दिनांक के में प्रमुख सचिव 24.02.2026 के अनुपालन किये जाने के संख्या - 1/136216/2026 -Comp. No - 2032315 नगर विकास अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 23.04.2026 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (संरक्षण और विनियम) अधिनियम 1975 तथा उत्तर प्रदेश सरकार नगर विकास अनुभाग-7 की अधिसूचना संख्या-3129/नौ-7-2005-107 रिट 3 लखनऊ दिनांक 21.09.2005 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (संरक्षण और विनियम) नियमावली 2005 की धारा 4 (1) एवं (2) में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार नगर पंचायत अनपरा सोनभद्र अपनी अधिकारिकता क्षेत्र से सम्बन्धित एवं अपने नियंत्रण में स्थित पार्क एवं खेल का मैदान और खुली जगह की सूची तैयार की गयी है। निम्नलिखित खुली जगहों एवं सूची/विवरण नियमावली की धारा -5-(1) के प्राविधानों के अनुसार प्रकाशित कराकर 5 (2) अधीन सूची के प्रकाशन के दिनांक के तीन माह की अवधि के भीतर साक्ष्य सहित लिखित रूप में आपत्तियों एवं सुझाव प्राप्त किया जाना है। इस हेतु सूची निम्नवत है।

**पार्क, खेल के मैदानों और खुली जगहों की सूची**
**स्थानीय निकाय का नाम- नगर पंचायत अनपरा, जनपद सोनभद्र**

| क्र. सं. | नाम | अवस्थित/वार्ड संख्या | क्षेत्रफल वर्ग मी. | क्षेत्रफल/आधार लम्बाई × चौडाई (मी.) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अष्टभुजा पार्क | वार्ड सं0-08 | 1200 | 30×40 | पार्क |
| 2 | चिल्ड्रेन पार्क | वार्ड सं0-02 | 750 | 30×25 | पार्क |
| 3 | चिल्ड्रेन पार्क | वार्ड सं0-16 | 500 | 25×20 | पार्क |
| 4 | महावीर पार्क | वार्ड सं0-18 | 1050 | 30×35 | पार्क |
| 5 | बाल उद्यान पार्क | वार्ड सं0-01 | 910 | 35×26 | पार्क |

उपरोक्त सूची के संबंध में यदि कोई भी व्यक्ति/संस्था/अन्य कोई आपत्ति/सुझाव है तो वह सूची के प्रकाशन के हुए दिनांक से तीन माह के अवधि के भीतर साक्ष्य सहित लिखित रूप में अपना स्पष्ट नाम, पता एवं मोबाइल नं0 अंकित करते विहित अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट, सोनभद्र अथवा नगर पंचायत अनपरा सोनभद्र के कार्यालय पर किसी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। इस प्रकार प्राप्त आपत्तियो एवं सुझावों को विहित प्राधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा नियमावली की धारा 05 - (3) एवं (4) के अन्तर्गत/निस्तारित/अनुमोदित किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अनपरा सोनभद्र**
**अध्यक्ष नगर पंचायत अनपरा सोनभद्र**

# यमुना में समा गई शादी की खुशियां, नाव पलटने से छह की मौत

- 21 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन, पांच शव बरामद; एक मासूम की तलाश जारी
- एडीजी प्रयागराज जोन पहुंचे घटनास्थल, रेस्क्यू तेज करने के निर्देश

हिफजुर्रहमान



- नाव में सवार थे 9 लोग ■ 3 लोगों ने तैरकर बचाई जान
- 6 लोग नदी में डूबे ■ 5 शव बरामद, 1 बच्चा अब भी लापता
- 21 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन ■ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार जुटीं
- मृतकों के परिजनों को 4 लाख सहायता की घोषणा

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र में यमुना नदी शनिवार शाम उस वक्त चीख-पुकार से गूंज उठी जब शादी समारोह में शामिल रिश्तेदारों से भरी एक नाव बीच धारा में पलट गई। देखते ही देखते खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। हादसे में छह लोग नदी की तेज लहरों में समा गए। 21 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पांच शव बरामद कर लिए गए, जबकि एक मासूम की तलाश देर रात तक जारी रही। बताया गया कि गांव में शादी समारोह चल रहा था। घर में शहनाइयां बज रही थीं और मेहमानों की आवाजाही लगी थी। इसी दौरान नौ लोग नाव से यमुना पार खरबूजा खाने के लिए नदी के दूसरे किनारे गए थे। लौटते समय बीच धारा में अचानक नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद नदी किनारे अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाव पलटते ही उसमें सवार लोग बचाव के लिए चीखने लगे। तट पर मौजूद ग्रामीण मदद के लिए दौड़े, लेकिन तेज बहाव और गहरे पानी के कारण छह लोग नदी में डूब गए। तीन लोगों ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बचाव कार्य का जायजा लिया। जल पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। करीब 21 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पांच शवों को बाहर निकाला जा सका। इसी बीच एडीजी प्रयागराज जोन ज्योति नारायण भी घटनास्थल पहुंचे और पूरे हालात का जायजा लिया। उन्होंने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को लापता अज्ञात शव की तलाश तेज करने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद से ही दोनों टीमें लगातार यमुना नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद और सदर विधायक मनोज प्रजापति भी घटनास्थल पहुंचे और शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। सरकार की ओर से मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। प्रशासन ने मृतकों की पहचान के लिए उनकी फाइल फोटो जारी की है। वहीं लापता मासूम की तलाश में गोताखोर लगातार नदी में सर्च अभियान चला रहे हैं। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। जिस घर में कुछ घंटे पहले तक शादी के मंगल गीत गूंज रहे थे, वहां अब केवल चीखें और सिसकियां सुनाई दे रही हैं। घटना ने एक बार फिर नदी पार करने के दौरान सुरक्षा इंतजामों और ओवरलोड नाव संचालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

**सरीला।** क्षेत्र के चंडौत गांव स्थित मेला परिसर में गुरुवार से नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में हुआ। प्रथम दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, श्रद्धालुओं और संतजनों ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा मेला परिसर से शुरू होकर बेतवा नदी तट तक पहुंची। तेज धूप के बावजूद पीले वस्त्रों में महिलाएं सिर पर कलश रखकर श्रद्धाभाव से यात्रा में शामिल रहीं। ढोल, मंजीरे और भजन-कीर्तन की धुनों पर श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। स्वामी ब्रम्हानंद विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। यज्ञाचार्य रामचन्द्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 250 से अधिक कलशों में जल भरवाया। इसके बाद यात्रा शीतला माता मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद सभी कलश यज्ञ मंडप में स्थापित कराए गए। यज्ञ यजमान देवेंद्र राजपूत ने बताया कि नौ दिवसीय महायज्ञ का समापन हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ होगा।

## बिलग्राम में जनगणना की तैयारियां तेज, 1362 कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**बिलग्राम, हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** आगामी जनगणना को लेकर तहसील क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनगणना के प्रथम चरण के तहत चयनित गणना कर्मियों का प्रशिक्षण बाबा मंशानाथ इंटर कॉलेज में कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को जनगणना से जुड़े सभी आवश्यक बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। तहसीलदार यशवंत सिंह ने बताया कि बिलग्राम तहसील के अंतर्गत बिलग्राम, माधोगंज, मल्लावां और साड़ी आंशिक क्षेत्र शामिल हैं। इन क्षेत्रों में जनगणना कार्य के लिए कुल 1362 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें लगभग 1100 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं, जबकि शेष कर्मचारियों को सुपरवाइजर बनाया गया है। प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जनगणना का पहला चरण 22 मई से शुरू होकर 20 जून तक चलेगा। इस चरण में मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके बाद अगले चरण में अन्य जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। प्रशिक्षण व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए 28 प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो बैचवार प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस दौरान बाबा मंशानाथ इंटर कॉलेज का स्टाफ भी सक्रिय सहयोग कर रहा है।

## जनगणना हेतु 33 बिंदुओं का प्रशिक्षण, ग्राम स्तरीय कार्मिकों को दी गई जिम्मेदारी



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** ब्लॉक सभागार में बुधवार को जनगणना के अंतर्गत मकान गणना कार्य के लिए ग्राम स्तर के कार्मिकों को 33 बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, सफाई कर्मी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल रहीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता सदानंद यादव ने प्रतिभागियों को जनगणना प्रक्रिया, सर्वे के बिंदुओं और डेटा संकलन की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार से शुरू हो रही गणना प्रक्रिया में सभी संबंधित कार्मिक पंचायत स्तर पर मौजूद रहकर सहयोग करेंगे। प्रभारी खंड विकास अधिकारी रिजवान हुसैन ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्मिक इसे पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने समयबद्ध और त्रुटिरहित कार्य पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान लेखाकार इमरान खान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में राहत का प्रयास



**सोनभद्र/सिंगरौली (अवधनामा संवाददाता)** सिंगरौली परिक्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। ऐसे में आमजन, राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से विगत सोमवार को एनसीएल ब्लॉक- बी की कल्याणी महिला समिति द्वारा एक प्याऊ (पेयजल केंद्र) का शुभारंभ किया गया। कल्याणी महिला समिति द्वारा राहगीरों, श्रमिकों एवं स्थानीय निवासियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्षा अर्चना त्रिपाठी एवं समिति सदस्यों सहित महाप्रबंधक (ब्लॉक-बी), पी. के. त्रिपाठी एवं अन्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कल्याणी महिला समिति द्वारा स्थानीय क्षेत्र में समग्र कल्याण हेतु ऐसे अनेक कार्य किए जाते रहे हैं।

## आंधी-बारिश में दीवार ढही, वृद्धा की मौत

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे में गुरुवार सुबह तेज आंधी और बारिश के दौरान एक मकान की दीवार गिरने से वृद्धा की मौत हो गई। घटना कोतवाली परिसर के पास सब्जी मंडी इलाके की है। रामकली (75) पत्नी स्वर्गीय गनेशा कई वर्षों से अपने मायके में रहकर घर के बाहर सब्जी बेचकर गुजर-बसर करती थीं। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे तेज हवाओं और बारिश के बीच उनके घर की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे वह मलबे में दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद नगरपालिका कर्मी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ

- 7 से 21 मई तक चलेगी स्वगणना प्रक्रिया
- मोबाइल ऐप से नागरिक स्वयं कर सकेंगे गणना
- 22 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्यक्रम का शुभारंभ आज पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वगणना का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम आज 7 मई से प्रारंभ होकर 21 मई तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नागरिक अब अपने मोबाइल फोन के माध्यम से स्वयं स्वगणना पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे गणना प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य 22 मई से प्रारंभ होकर 20 जून तक चलेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए, ताकि प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति का सही विवरण दर्ज हो सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी व आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, पंचायत सहायकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग करते हुए स्वगणना पोर्टल के माध्यम से अपने मोबाइल से स्वयं की गणना कर प्रक्रिया को पूर्ण किये। उपस्थित प्रतिभागियों को मोबाइल ऐप एवं पोर्टल के संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इसी क्रम में आज माननीय मंत्री जी, विधायकगण एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों के आवास पर अधिकारियों द्वारा पहुंचकर स्वगणना मोबाइल ऐप के माध्यम से उनकी स्वगणना कराई गई। माननीय मंत्री जी ने स्वयं अपने मोबाइल फोन से स्वगणना प्रक्रिया पूर्ण कर नागरिकों से भी इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जनगणना 2027 को देश के विकास एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधाशुं शेखर शर्मा, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 सरिता सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण और सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क स्थापना को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में जनपद में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सी0जी0डी0) नेटवर्क की स्थापना एवं गेल कंपनी द्वारा संचालित वितरण योजना के सुचारू क्रियान्वयन तथा प्रभावी संचालन के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं गेल कंपनी के प्रतिनिधियों से जनपद में गैस पाइपलाइन नेटवर्क विस्तार, घरेलू गैस कनेक्शन, औद्योगिक एवं व्यावसायिक उपयोग हेतु गैस आपूर्ति व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित समयावधि में कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना से आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुगम ईंधन उपलब्ध होगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि गैस पाइपलाइन बिछाने एवं अन्य कार्यों में आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक अनुमतियों एवं प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

# उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

वहाज अली 'निहाल'



**इटावा।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान 05 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। सदस्य ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं/शिकायतों से रुबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की छोटी-बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित करें,जिससे समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और उनका मान-सम्मान प्रत्येक दशा में कायम रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बहन-बेटियों के मान सम्मान को बनाये रखने के लिए उनकी सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर का संचालन कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी महिला एवं बालिका के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वह बे-झिझक इन टोल फ्री नम्बर का उपयोग कर शिकायत कर सकती है। यदि उनको समय से न्याय नही मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। ऐसे प्रकरणों पर निश्चित ही महिला आयोग से समस्या से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा जनसुनवाई की बैठक के दौरान अधिकारी अपने पिछले कार्यों के बारे में अवश्य बताएं एवं लिखित में लेकर आए एवं सरकार की जो भी योजनाएं हैं जनता तक अवश्य पहुंचाई जाए। उक्त अवसर पर सी0ओ0 जसवन्तनगर आयुषी सिंह,जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार,जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पीड़ित महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**बिलग्राम, हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बिलग्राम की मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बीजेआर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में टीम द्वारा छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1930, 181, 108 और 102 की जानकारी देते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के महत्व पर प्रकाश डाला गया। छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस दौरान उप निरीक्षक हेमलता, दीक्षा एवं ऋषभ थाना बिलग्राम मौजूद रहे।

## नारी वंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** महिला शिक्षक संघ इटावा के सौजन्य से नारी वंदन कार्यक्रम का आयोजन सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सदर विधायिका श्रीमती सरिता भदौरिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुलोचना मौर्य प्रदेश अध्यक्ष महिला शिक्षक संघ द्वारा की गई कार्यक्रम की। शुरुआत श्रीमती कुसुम शर्मा के द्वारा बहुत ही सुंदर और भावपूर्ण प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई इसके पश्चात सभी का माला पटका मुकुट आदि के द्वारा स्वागत किया गया। इस शुभ अवसर पर महिला शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी तथा समस्त ब्लाक कार्यकारिणी के साथ-साथ सैकड़ो महिला शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक संघ की गतिविधियों और उपलब्धियां पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए गए तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह महामंत्री अर्चना चौधरी संरक्षिका श्रीमती मंजूलता राजपूत उपाध्यक्ष अर्चना पांडे मीनाक्षी पांडे कोषाध्यक्ष अनामिका पांडे मीडिया प्रभारी श्वेता चंदेल अर्चना बाजपेई सीमा यादव सीमा चौहान शैलजा चौधरी ज्योति सिंह श्रीमती अर्चना निशा मिश्रा सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष सुप्रिया पाठक बसरेहर कुसुम यादव सैफई शिखा पाल नगर क्षेत्र रितु बाला बाडपुरा पूजा वर्मा आरती राजवंश आदि सैकड़ो अध्यापिकाएं उपस्थित रही। महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह ने कहा संघ का उद्देश्य महिला शिक्षा को बढ़ावा देना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है संघ इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।

## डीपीएस की आध्या ने जीता स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** पढ़ाई के साथ-साथ खेल हर बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास में बेहद ही सहायक होता है इसी क्रम में टीएचएस, कानपुर में विगत 1 से 3 मई तक आयोजित हुई उत्तर प्रदेश स्टेट ऑफिशियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप, 2026 में सब जूनियर गर्ल्स अंडर 18 किलोग्राम भार वर्ग के शानदार 4 कड़े मुकाबले जीतकर दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा आध्या कुशवाहा ने अपनी कोच आराधना तिवारी के कुशल निर्देशन में शानदार खेल प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल जीतकर अपने स्कूल और जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। अब आध्या आगामी सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप, 2026 में इटावा का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर डीपीएस के चेयरमैन डॉ विवेक यादव , वाइस चेयरमैन डॉ.प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह, कोच रेहान अजीज ने आध्या कुशवाहा को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए लगातार ऐसे ही अपने विद्यालय और डीपीएस परिवार का नाम रोशन करते रहने के लिए प्रेरित किया।

## जनगणना कार्यक्रम का विधि विधान से 24 बिंदुओं पर प्रश्न कर एसडीएम सदर ने किया शुभारंभ



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** भारत सरकार द्वारा देश की जनगणना कराई जाने का विधिवत कार्यक्रम जारी किया गया है जिसके तहत गुरुवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया के घर की गिनती के साथ उनसे 24 प्रश्न पूछ कर कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव ने किया।श्री राघव ने बताया कि प्रथम चरण में 7 में से कि मैं तक लोगों को स्वयं ऑनलाइन जाकर अपने मकान की जानकारी भरनी है उसके बाद 21 में से घर-घर जाकर मकान की जनगणना का कार्य किया जाएगा।उन्होंने समस्त स्वयंसेवी संगठनों से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण कार्य में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें और सभी का सब प्रतिशत जनगणना में भागीदारी हो इसका प्रयास करें।सदर विधायक सरिताभदोरिया ने लोगों से पोर्टल पर अपने मकान की जानकारी भरने की अपील की है उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है भारत सरकार एक-एक व्यक्ति एक-एक मकान की जनगणना करना चाहती है जिससे कि सरकार वहां बैठे हुए ही एक साथ कोई योजना बनाई तो उसके पास यह डाटा होना चाहिए कि यह योजना जो बन रही है वह किन लोगों तक और कितने लोगों को दी जानी है इसलिए इस महत्वपूर्ण कार्य में सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग ले।

# पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी सख्त



अवधनामा ब्यूरो

- खराब प्रगति पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंकर्स एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं बैंक समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को दिए जाने वाले ऋण वितरण एवं नवीन आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम किस्त में रूपया 15,000, द्वितीय किस्त में रूपया 25,000 तथा तृतीय किस्त में रूपया 50,000 तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। जिलाधिकारी ने लोन डिस्बर्समेंट एवं नवीन आवेदनों की धीमी प्रगति पर संबंधित बैंक अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों पर तत्काल निर्णय लेते हुए अविलंब ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर्स के आवेदन कराए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान नगर पंचायत अनपरा, ओबरा, रेणुकूट एवं रॉबर्ट्सगंज की प्रगति असंतोष जनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अधिक से अधिक आवेदन सुनिश्चित किए जाएं तथा नगर क्षेत्रों के विस्तारित इलाकों में संचालित सभी स्ट्रीट वेंडर्स को योजना से जोड़ते हुए आवेदन कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसकी समीक्षा शासन स्तर पर सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की जाती है। जिले की रैंकिंग आवेदनों एवं ऋण वितरण के अनुपात के आधार पर निर्धारित होती है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम सख्त

- माह के अंत तक सभी रिक्त आशा पद भरने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की सभी पीएचसी में रिक्त आशा पदों की नियुक्ति इस माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण की जाए। उन्होंने आभा आईडी निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आशा एवं आशा संगिनियों के सहयोग से शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए। जसपुरा क्षेत्र में खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए विशेष समीक्षा के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से टेलीमेडिसिन सेवाओं को बेहतर बनाने तथा एम्बुलेंस ट्रांसपोर्टेशन समय में सुधार करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि केवल गंभीर मरीजों को ही रेफर किया जाए, जबकि अन्य मरीजों का इलाज जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए।

आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने गोल्डन कार्ड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रधानों के सहयोग से 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र लोगों के कार्ड शत-प्रतिशत बनाने को कहा।

गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी महिलाओं की चारों एएनसी जांच और समय से पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को समय से भुगतान करने के भी निर्देश दिए गए।

कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत एनआरसी केंद्रों पर अतिकुपोषित बच्चों को भर्ती कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा उन्हें सुपोषित बनाने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

आरबीएसके टीमों को विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में लापरवाही पाए जाने पर बबेरू के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को चेतावनी भी दी गई।

टीकाकरण अभियान की समीक्षा में डीएम ने कहा कि आशा कार्यकर्ता घर-घर सर्वे कर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित करें और सभी बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत कमासिन क्षेत्र में महिला एवं पुरुष नसबंदी की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में चिकित्सकों को नियमित रूप से अस्पतालों में उपस्थित रहने, वीएचएनडी दिवस को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा ई-कवच पोर्टल पर कार्यों में सुधार लाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अजय कुमार पाण्डेय, विजेंद्र कुमार, सुनीता सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 समग्र विकास का सशक्त आधारः मुख्यमंत्री योगी

अवधनामा ब्यूरो



- प्रदेश में डिजिटल जनगणना के प्रथम चरण का शुभारंभ
- 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' अभियान शुरू
- 7 से 21 मई तक नागरिक कर सकेंगे स्वगणना
- पहली बार डिजिटल और जातीय जनगणना साथ-साथ
- वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया में किया गया शामिल
- प्रदेश में 5.47 लाख कार्मिक होंगे तैनात

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार है। आज का युग डेटा आधारित निर्णयों का है और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनगणना यह सुनिश्चित करने का माध्यम है कि विकास की धारा में समाज का अन्तिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके।

मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारम्भ करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' की भावना के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से सम्बन्धित कार्य सम्पादित होंगे। आमजन को 07 मई से 21 मई, 2026 तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके उपरान्त फील्ड कार्य के अन्तर्गत जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इस बार जनगणना में जातीय गणना को भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही पहली बार वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में रियल टाइम डेटा अत्यन्त आवश्यक है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाया गया है। इसके लिए एक विशेष जनगणना पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम एवं वार्ड स्तर तक कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश की वर्तमान अनुमानित जनसंख्या लगभग 25 करोड़ 70 लाख है। जनगणना कार्य प्रदेश के 18 मण्डलों, 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 अन्य नगरीय निकायों, 21 छावनी परिषदों, 57,694 ग्राम पंचायतों तथा लगभग 01 लाख 04 हजार राजस्व ग्रामों में सम्पादित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यापक कार्य के सफल संचालन हेतु प्रदेश में लगभग 5.47 लाख कार्मिकों की तैनाती की जा रही है, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर तथा 12 हजार राज्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 5.35 लाख कार्मिकों को दोनों चरणों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए सक्रिय सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति केवल एक ही स्थान पर अपनी गणना कराए तथा सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराए, ताकि विकास योजनाओं की सटीक एवं प्रभावी रूपरेखा तैयार की जा सके। मुख्यमंत्री ने जनगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

## मिशन रोजगार के तहत 481 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साफ नीयत और स्पष्ट नीति से सकारात्मक परिणाम तेजी से मिलते हैं। उन्होंने 'मिशन रोजगार' के तहत आयुष, व्यावसायिक शिक्षा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के 481 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देकर नया कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया अब पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी हो चुकी है तथा तकनीक और जवाबदेही से इसे मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई, कौशल विकास, आयुष और आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण को युवाओं के रोजगार का बड़ा आधार बताते हुए कहा कि प्रदेश में निवेश और रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ी हैं। उन्होंने नवचयनित अभ्यर्थियों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर वीर जवानों को नमन

- केशव मौर्य ने सेना के शौर्य और साहस को सराहा
- 'नया भारत हर आतंकी साजिश का देगा मुंहतोड़ जवाब'
- भारतीय सेना का पराक्रम देश के लिए गर्व : मौर्य
- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सेना का समर्पण प्रेरणास्रोत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ पर देश के समस्त वीर जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके अदम्य साहस, शौर्य एवं राष्ट्रभक्ति को कोटि-कोटि नमन किया है।

उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि पिछले वर्ष आज ही के दिन मां भारती के वीर सपूतों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही करते हुए सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर पूरी दुनिया को भारत की शक्ति, साहस और अटूट संकल्प का परिचय कराया था। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम, वीरता तथा मातृभूमि के प्रति सर्वोच्च समर्पण का गौरवपूर्ण प्रतीक है। देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए हमारे जवानों का त्याग एवं समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री मा नरेन्द्र मोदी जी के कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में आज नया भारत आतंकवाद के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। भारत अब हर आतंकी साजिश का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है तथा राष्ट्र की सुरक्षा, संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा हेतु हर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश की सेना का पराक्रम और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण सदैव देशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय रहेगा।

# रवीन्द्रालय में मनायी गई गुरुदेव की जयंती

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की 165वीं जयंती चारबाग स्थित रवीन्द्रालय ऑडिटोरियम परिसर में गुरुवार 7 मई को श्रद्धा के साथ मनायी गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. अशोक बाजपेयी, भाजपा वैश्य समाज के नेता सुधीर एस. हलवासिया एवं मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी राजेश सिंह ने गुरुदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों ने संदेश दिया कि गुरुदेव न केवल एक महान भारतीय कवि, लेखक, दार्शनिक, संगीतकार और चित्रकार थे बल्कि वे आधुनिक भारत के सबसे प्रभावशाली सांस्कृतिक चेतना के केन्द्र थे।

## पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा की अंतिम तिथि 10 मई तक बढ़ी

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि छात्रहित में बढ़ा दी गई है। प्रदेश के राजकीय, अनुदानित, पीपीपी मोड, अल्पसंख्यक एवं निजी क्षेत्र की पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा हेतु अब अभ्यर्थी 10 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह द्वारा बताया गया है कि पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित थी, किन्तु अभ्यर्थियों एवं विभिन्न संस्थानों की मांग पर विचार करते हुए आवेदन की तिथि को विस्तारित किया गया है। परिषद ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने में अब केवल तीन दिन शेष हैं, ऐसे में अभ्यर्थी अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपना आवेदन पूर्ण कर लें। आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार की सुविधा भी अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थी 08 मई से 11 मई 2026 तक अपने आवेदन पत्रों में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। प्रदेश के सभी पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश केवल परिषद द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही संभव होगा तथा प्रवेश का अन्य कोई माध्यम मान्य नहीं होगा।

# नाका हिंडोला में डुप्लीकेट जीत बीड़ी बेचने पर छापा

अवधनामा ब्यूरो



- यादव ट्रेडर्स से नकली जीत बीड़ी के 14 पैकेट बरामद
- कॉपीराइट एक्ट के तहत आरोपी पर कार्रवाई
- स्कैन जांच में सभी पैकेट नकली पाए गए
- पुलिस ने माल सील कर कब्जे में लिया
- झंडेवाला चौराहे की दुकान पर हुई छापेमारी

**लखनऊ।** रतनपुर धुलियान डिस्ट्रिक मुर्शिदा बाद वेस्ट बंगल की कम्पनी की तरफ से ऑथराइज्ड किया गया है कि भारत में कही भी किसी भी जगह जीत बीड़ी का डुप्लीकेट सामान बनाया व बेचा जा रहा हो तो उस पर उचित कानूनी कार्यवाही की जाये। 6 मई, 2026 समय 13.35 बजे थाना नाका हिंडोला लखनऊ से पुलिस बल को साथ लेकर जिसमे अधिकारी उ.नि. कुलदीप सिंह उ.नि. अजीत राय उ.नि. अमजद अली म.30 नि. स्वाती चौधरी के साथ मैं व मेरे साथी सुरेश राठी पुत्र स्वः रामनारायण पता म.न. 12 फेस 2 अमर कालोनी, कमरूद्दीन नगर नागलोई ई दिल्ली के साथ झंडेवाला चौराहा के पास स्थित दुकान यादव ट्रेडर्स के नाम की दुकान पर छापामार कार्यवाही की गई दुकान पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम आनन्द यादव पुत्र हरीराम यादव नि. 136/94/15 झंडेवाला चौराहा थाना नाका हिन्डोला उम्र 26 वर्ष मो. 9621307663 ल.उ.प्र. का रहने वाला बताया इसके पश्चात उससे जीत बीडी के बाबत पूंछा गया तो उसने कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया उसके उपरान्त दुकान की छान-बीन करने पर जीत बीड़ी के डुप्लीकेट 14 पैकेट बरामद किये गये जिसे मेरे द्वारा SURE ASSURE APP से QR CODE को स्कैन कर चेक किया गया तो सभी 14 पैकेट डुप्लीकेट पाये गये। दुकान मालिक आनन्द यादव के समक्ष मौके पर सभी डुप्लीकेट जीत बीड़ी के पैकेटों को एक बोरी में रखकर दुकान पर शील सर्व मोहर कर माल को अपने कब्जे में लेकर थाना नाका हिंडोला लेकर आये। उपरोक्त जीत बीड़ी की हूबहू कापी किया गया डुप्लीकेट सामान को बेचना कापीराइट 1957 की धारा 63/64 का अपराध है बरामदगी की यथासम्भव वीडियो बनायी गयी। अतः महोदय से निवेदन है कि उपरोक्त के खिलाफ उचित कानूनी कार्वाही की जाये।

## सड़क हादसे में वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत

**लखनऊ।** गुरुवार शाम करीब 7:00 बजे मोहिद्दीनपुर के पास आउटर रिंग रोड पर एक हृदय विदारक दुर्घटना घटित हुई। मोहिद्दीनपुर निवासी मुन्नी देवी, पत्नी स्वर्गीय महादेव, जिनकी आयु लगभग 75 वर्ष थी, पैदल सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद मृतिका के परिजन शव को अपने घर ले आए थे और शुरुआत में उन्होंने शव का पोस्टमार्टम कराने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस बल और प्रशासन के समझाने के बाद परिजन वैधानिक प्रक्रिया के लिए तैयार हो गए। इसके पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा भरने की प्रक्रिया पूरी की और अब शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी भेज दिया गया है। वर्तमान में घटनास्थल और गांव में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। कानून व्यवस्था को लेकर कोई प्रतिकूल स्थिति नहीं है और आउटर रिंग रोड पर यातायात सामान्य रूप से सुचारू है। पुलिस अब उस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है जिसने इस घटना को अंजाम दिया। कानून के तहत अब इस मामले में अपराध करने वाले के विरुद्ध उचित कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

# मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

- बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित
- मेधावी छात्रों को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर किया गया प्रोत्साहित
- स्वर्गीय रंजीत सिंह की स्मृति में आयोजित हुआ भव्य सम्मान समारोह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी स्थित बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में गुरुवार को सत्र 2025-26 के कक्षा 10 और 12 के उत्तीर्ण मेधावी छात्रों के लिए 'स्वर्गीय रंजीत सिंह मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता हासिल की है।

समारोह की मुख्य अतिथि और विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा रंजीता सिंह ने पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रंजीत सिंह की स्मृति में मेधावी छात्रों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में माला पहनाकर, नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। कक्षा 10 में 83.83% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभय गौतम को 5000 रुपये, 80.17% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे हर्षित को 4000 रुपये और 80% अंकों के साथ तृतीय स्थान पाने वाले अभिषेक को 2000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

कक्षा 12 के विभिन्न विभागों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। व्यावसायिक वर्ग में हिमांशु (83.40%), कला वर्ग में विशेष कुमार (78.20%) और विज्ञान वर्ग में करन प्रजापति (78%) ने अपने-अपने विभागों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें अध्यक्षा रंजीता सिंह द्वारा 5000-5000 रुपये का नकद पुरस्कार भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त, शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से प्रबंध समिति ने कक्षा 10 के 18 अन्य छात्रों को 500 रुपये और कक्षा 12 के 30 छात्रों को 300 रुपये प्रति छात्र के मान से प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रंजीता सिंह ने छात्रों को भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक योग्य नागरिक बनने और देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर के सिंह ने प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त करते हुए सभी अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में पूर्व प्रबंधक सर्वजीत सिंह, वर्तमान प्रबंधक अंकित सिंह और समस्त विद्यालय परिवार गरिमामयी रूप से उपस्थित रहा।

# 20 मई तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

- 20 नवंबर 2026 तक परियोजनाएं पूरी करने की समयसीमा
- पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार
- 'फाइल लटकाने-भटकाने की संस्कृति छोड़ें' : जयवीर



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये हैं कि स्वीकृत परियोजनाओं की टेंडर प्रक्रिया पूरा करते हुए 20 मई, 2026 तक स्वीकृत पत्र जारी करें। इसके अलावा चुनावी वर्ष को देखते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं को 20 नवम्बर, 2026 तक हरहाल में पूरा करे। उन्होंने कुछ प्रकरणों में नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि फाइलों को लटकाने और भटकाने की संस्कृति छोड़नी पड़ेगी। जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

जयवीर सिंह आज यहां पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुमराह करने की आदत छोड़े तथा अपनी जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं को 20 नवम्बर, 2026 तक पूरा करते हुए लोकार्पण के लिए तैयार करे, ताकि समय से इन परियोजनाओं को आम जनता को समर्पित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि नवम्बर तक परिणाम धरातल पर दिखना चाहिए।

जयवीर सिंह ने समीक्षा के दौरान कुछ जनपदों से निर्माण कार्य संबंधी प्रगति की गलत जानकारी देने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि काम में तेजी लाई जाए और समय-समय पर मुख्यालय से अधिकारियों की टीम फोटोग्राफर सहित स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करेगी। यह टीम मौके पर जाकर कार्य की प्रगति का भौतिक सत्यापन करेगी और गुणवत्ता, प्रभावी समीक्षा एवं समन्वय करके परियोजनाओं को गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी पत्राचार-पत्राचार का खेल न खेले। जमीन पर उनकी बदली कार्यशैली का परिणाम दिखाई देना चाहिए।

पर्यटन मंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी एवं वृहद परियोजनाओं को समय से पूरा करना सुनिश्चित करें। परियोजनाओं में विलम्ब होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था तथा अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु पीआरवी वाहन रवाना

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ मलखान सिंह ने जनपद न्यायालय परिसर, लखनऊ से पीआरवी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ मलखान सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन को सुलभ, त्वरित एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराने की अपील की। प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया पीआरवी वाहन लखनऊ जनपद की समस्त तहसीलों, ब्लॉकों एवं दूरदराज क्षेत्रों में जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में लोगों को जागरूक करेगा।

# केरल से असम तक चला सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का जादू

- ऑब्जर्वर के रूप में कांग्रेस की जीत में निभाई भूमिका

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों में कांग्रेस पार्टी की सफलता के पीछे जिन नेताओं की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। केरल से लेकर असम और बंगाल तक उनके चुनाव प्रचार ने कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक फायदा पहुंचाया है।

कांग्रेस नेतृत्व ने इमरान प्रतापगढ़ी को केरल का सीनियर ऑब्जर्वर बनाकर भेजा था। उन्होंने वहां लंबा समय बिताते हुए लगातार जनसभाएं और रैलियां कीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने कांग्रेस और ढ्ढरू प्रत्याशियों के समर्थन में 26 सीटों पर प्रचार किया और सभी सीटों पर गठबंधन को जीत हासिल हुई। इनमें एक ऐसी सीट भी शामिल रही, जहां पिछले 59 वर्षों से कांग्रेस जीत दर्ज नहीं कर पाई थी। इस बार कांग्रेस ने वामपंथी दलों के मजबूत गढ़ को भी ध्वस्त कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इमरान प्रतापगढ़ी ने मुस्लिम समाज के बीच मजबूत पकड़ बनाकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल तैयार किया। उनके भाषणों और जनसंपर्क अभियानों का सीधा असर चुनाव परिणामों में देखने को मिला। असम में भी कांग्रेस ने उन्हें विशेष जिम्मेदारी सौंपी। उस समय बदरुद्दीन अजमल और असदुद्दीन ओवैसी की सक्रियता को देखते हुए मुकाबला चुनौतीपूर्ण माना जा रहा था। कांग्रेस ने रणनीति के तहत इमरान प्रतापगढ़ी को असम भेजा, जहां उन्होंने उन नौ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार किया जिन्हें विपक्षी दलों ने अपना मजबूत क्षेत्र माना था। चुनाव परिणाम आने पर अधिकांश सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों को जीत मिली। इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी कांग्रेस ने अपना खाता खोलने में सफलता हासिल की। फरक्का सीट, जहां इमरान प्रतापगढ़ी ने बड़ी जनसभा की थी, कांग्रेस के खाते में जाने के बाद उनके प्रचार अभियान की चर्चा और तेज हो गई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार इस चुनाव में गांधी परिवार और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा जिन नेताओं की सबसे अधिक मांग रही उनमें इमरान प्रतापगढ़ी का नाम सबसे प्रमुख रहा।

# कायरा कुमार को 81,200 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा कायरा कुमार ने शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं ज्ञान-विज्ञान के दम पर दुबई की यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम से 81,200 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कायरा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रा कायरा कुमार ने अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। खास बात यह है कि कायरा कुमार को इंग्लैण्ड के चार और विश्वविद्यालयों ने भी उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है, जिनमें यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स, यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल एवं यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ शामिल है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में

# स्मार्ट मीटरों की विश्वसनीयता पर उठे सवाल

अवधनामा ब्यूरो

- 5% चेक मीटरों की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग
- उपभोक्ता परिषद ने पावर कॉरपोरेशन को घेरा
- प्रदेश में 5 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए गए
- चेक मीटर मिलान रिपोर्ट अब तक नहीं हुई जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में लगभग 5 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। इन मीटरों के समानांतर उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को 'चेक मीटर' के रूप में छोड़े जाने का दावा पावर कॉरपोरेशन द्वारा लगातार किया जाता रहा है, लेकिन भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार 5% चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद लगातार भारत सरकार, रुरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन विद्युत नियामक आयोग से यह मांग करता आ रहा है कि चेक मीटरों की वास्तविक मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटरों की विश्वसनीयता स्थापित हो सके।

हालांकि समय-समय पर किसी एक-दो डिवीजन में कुछ उपभोक्ताओं के मामलों को सोशल मीडिया अथवा ट्विटर के माध्यम से यह कहकर प्रचारित किया गया कि चेक मीटर और स्मार्ट मीटर की रीडिंग सही चल रही है, लेकिन इस प्रकार के सीमित उदाहरण पूरे प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान नहीं कर सकते। यदि समय रहते सभी 5% चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई होती, तो आज स्मार्ट मीटरों की विश्वसनीयता पर इतना बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा नहीं होता। इसी बीच उपभोक्ता परिषद की आज का पर स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी नोटिस के जवाब की समय सीमा का आज अंतिम दिन है। जानकारी के अनुसार पावर कॉरपोरेशन सुबह से ही अपना लिखित जवाब तैयार करने तथा प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त करने संबंधी आदेश पर कार्य करने में जुटा रहा। देर रात तक लिखित आदेश जारी होने की संभावना जताई जा रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन और बिजली कंपनियों द्वारा स्मार्ट मीटरों को लेकर दर्जनों प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई, लेकिन हर बार मीडिया और उपभोक्ताओं द्वारा उठाए गए सबसे महत्वपूर्ण सवाल – 'चेक मीटर की मिलान रिपोर्ट कहाँ है?' – का स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया। हमेशा यही कहा गया कि मिलान सही है।

उन्होंने कहा कि जब भारत सरकार ने देशभर में स्मार्ट मीटर परियोजना लागू की थी, तब उपभोक्ता परिषद ने लंबी लड़ाई लड़कर यह सुनिश्चित कराया था कि पुराने मीटरों को चेक मीटर के रूप में बनाए रखा जाए, ताकि उपभोक्ताओं का भरोसा कायम रह सके। भारत सरकार ने भी यह माना था कि जब तक उपभोक्ताओं का विश्वास नहीं बनेगा, तब तक स्मार्ट मीटर परियोजना सफल नहीं हो सकती।